

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, सहेजना होगा वर्षा का कीमती जल व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com


लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष तृतीया विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 4, अंक 112, पृष्ठ 14+4, मूल्य: 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

हल्द्वानी, रविवार, 9 जून 2024




बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी 49 वर्ष की हुईं...14

**आज का मौसम** 45.0° अधिकतम तापमान | 31.0° न्यूनतम तापमान | आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 05 : 15 | सूर्यास्त 19 : 01

# मंत्री वीआईपी कल्चर छोड़ फील्ड में उतरें, जनता की सुनें : मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- जनता के लिए है सरकार, उनकी समस्याएं सख्ती से निपटाएं
- लोकसभा चुनाव में निराशाजनक परिणामों के बाद सीएम की दो टूक

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश से आए निराशाजनक परिणामों के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को अपने मंत्रियों के साथ बैठक की। लोकभवन में हुई बैठक में मुख्यमंत्री ने जहां पार्टी के कमजोर प्रदर्शन के कारणों का फीडबैक लिया वहीं मंत्रियों को वीआईपी कल्चर छोड़कर फील्ड में उतरकर आमजन से संवाद रखने और उनकी समस्याएं निपटाने की सख्त हिदायत दी। मंत्रिपरिषद की इस बैठक में दोनों उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और केशव प्रसाद मौर्य मौजूद नहीं थे। दोनों ही दिल्ली दौरे पर है।



लखनऊ में बैठक लेते मुख्यमंत्री योगी।

बैठक में मुख्यमंत्री ने चुनाव बाद नये सिरे से जनहित के काम में जुट जाने को उत्साहित करते हुए मंत्रियों को संवाद, समन्वय और संवेदनशीलता का मंत्र देकर जनता के बीच जाने को कहा। उन्होंने कहा है कि सरकार जनता के लिए हैं, हमारे लिए जनहित सर्वोपरि है, ऐसे में समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की समस्याओं, अपेक्षाओं और आवश्यकताओं का समाधान होना ही चाहिए। जहां भी समस्या हो, मुख्यमंत्री कार्यालय को अवगत कराएं।

# देश को मिले 355 जांबाज अफसर



भारतीय सैन्य अकादमी के ऐतिहासिक चेटवुड भवन के ठीक सामने जश्न मनाते कैडेट्स। ● एजेंसी

ब्यूरो, देहरादून

- आईएमए की पासिंग आउट परेड में प्रवीण सिंह को स्वॉर्ड ऑफ ऑनर

**अमृत विचार :** देहरादून स्थित भारतीय सैन्य अकादमी के इतिहास में शनिवार को एक और गौरवमयी पल जुड़ गया। 355 नौजवान युवा कैडेट्स भारतीय सेना में बतौर अफसर शामिल हो गए। अकादमी से 394 जेंटलमैन कैडेट्स पास आउट हुए, इसमें मित्र देशों के भी 39 जेंटलमैन कैडेट सैन्य अफसर बन गए। पासिंग आउट परेड में प्रवीण सिंह को स्वॉर्ड ऑफ ऑनर मिला। परेड के बाद जेंटलमैन कैडेट ने जब परिजनों के हाथों से बैज पहने तो उनकी खुशी देखने लायक थी।

इस बार रिव्यूइंग अफसर के रूप में उत्तरी कमांड के जीओसी लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिंद्र कुमार पहुंचे थे जिन्होंने परेड की सलामी ली। उन्होंने युवा अफसरों को हर चुनौती से निपटने के लिए तैयार रहने का संदेश दिया। इस दौरान सेना के हेलीकॉप्टरों ने सेना में इन जांबाज अफसरों का स्वागत करते हुए आसमान से पुष्प वर्षा की। पीओपी सेरेमनी में भारतीय सैन्य अकादमी के कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल संदीप जैन और डिप्टी कमांडेंट मेजर जनरल आलोक नरेश भी उपस्थित रहे। आईएमए में 154वां नियमित और 137वां तकनीकी ग्रेजुएट कोर्स संपन्न हुआ।



पढ़ते रहिये... अमृत विचार मानसून ऑफर ₹5/- प्रतिदिन


# मोदी का राजतिलक आज


## शपथ ग्रहण समारोह में सात देशों के राष्ट्राध्यक्ष व आठ हजार अतिथि होंगे शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री पद के लिए नरेंद्र मोदी का रविवार को तीसरी बार राजतिलक होगा। वह राष्ट्रपति भवन में अपने मंत्रिपरिषद में शामिल किए जाने वाले सदस्यों के साथ शपथ लेंगे। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू शाम 7.15 बजे राष्ट्रपति भवन प्रांगण में शपथ दिलाएंगी।

प्रधानमंत्री पद की शपथ लेकर मोदी देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू का रिकार्ड दोहराएंगे। समारोह में कई पड़ोसी देशों के शासनाध्यक्षों और राष्ट्राध्यक्षों के और देश के विभिन्न क्षेत्रों के लब्ध प्रतिष्ठित व्यक्तियों के साथ कुल आठ हजार आमंत्रित लोग शामिल होंगे। समारोह के मंच और अतिथियों के लिए बैठने के मंच की साज सज्जा के बारे में राष्ट्रपति भवन की ओर से शनिवार को एक वीडियो जारी किया गया। इस बीच, दिल्ली पुलिस ने कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम उठाए हैं। राष्ट्रपति भवन की सुरक्षा के लिये अर्धसैनिक बलों की पांच कंपनियां तैनात की जा रही हैं।

### सजा राष्ट्रपति भवन



शपथ ग्रहण में शामिल होने के लिए बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना शनिवार दोपहर नई दिल्ली पहुंचीं। समारोह में श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू और नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल, मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ, भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे और सेशेल्स के उपराष्ट्रपति अहमद अफीक भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए भारत पहुंचेंगे।

### मंत्रिपरिषद में 40 चेहरे, 20 नए, बाकी पुराने



- अनुभव एवं नवीनता का मिश्रण होगी मोदी की तीसरी मंत्रिपरिषद

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तीसरी मंत्रिपरिषद में करीब 40 सदस्यों को शामिल किया गया है ।जिनमें गठबंधन के सहयोगी दलों के 20 लोग शामिल किए गए हैं। वहीं, महत्वपूर्ण मंत्रालयों में पुराने अनुभवी चेहरे सरकार के संचालन की रफ्तार को सुचारु रूप से बढ़ाएंगे। सूत्रों के अनुसार राजग के सबसे बड़े घटक तेलुगू देशम पार्टी को मंत्रिमंडल में तीन स्थान एवं जनता दल यूनाइटेड को दो स्थान मिल सकते हैं। बाकी दलों को एक-एक स्थान दिये जाने की चर्चा है। ऐसी स्थिति में अनुभव एवं नवीनता दोनों का सामन्जस्य मोदी के मंत्रिमंडल में दिखायी देने की संभावना है। भाजपा के नये चेहरों में मध्य प्रदेश, केरल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक के कुछ पुराने अनुभवी चेहरे भी होंगे। गृह, रक्षा, वित्त, विदेश, रेलवे, सड़क परिवहन, सूचना एवं प्रसारण, नागरिक उड्डयन जैसे मंत्रालय भारतीय जनता पार्टी के पुराने बड़े चेहरों के पास ही रहने की संभावना है, जबकि सूचना प्रौद्योगिकी, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिकता, कृषि, ग्रामीण विकास, भारी उद्योग, उद्योग एवं वाणिज्य आदि में भाजपा एवं सहयोगी दलों के नये चेहरे दिखेंगे। यह भी संभव है कि बड़े मंत्रालयों में पुराने कैबिनेट मंत्रियों के साथ सहयोगी दलों के राज्य मंत्री भी दिखायी दें।

### पहली महिला लोकों पायलट समेत 10 सदस्य होंगे शामिल

शपथ ग्रहण समारोह में पहली लोको पायलट सुरेखा यादव समेत दल के 10 लोको पायलटों को नई दिल्ली में आमंत्रित किया गया है। वह सोलापुर और मुंबई में सीएसएमटी के बीच चलने वाली सेमी-हाई स्पीड वंदे भारत एक्सप्रेस की पहली महिला लोको पायलट हैं।

## एक नजर

### न्यायमूर्ति अरविंद सिंह चंदेल बने पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश

**पटना।** न्यायमूर्ति अरविंद सिंह चंदेल ने शनिवार को पटना उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने यहां राजभवन में आयोजित एक समारोह के दौरान उन्हें शपथ दिलाई। इस मौके पर कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

### एसआईटी प्रज्वल को जांच के लिए घर लेकर पहुंची

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सेक्स वीडियो कांड में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में एसआईटी मुख्य आरोपी व पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना को हासन जिले के होलेनरासीपुर स्थित उनके आवास पर मौका मुआयना के लिए लेकर पहुंची। जनतादल-एस के पूर्व सांसद और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल को विवेक बनाए रखने के लिए फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) के अधिकारियों के साथ क्यूआरटी वाहन में उनके घर ले जाया गया।

# सपा संसदीय दल के नेता होंगे अखिलेश यादव

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव पार्टी संसदीय दल के नेता होंगे। यह प्रस्ताव दिल्ली में होने वाली अगली बैठक में लाया जाएगा, औपचारिक घोषणा की जाएगी। यह जानकारी शनिवार को नवनिर्वाचित लोकसभा सदस्यों की बैठक के बाद पार्टी के मुख्य प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने दी।



- दिल्ली में होगी औपचारिक घोषणा

पार्टी कार्यालय में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की अध्यक्षता में संपन्न बैठक की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि चुने सांसदों को बधाई देने के साथ ही पार्टी की नीतियों से अवगत कराया गया है। बड़े पैमाने पर जनता का समर्थन मिलने से पार्टी की जिम्मेदारी बहुत बढ़ गई है। जनता की समस्याओं को उठाना, उनके हित में अपनी बात रखने को समाजवादियों का संघर्ष लोकसभा में जारी रहेगा। उन्होंने कहा, सकारात्मक राजनीति का दौर शुरू हुआ है, जनता के मुद्दों की जीत हुई है।

# राहुल गांधी बन सकते हैं विपक्ष के नेता

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस कार्य समिति ने पार्टी नेता राहुल गांधी को सर्वसम्मति से लोकसभा में विपक्ष का नेता बनाने का प्रस्ताव पारित किया और कहा कि गांधी ही लोकसभा में पार्टी के मुद्दों को प्रभावी तरीके से उठा सकते हैं। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल व पार्टी के संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने समिति की बैठक के बाद यह जानकारी दी।

वेणुगोपाल ने कहा कि कार्य समिति ने सर्वसम्मति से राहुल गांधी से लोकसभा में विपक्ष के नेता का पद संभालने का अनुरोध किया गया है, जिस पर उन्होंने कहा है कि वह कार्यसमति के निर्णय पर बहुत जल्द फैसला लेंगे। यह पूछे जाने पर कि गांधी रायबरेली या वायनाड में से अपने पास कौर सी सीट रखेंगे उन्होंने कहा कि इस बारे में तीन-चार दिन में फैसला लिया जाएगा। चर्चा हैकि वह वायनाड की सीट को छोड़ सकते हैं। जद-यू अध्यक्ष तथा बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को इंडिया समूह की तरफ से प्रधानमंत्री बनाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि इस बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है।



बैठक के लिए जाते राहुल और सोनिया।

### सोनिया फिर बनी कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख

**नई दिल्ली।** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को शनिवार को एक बार फिर से पार्टी संसदीय दल (सीपीपी) का प्रमुख चुना गया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर करारा प्रहार किया और कहा कि लोकसभा चुनाव में मोदी की राजनीतिक और नैतिक हार हुई है तथा उन्होंने नेतृत्व करने का अधिकार खो दिया है। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि संविधान सदन (पुराने संसद भवन) के केंद्रीय कक्ष में हुई कांग्रेस संसदीय दल की बैठक में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोनिया गांधी को सीपीपी प्रमुख नियुक्त करने का प्रस्ताव पेश किया, जिसका पार्टी के तीन सांसदों ने अनुमोदन किया।

# पत्नी-बेटी सहित सीओ सिटी पर केस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पुलिस अधीक्षक ने आरोपी को सीओ सिटी पद से हटाया
- एससी-एसटी एक्ट के अंतर्गत दर्ज हुआ मारपीट का मुकदमा

**अमृत विचारः** बस्ती जिले में तैनात सीओ सिटी की महिला मित्र ने उन पर, उनकी पत्नी व बेटी के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट के साथ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उधर, सीओ सिटी को लेकर जिले एवं पुलिस विभाग में चर्चा को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने शनिवार दोपहर आरोपी सीओ को पद से हटाकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अटैच कर दिया। सीओ रुदौली को अब सीओ सिटी बनाया है।

महिला डाक्टर ने सीओ विनय सिंह चौहान पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह राजस्थान स्वास्थ्य विभाग में राज्य नियंत्रण अधिकारी के रूप में तैनात हैं। उसके पति राजस्थान के एक नगर निगम में तैनात हैं। सीओ विनय सिंह चौहान से उनका पांच वर्ष पुराना रिश्ता है। उनकी लगातार मुलाकातें होती रहती हैं। महिला डाक्टर ने दी गई तहरीर में बताया कि 26 मई 2024 को वह राजस्थान से बस्ती सीओ विनय सिंह से मिलने सरकारी आवास पहुंची थी। तभी अचानक विनय सिंह की पत्नी और बेटी पहुंची और उसे पीटने लगी। इसके बाद महिला कांस्टेबल को बुलवाकर भी मुझे पीटा गया। उस समय विनय सिंह ने मुझे गिरफ्तार भी कराया। घटना के बाद मैंने मौखिक रूप से एसएचओ महिला थाना और बस्ती के एएसपी को पूरी बात बताई। इस दौरान एएसपी बस्ती ने घटना के लिए मुझे सोच-समझकर जवाब देने को कहा। महिला डाक्टर ने बताया कि विनय ने मुझे छोड़कर अपने परिवार का साथ दिया।

विनय ने कहा कि तुम मर जाओ, मैं अपने परिवार का साथ नहीं छोड़ुंगा। जबकि सीओ मेरे साथ पांच साल से जुड़े हैं और कई बार विवाह से जुड़ी बातें भी हो चुकी हैं। पीड़ित महिला की तहरीर पर महिला थाना पुलिस ने आरोपी सीओ, उनकी पत्नी व बेटी के खिलाफ धारा 342, 323, 341, 504, 34 के अलावा एससी-एसटी एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज किया है।

# बाहर से हटा, गुरुद्वारे में लगाया भिंडरावाला का पोस्टर

संवाददाता, पूरनपुर (पीलीभीत)

- तहसीलदार ने गुरुद्वारे पहुंचकर कमेटी से वार्ता की तो फिर हटाया

**अमृत विचारः** गुरुद्वारा में भिंडरा वाला के पोस्टर को लेकर प्रशासन के साथ आंख-मिचौली थमने का नाम नहीं ले रही। शुक्रवार को गुरुद्वारा के बाहर से हटाए जाने के बाद पोस्टर गुरुद्वारा परिसर के अंदर लगा दिया गया। तहसीलदार मौके पर पहुंचे और कमेटी से वार्ता की। इसके बाद पोस्टर हटा दिया गया।

पूरनपुर-खुटार रोड पर स्थित रूरिया गुरुद्वारा के बाहर जरनैल सिंह भिंडरावाला का पोस्टर लगा था। पुलिस ने पोस्टर हटाने को कहा था। निर्धारित समय में पोस्टर न हटाए जाने पर गुरुद्वारा के प्रधान सहित तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। बुधवार रात अज्ञात लोगों ने पोस्टर हटा दिया। इससे आक्रोशित सिख समाज के लोगों ने शुक्रवार को भिंडरावाला का दूसरा पोस्टर लगा दिया था। देर शाम पहुंचे एसडीएम राजेश कुमार शुक्ला ने कमेटी से बातचीत की। उसके बाद पोस्टर हटा दिया गया। इसके बाद कमेटी ने पोस्टर को गुरुद्वारे के अंदर लगा दिया। शनिवार शाम तहसीलदार वीरेंद्र कुमार गुरुद्वारा पहुंचे। उन्होंने कमेटी से बात की। सहमति के बाद अंदर से भी पोस्टर हटा दिया गया।

# सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ने लाइसेंसी रिवाल्वर से गोली मारकर की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



- लोकसभा चुनाव से पहले ही प्रदेश नेतृत्व ने पद से हटाया था

**अमृत विचार :** सपा के पूर्व प्रदेश सचिव एवं पूर्व जिलाध्यक्ष डीपी यादव ने शनिवार सुबह खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। घटना शनिवार को मझोला थाना क्षेत्र में बुद्धि विहार में उनके आवास पर हुई। उनका शव आवास के निचले तल पर बने कमरे में मिला है। पार्टी के नेता व कार्यकर्ता अवाक हैं। घटना सुबह सवा आठ से 8.30 बजे के बीच की बताई जा रही है।

एसएसपी हेमराज मीना ने बताया कि सुबह करीब 9.30 बजे थाना प्रभारी मझोला को सूचना मिली कि सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष डीपी यादव (धर्मपाल यादव) ने लाइसेंसी रिवाल्वर से आत्महत्या कर ली है। सूचना पर थानाध्यक्ष कमलेश कांत वर्मा, एसपी क्राइम सुभाष चंद्र गंगवार व सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर पहुंचे। प्रारंभिक जांच में पाया गया कि मकान के ग्राउंड फ्लोर पर स्टोर रूम में पूर्व जिलाध्यक्ष ने दाएं हाथ से दाईं कनपटी पर गोली मारकर खुदकुशी की है। फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्रित किए हैं। पुलिस टीम ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी खंगाली है। पूर्व जिलाध्यक्ष ने गोली मारकर आत्महत्या क्यों की, इसका कोई स्पष्ट कारण अभी सामने नहीं आया है। घटनास्थल पर जांच में कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला है। वह अभी लोकसभा चुनाव के दौरान जिलाध्यक्ष पद से हटाए गए थे। डीपी यादव के पास तीन शस्त्र लाइसेंस हैं। इसमें एक शस्त्र इनकी पत्नी के नाम पर था, जो इन्हीं के पास था। दो अन्य शस्त्र चुनाव आचार संहिता के कारण जमा थे। बताया गया कि वह डिप्रेशन में थे। फिजिकल भी दिक्कत थी। दिल्ली में साइकोलॉजिस्ट से इलाज चल रहा था।

**मुख्यमंत्री ने कठोर कानून यथाशीघ्र लाए जाने के दिए संकेत**

# साल्वर गैंग, पेपर लीक के लिए होगा कठोर कानून

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योगी ने रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया तेज करने को चयन आयोगों के अध्यक्षों के साथ की बैठक

**अमृत विचारः** पेपर लीक अथवा साल्वर गैंग जैसी अराजक गतिविधियों पर अंकुश लगाए जाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कठोर कानून यथाशीघ्र लाए जाने के संकेत दिए हैं। उन्होंने कहा है कि इस तरह के अपराध में संलिप्त हर अपराधी के खिलाफ ऐसी कठोरतम कार्रवाई की जाए, जो नजीर बने। उन्होंने कहा कि चयन आयोगों को परीक्षा से पूर्व, परीक्षा के दौरान और परीक्षा के बाद शासन स्तर के शीर्ष अधिकारियों तथा एसटीएफ के संपर्क में रहना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने शनिवार को लोकभवन में कैबिनेट की बैठक के बाद विभिन्न विभागों में रिक्त पदों पर चयन प्रक्रिया तेज करने के लिए शनिवार को शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में विभिन्न चयन आयोगों के अध्यक्षों के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री ने इस दौरान चयन प्रक्रियाओं में व्यापक सुधार पर जोर दिया, साथ ही चयन प्रक्रिया की समयबद्धता तय करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि पेपर सेट करने की प्रक्रिया, उनकी छपाई से लेकर परिणाम तैयार करने सहित पूरी व्यवस्था में व्यापक सुधार की आवश्यकता है। अलग-अलग कार्यों के लिए अलग-अलग एजेंसियों को उनका भलीभांति रिकॉर्ड जांच करने के बाद दायित्व दें। हर पाली में दो या अधिक पेपर सेट जरूर होने चाहिए। हर सेट के प्रश्नपत्र की छपाई भी अलग-अलग एजेंसी का माध्यम से करायी जानी चाहिए। तलाशी लेने के लिए महिला कर्मियों की तैनाती जरूर हो। योगी ने चयन आयोगों से उम्मीद जतायी कि वे भर्ती परीक्षाओं के लिए कैलेंडर समय से जारी करें।

### शहरी क्षेत्र में ही हों परीक्षा केन्द्र

योगी के अनुसार तमाम पदों के लिए शैक्षिक अर्हता निर्धारण में समकक्ष योग्यता के संबंध में विसंगतियों की सूचना मिली है। ऐसे प्रकरणों का समाधान कर आयोग को सही जानकारी दी जाए। चयन परीक्षाओं के केन्द्र के लिए राजकीय माध्यमिक, डिग्री कॉलेज, विश्वविद्यालय, पॉलिटेक्निक, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज अथवा साफ-सुथरे ट्रैक रिकॉर्ड वाले शैक्षिक संस्थान ही सेंटर बनाए जाएं। सीसीटीवी से लैस सभी परीक्षा केंद्र शहरी क्षेत्र में ही हों और इसे तय करते वक्त महिलाओं और दिव्यांगों की सुविधा का ध्यान रखा जाए।

# दुनिया के वैज्ञानिकों को ब्रह्मांड में बड़े धमाके का इंतजार

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** ब्रह्मांड में एक भयानक नोवा विस्फोट होने जा रहा है। यह विस्फोट पृथ्वी से देखा जा सकेगा। दुनियाभर के वैज्ञानिकों को इस धमाके का इंतजार है। हमसे तीन हजार प्रकाश वर्ष की दूरी पर यह धमाका होगा।

इस दुर्लभ खगोलीय घटना की खबर अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने जारी की है। कभी भी यह धमाका हो सकता है। इसकी निश्चित तिथि अभी तय नहीं है। मगर वैज्ञानिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। जिस कारण वैश्विक खगोलविद इस दुर्लभ नोवा विस्फोट का इंतजार कर रहे हैं। साथ ही पेशेवर और शौकिया खगोलविद की नजरें रात के आकाश में गहरे एक छोटे तारामंडल पर केंद्रित हैं। यह कोरोना बोरेलिस के उत्तरी क्राउन के सात सितारों के बीच एक अंधेरा स्थान है, जहां नोवा विस्फोट की यह घटना होगी। विस्फोट की चमक इतनी उज्ज्वल कि यह पृथ्वी पर नग्न आंखों से दिखाई देगी। नासा के वैज्ञानिकों के अनुसार इस तरह आकाशीय घटना जीवन में एक बार देखने को मिलती है। यह विस्फोट युवा वैज्ञानिकों के लिए ब्रह्मांड में होने वाली घटनाओं के शोध के लिए पुख्ता सबूत दे जाएगी। नासा ने इस घटना के वैज्ञानिक कारण को लेकर विस्तृत जानकारी प्रदान की है। वैज्ञानिक रिबका हौन्सेल नासा के गोडार्ड स्पेस फ्लाइट सेंटर में नोवा घटनाओं में विशेषज्ञता रखने वाली वैज्ञानिक हैं। उनका कहना है कि अगली पीढ़ियों के वैज्ञानिकों के लिए यह घटना एक नई ऊर्जा के समान होगी।



अंतरिक्ष में नोवा विस्फोट की काल्पनिक तस्वीर।

- पृथ्वी से नजर आएगा दुर्लभ नोवा विस्फोट, तीन हजार प्रकाश वर्ष की दूरी पर होगा धमाका

### सुपरनोवा से अलग है नोवा विस्फोट की घटना

किसी तारे के अंत मे होने वाली घटना सुपरनोवा कहलाती है, लेकिन नोवा इससे अलग घटना होती है, जो तारे के बौना बन जाने के बाद भीतर की ऊर्जा विस्फोट के सात बाहर फेक देता है। नोवा विस्फोट कई बार होते रहता है। विस्फोट की घटना हजारों साल तक चलते रहती है, जो बहुत छोटे चक्रों के साथ लगभग सौ वर्ष में एक बार होती है।

## एक नजर

### गोल्फ प्रतियोगिता में 68 गोल्फरों ने आजमाए हाथ

**नैनीताल, अमृत विचार :** राजभवन नैनीताल गोल्फ क्लब की ओर से आयोजित 19वें गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट के दूसरे दिन शनिवार को 68 गोल्फर ने अपने-अपने वर्ग के मैच खेले। जिनमें 10 महिला खिलाड़ी, 5 जूनियर गोल्फर एवं 53 अन्य गोल्फरों ने अपने हाथ आजमाए। गोल्फ कोर्स में देश के विभिन्न हिस्सों से आये गोल्फर टूर्नामेंट में प्रतिभाग करने के साथ ही यहां के प्राकृतिक सौंदर्य का लुत्फ उठा रहे हैं। टूर्नामेंट में प्रतिभाग कर रहे गोल्फरों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस तरह के गोल्फ कोर्स में खेलना अलग अनुभव रहा और यहां आकर वे गोल्फ के साथ-साथ प्राकृतिक खूबसूरती का भी आनंद ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि यहां की व्यवस्थाओं और आवाभगत से वे सभी प्रभावित हैं। वे पिछले कई वर्षों से राजभवन गोल्फ कोर्स में खेल रहे हैं, यहां खेलकर उन्हें एक अलग ही अनुभूति होती है।

### शनि जयंती पर विशाल भंडारे का आयोजन

**नैनीताल,अमृत विचार :** शनि जयंती के मौके पर ठंडी सड़क स्थित शनि देव मंदिर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए। पंडित भगवती प्रसाद जोशी ने वैदिक मंत्रोचार के साथ पूजा-अर्चना व हवन कराया। जजमान प्रमुख वन संरक्षक डॉ. कपिल जोशी, संजीव रस्तोगी, अमन बेरवानी, पारस जोशी, वंश जोशी व विनीता तिवारी रहे। जिसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोगों व सैलानियों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# आधुनिक टेक्नोलॉजी के उपयोग से उत्तराखंड बनेगा विकसित राज्य

## राज्यपाल ने किया आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के राजभवन मैत्री चैटबॉट का लोकार्पण

▸▸ मजबूत, आत्मनिर्भर देश के निर्माण में अमृत पीढ़ी की भूमिका होगी अहम : गुरमीत

संवाददाता, नैनीताल


राजभवन में कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल और वरिष्ठ अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह ने शनिवार को नैनीताल राजभवन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) तकनीक के प्रयोग से निर्मित राजभवन मैत्री चैटबॉट का लोकार्पण किया। इस दौरान राज्यपाल ने अपने पांच प्रमुख मिशन में एआई को महत्वपूर्ण स्थान दिया। कहा कि उत्तराखंड में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। यहां के युवा नई टेक्नोलॉजी को आत्मसात कर रहे हैं। हमें अपनी क्षमता को पहचान कर राष्ट्र के विकास में योगदान देना होगा।

राज्यपाल गुरमीत सिंह ने कहा कि टेक्नोलॉजी के अधिक से अधिक प्रयोग से 21वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड का दशक होगा, जिसमें एआई की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक का समय एक ऐसा कालखंड है, जिसमें एक मजबूत, आत्मनिर्भर देश के निर्माण में हमारी अमृत पीढ़ी की भूमिका अहम होगी। विकास की यात्रा और मानवता के कल्याण में टेक्नोलॉजी का सर्वोत्तम उपयोग बहुत सहायक सिद्ध होगा। जिसको देखते हुए मैत्री चैटबॉट एआई तकनीक से युक्त एक अभिनव प्रयास है। जिसमें राजभवन के विभिन्न कार्यक्रमों एवं गतिविधियों की जानकारी उपलब्ध रहेगी। उपयोगकर्ता प्रश्नोत्तरी के माध्यम से अपनी जिज्ञासाओं का समाधान पा सकेंगे। यह चैटबॉट राजभवन की वेबसाइट पर विभिन्न भाषाओं में उपलब्ध रहेगी। इस अवसर पर मैत्री चैटबॉट के निर्माणकर्ता सिद्धार्थ माधव ने चैटबॉट के निर्माण एवं उपयोग संबंधी जानकारियां विस्तृत रूप से प्रस्तुत की।

राज्यपाल ने कहा कि मैत्री केवल एक तकनीकी उपकरण नहीं है, बल्कि यह एक माध्यम है जिसके द्वारा हम नवाचार को साकार करते हुए समाज के विभिन्न वर्गों तक ज्ञान और सहायता पहुंचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि चैटबॉट के माध्यम से भाषा और संस्कृति का सम्मान करते हुए उपयोगकर्ता अपनी जिज्ञासाओं का समाधान पा सकेंगे और विभिन्न जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

### युवाओं में वैज्ञानिक सोच पैदा करना उद्देश्य

राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत युवाओं में वैज्ञानिक सोच पैदा करने के साथ-साथ जिज्ञासा-आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा में दूरगामी सुधार भी लागू किए हैं। कहा कि वर्तमान में युवाओं में रिसर्च और इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए लगातार काम हो रहा है। वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में विज्ञान और तकनीक की अहम भूमिका होगी। कार्यक्रम के दौरान सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, अपर सचिव राज्यपाल स्वाति एस भदौरिया, कुलपति जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय प्रो. मनमोहन सिंह चौहान, कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत, डीआईजी कुमाऊं डॉ.योगेन्द्र सिंह रावत, उप जिलाधिकारी नैनीताल पीआर चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पीएन मीणा, महानिदेशक यूकॉस्ट डॉ. दुर्गेश पंत, वित्त नियंत्रक राज्यपाल डॉ. तृप्ति श्रीवास्तव, संयुक्त निदेशक सूचना डॉ. नितिन उपाध्याय सहित विभिन्न विश्वविद्यालयों के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# जिला बार चुनाव में अध्यक्ष पद पर दो प्रत्याशियों के बीच होगा मुकाबला

संवाददाता, नैनीताल


नैनीताल बार संघ चुनाव में नामांकन दाखिल करते दावेदार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिला बार चुनाव के अंतिम दिन कुल 21 नामांकन पत्र खरीदे गए। अध्यक्ष पद दो, उपाध्यक्ष पद दो, सचिव पद पर दो, उपसचिव पद पर दो सहित कार्यकारणी सदस्य पद पर छह नामांकन पत्र खरीदे गए।

मुख्य चुनाव अधिकारी नीरज साह व उप चुनाव अधिकारी दीपक रूवाली ने बताया कि अंतिम दिन अध्यक्ष पद पर मनीष मोहन जोशी ने नामांकन पत्र दाखिल किया। उपाध्यक्ष पद पर तारा आर्या, सचिव पद पर पंकज कुमार व संजय सुयाल ने नामांकन पत्र दाखिल किया। उपसचिव पद पर मनीष कांडपाल व अर्चित गुप्ता, सदस्य पद पर प्रीति साह, मंजू कोटलिया, स्वाति परिहार, जमीर अहमद, यशपाल आर्या ने नामांकन दाखिल किया। अध्यक्ष पद हरिशंकर कंसल के नामांकन दाखिल नहीं करने के बाद अब इस पद पर मुख्य मुकाबला ओंकार गोस्वामी व मनीष मोहन जोशी के बीच ही रह गया है। प्रपत्रों की जांच के बाद सभी नामांकन सही पाए गए।

### बरेली के दंपति की बाइक खाई में गिरी, घायल

**नैनीताल :** बरेली से नैनीताल घूमने आये पर्यटक दंपति की बाइक बल्दियाखान क्षेत्र में अचानक अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। मगर दंपति सड़क किनारे गिर गये। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने घायल अवस्था में दंपति को उपचार के लिए बीडी पांडे अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया। जानकारी देते हुए बीडी पांडे अस्पताल की डॉ. कोमल जोशी ने बताया कि स्थानीय लोग घायल अवस्था में पर्यटक दंपति अनश खान और कशिश को अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

## नीट परीक्षा में भवाली की नुपूर रहीं सफल, लोगों ने दी बधाई

संवाददाता, नैनीताल/भवाली


नुपूर।

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित मेडिकल की नीट परीक्षा में भवाली के डोब लवेशाल निवासी नुपूर ने 6809 रैंक के साथ शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। 19 वर्षीय नुपूर ने 720 में से 685 अंक प्राप्त किये हैं।

बचपन से पढ़ाई में मेधावी नुपूर ने 10वीं में 97.6 प्रतिशत व 12वीं में 95.4 प्रतिशत अंक हासिल किये थे। नुपूर ने बताया कि उन्होंने घर में रहकर ही ऑनलाइन व यूट्यूब के माध्यम से तैयारी की। उन्होंने अपनी सफलता के श्रेय पिता प्रदीप सिंघल व माता रति सिंघल को दिया है। नुपूर की सफलता पर भाजपा प्रदेश महामंत्री भावना मेहरा, सुजान सिंह रजवार, पंकज, प्रगति जैन, प्रकाश आर्या, शिवांशु जोशी ने बधाई दी है।


नैनीताल में आयोजित नगर कीर्तन में शामिल संगत। ● अमृत विचार

# शहीदी पर्व पर निकाला नगर कीर्तन

संवाददाता, नैनीताल


नगर कीर्तन में शामिल पंच प्यारे। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** गुरु अर्जुन देव के शहीदी पर्व पर सिख समुदाय के लोगों ने भव्य नगर कीर्तन निकाला। शनिवार को मल्लीताल स्थित गुरु सिंह सभा में धार्मिक दीवान सजाए गए। जिसके बाद हजूरी रागी भाई परमजीत सिंह ने कीर्तन से संगत को निहाल किया। इसके बाद गुरु लंगर का वितरण किया गया। जिसमें स्थानीय लोगों सहित सैलानियों ने प्रसाद ग्रहण किया।

नगर कीर्तन पंत पार्क से होते हुए मालरोड तल्लीताल से वापस मालरोड होते हुए गुरु सिंह सभा प्रांगण में पहुंचकर संपन्न हुआ। देर शाम डीएसए मैदान में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गए। नगर कीर्तन में श्री गुरु ग्रंथ साहिब की शोभायात्रा के दौरान 8 कुंतल फूल बरसाए गए। मनमोहक झाकियां, गतकी पालकी, तरण ताल व अलग-अलग तरह की झांकियां निकाली गयी। अमृतसर, बाजपुर, रुद्रपुर, हल्द्वानी व नैनीताल के कलाकरों ने अपनी अलग-अलग कलाओं व करतब का सुन्दर प्रदर्शन किया। सैकड़ों की संख्या में बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों ने नगर कीर्तन में पैदल गुरु के भजन गाकर मार्च किया। मालरोड स्थित चन्नी राजा होटल, गुरदीप होटल व तल्लीताल व्यापार मंडल ने नगर के विभिन्न स्थानों पर स्टॉल लगाकर नगर कीर्तन में चल रहे लोगों व सैलानियों को जूस, पानी व लस्सी का वितरण किया। इस दौरान गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह, सचिव अमरजीत सिंह, मनप्रीत सिंह, जसनीत सिंह, गगनदीप सिंह, गुरविंदर सिंह, गुरजीत सिंह, संदीप सिंह, जसबीर सिंह, जगजीत सिंह, गुरप्रीत सिंह, रविंद्र ढेला, तेजपाल सिंह, हरपाल सिंह, रवेल सिंह, जग्गी भाई सुखविंदर सिंह रहे।

# झील से सिंचाई के लिए पानी देने की उठाई मांग

संवाददाता, भीमताल


बिलासपुर नहर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** भीमताल झील का जलस्तर लगातार कम हो रहा है। ऐसे में सिंचाई विभाग ने झील से नहर में सिंचाई के लिए पानी देना बंद कर दिया है। इससे वार्ड संख्या तीन और चार के किसानों की फसल खेत में सूखने लगी है। ग्रामीणों ने विभाग से सिंचाई के लिए पानी देने की मांग की है।

सामाजिक कार्यकर्ता पूरन बृजवासी ने बताया कि झील का जल स्तर कम होने से किसानों को झील से सिंचाई के लिए मिलने वाला पानी विभाग ने बंद कर दिया है। जिससे बिलासपुर, नौल, बिजरौली, नौलधारा, बोहरा गांव, नौकुचियाताल, वार्ड 3 एवं 4 के किसान अपने खेतों में सूख रही फसल को देखकर परेशान हैं। बार-बार मांग करने पर भी विभाग सिंचाई के लिए पानी नहीं दे पा रहा है। काश्तकार विनोद सिंह कुम्लटा, भगवत सिंह, दीवान सिंह मेहता, बच्ची सिंह मेहता, प्रेम सिंह भगत, प्रकाश जोशी ने विभाग से सिंचाई के लिए पानी देने की मांग की है।

### सड़क किनारे वाहन खड़ा करने पर 35 लोगों का चालान

**नैनीताल :** मल्लीताल क्षेत्र में नो पार्किंग जोन में वाहन खड़ा करने और यातायात बाधित करने पर कोतवाली पुलिस ने 35 वाहन स्वामियों के चालान काटे हैं। शनिवार को वीकेंड के चलते भारी संख्या में पर्यटक नैनीताल पहुंचे। पर्यटकों की संख्या बढ़ने और नगर कीर्तन के चलते पुलिस यातायात व्यवस्था बनाने में हांफ गई। जिसके बाद पुलिस ने क्षेत्र में यातायात व्यवस्थित करने के लिए गश्त की तो पाया कि सड़क किनारे खड़े वाहनों से जाम लग रहा था। जिस पर पुलिस ने बारापत्थर से मालरोड तक खड़े वाहनों को हटाने के साथ चालानी कार्रवाई की। कोतवाल हरपाल सिंह ने बताया कि यातायात प्रभावित करने वाले 35 लोगों के खिलाफ एमवी एक्ट में चालान किया गया है।

# खनस्यूं-पतलोट हादसे की जांच करेंगे एसडीएम धारी

संवाददाता, हल्द्वानी/भीमताल


परिजनों को चेक देते विधायक कैड़ा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिला प्रशासन ने खनस्यूं-पतलोट मोटर मार्ग हादसे की मजिस्ट्रेट जांच एसडीएम धारी केएन गोस्वामी को सौंपी है। एसडीएम गोस्वामी ने कहा कि बीती 5 जून को ओखलकांडा ब्लॉक के खनस्यूं-पतलोट मोटर मार्ग के बीच वाहन संख्या यूके 04 टीए 4243 अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया था। हादसे में वाहन सवार सात लोगों की मृत्यु हो गई और सात घायल हो गए।

उन्होंने कहा कि यदि किसी को दुर्घटना के संबंध में कोई भी तथ्यात्मक ठोस जानकारी हो तो कथन/बयान धारी एसडीएम कोर्ट में 15 जून तक लिखित या मौखिक रूप से दर्ज करा सकता है। मोटर यान अधिनियम-1988 की धारा-135 के तहत प्रत्येक सड़क दुर्घटना के वैज्ञानिक अन्वेषण के लिए सड़क सुरक्षा जांच समिति का गठन किया है। इसमें भवाली सीओ, एआरटीओ संभागीय निरीक्षक (प्राविधिक) नैनीताल, ग्रानिवि ईई और लोनिवि अस्थाई खंड भवाली ईई को सड़क सुरक्षा जांच समिति का सदस्य बनाया गया है। कहा कि मौका मुआयना के बाद समिति दुर्घटना के कारणों का वैज्ञानिक विश्लेषण सहित सभी मोटरमार्ग पर दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए रिपोर्ट सौंपेगी।

### विधायक कैड़ा ने मृतकों के परिजनों को सौंपे चेक

**हल्द्वानी/भीमताल :** विधायक राम सिंह कैड़ा ने खनस्यूं-पतलोट मोटर मार्ग हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये के चेक सौंपे। बीते गुरुवार को ओखलकांडा ब्लॉक के अंतर्गत खनस्यूं-पतलोट मोटर मार्ग के अनरबन पतलोट के समीप एक वाहन बेकाबू होकर खाई में गिर गया था। इसमें ग्रामसभा भद्रकोट व पुटपुड़ी के 7 लोगों की मृत्यु हो गई थी, जबकि 5 लोग गंभीर घायल हुए हो गए। विधायक कैड़ा ने हादसे की सूचना मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को दी और त्वरित राहत की मांग की। जिला प्रशासन से मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये सहायता देने की मांग की गई थी। इधर, शनिवार को विधायक कैड़ा ने मृतकों के घर जाकर परिजनों को दो-दो लाख रुपये के चेक दिए और शोक संवेदना जताई। उन्होंने कहा कि घायल एसटीएच में भर्ती हैं, उनके उपचार के लिए चिकित्सकों को निर्देश दिए गए हैं।

### शिक्षकों का तबादला रोका तो होगा आंदोलन

**भीमताल :** उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संगठन के जिला मंत्री डिकर सिंह पडियार ने कहा कि संगठन स्थानांतरण अधिनियम 2017 के अंतर्गत सभी पात्र शिक्षकों से निर्धारित प्रारूप में आवेदन करने का पक्षधर है। किसी भी शिक्षक का स्थानांतरण के लिए आवेदन ब्लॉक के उप शिक्षा अधिकारी द्वारा रोके जाने का कोई औचित्य नहीं है। यदि किसी पात्र शिक्षक का आवेदन विकासखंड स्तर पर रोका गया तो संगठन आंदोलन के लिए बाध्य होगा। इधर, जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक ने उप शिक्षा अधिकारी ओखलकांडा को निर्देश दिये हैं कि जितने भी आवेदन उनके कार्यालय में प्राप्त हो चुके हैं उन सभी आवेदनों को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में प्रेषित करें।


डिकर सिंह पडियार।

### पाठकों हेतु सूचना

प्रिय पाठको,

हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555
काशीपुर कार्यालय — 8218100208
रूद्रपुर कार्यालय — 9837804094, 8476843488

# सरोवर नगरी भीमताल में बढ़ती जा रही हैं समस्याएं, लोग नाराज

▸▸ बिजली, पानी, यातायात और जल प्रदूषण की समस्याओं से लोग परेशान

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** भीमताल नगरी इन दिनों बिजली, पानी और यातायात की समस्याओं को लेकर सुर्खियों में है। बिजली की आपूर्ति सुचारू न होने से पेयजल व्यवस्था प्रभावित हो रही है। पेयजल उपलब्ध न होने से लोगों ने अपने पालतू जानवर खुले छोड़ रखे हैं। वहीं आवारा पशुओं के कारण जगह-जगह गोबर और गंदगी का अंबार देखा जा सकता है। हालांकि नगर पालिका घरों से कूड़ा उठाने का कार्य करती है पर सड़कों में गोबर और अन्य गंदगी का बोलबाला है।

पर्यटन का मुख्य आकर्षण का केन्द्र भीमताल झील अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है। बारिश न होने के कारण झील में जल स्तर लगातार कम होता जा रहा है। नगर का तापमान 33 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने लगा है। पर्यटन सीजन में जाम की समस्या बढ़ती जा रही है। हर दिन कई किलोमीटर लंबा जाम लग रहा है। अतिक्रमण के चलते सड़कें संकरी हो गई हैं। लोगों को वीकेंड आते ही जाम की समस्या का डर सताने लगता है। स्थानीय लोगों के अनुसार क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने मात्र घोषणाओं पर हर्ष व्यक्त करने के अलावा कुछ नहीं किया।

### बोले लोग


पानी की समस्या तो थी ही अब बिजली की आपूर्ति भी प्रभावित हो रही है। महिलाओं को पानी की व्यवस्था करना मुश्किल हो रहा है। प्रशासन को जनसमस्याओं का समाधान करना चाहिए। - **ममता बिष्ट**, बीडीसी सदस्य पांडे गांव


यातायात व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता है। भीमताल, नैनीताल, कैंची और भवाली में काफी जाम लगता है। समस्या के समाधान के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना की आवश्यकता है। - **अखिलेश सेमवाल**, भाजपा कार्यकर्ता


बिजली-पानी की समस्या अधिक है। अधिकारियों से समस्या का स्थायी समाधान निकालने को कहा गया है। उच्च अधिकारियों से भी इस संबंध में वार्ता की जा रही है। - **कमला आर्या**, मंडल अध्यक्ष भाजपा


जनसंख्या के मुताबिक बिजली और पानी के लिए नई योजनाएं बननी चाहिए। तभी समस्याओं का समाधान हो पायेगा। इस संबंध में मुख्यमंत्री और शासन स्तर पर वार्ता की जाएगी। -**दिनेश सांगुड़ी**, पूर्व जिला मंत्री भाजपा

प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)



**आज का मौसम**

आसमान में हल्की धूप खिली रहेगी।

39.1° अधिकतम तापमान | 26.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.12 | सूर्यास्त 07.11

**एक नजर**

## घर के बाहर से बाइक चोरी

**हल्द्वानी :** चोरों ने घर के बाहर रखी बाइक चोरी कर ली। मुखानी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरके टैंट हाउस मुखानी निवासी विजय कुमार ने मुखानी पुलिस को दी तहरीर में लिखा कि उसने छह जून को अपनी बाइक घर के बाहर खड़ी की थी। सात जून को जब वह सुबह उठा तो बाइक चोरी हो चुकी थी। उसने बाइक को ढूंढने का प्रयास किया, लेकिन नहीं मिली। थानाध्यक्ष मुखानी पंकज जोशी ने बताया कि युवक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांचशुरू करदीगई है।

## सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

**हल्द्वानी :** सड़क हादसे में घायल युवक की डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में इलाज के दौरान मौत हो गई। बाजपुर निवासी आदर्श कुमार (26 वर्ष) पुत्र मुकेश कुमार शुक्रवार रात अपने दोस्त के साथ घर जा रहा था। गड़प्पू के पास उसकी स्कूटी अज्ञात वाहन से टकरा गई। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे पहले बाजपुर अस्पताल ले जाया गया। जहां से उसे एसटीएच रेफर कर दिया गया। यहां शुक्रवार देर रात उसकी मौत हो गई। शनिवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया है।

## संदिग्ध हालात में महिला की मौत

**हल्द्वानी :** गौलापार कुंवरपुर निवासी गीता देवी (51 वर्ष) की शनिवार की सुबह डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में इलाज के दौरान मौत हो गई। सुबह करीब छह बजे गीता देवी को परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया था। पुलिस के मुताबिक गीता की तबियत अचानक बिगड़ी गई। शनिवार सुबह करीब छह बजे इलाज शुरू हुआ और लगभग दो घंटे बाद उनकी मौत हो गई। मेडिकल चौकी प्रभारी प्रवीण तेवतिया ने बताया कि शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा।

### आने वाले छात्र संघ चुनाव की तैयारियों में जुटे छात्रों में भिड़ंत, जमकर हुई मारपीट, पीटते-पीटते एक युवक को गेट तक ले गए छात्र

# एडमिशन समर में चुनावी रण, अखाड़ा बना एमबीपीजी

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** एमबीपीजी कॉलेज में इन दिनों प्रवेश चल रहे हैं, लेकिन कॉलेज अभी से चुनावी रण में बदल चुका है। आने वाले छात्र संघ चुनाव की तैयारियों में जुटे छात्र गुटों में शनिवार को भिड़ंत हो गई। प्रवेश प्रक्रिया के बीच छात्र गुटों के बीच जमकर लात-घूंसे चले।

प्रवेश के दौरान कॉलेज में छात्र-छात्राओं की भारी भीड़ रहती है और यही भीड़ चुनाव की तैयारियों में जुटे छात्रों के लिए अच्छा मौका होता है। शनिवार को अभाविप और एनएसयूआई की तरफ से छात्र डेस्क लगाकर छात्र-छात्राओं की प्रवेश प्रक्रिया में मदद कर रहे थे। इस दौरान परिसर में बैठे दो छात्रों की एक अन्य छात्र से किसी बात को लेकर बहस हो गई। मामला बढ़ा तो दोनों छात्रों ने उसे पीटना शुरू कर दिया। दोनों छात्र उसे लगातार पीट रहे थे। इसी बीच एक अन्य छात्र ने बीच-बचाव करना चाहा, लेकिन छात्र नहीं माने। उसे दौड़ा-दौड़ाकर पीटते हुए मुख्य द्वार तक ले गए। जहां कॉलेज के सुरक्षाकर्मी ने मारपीट करने वाले छात्रों से दूसरे छात्र को बचाया और मामला शांत कराया। इस घटनाक्रम के कारण कुछ देर के लिए कॉलेज परिसर में भगदड़ और हंगामे का माहौल रहा। कॉलेज के छात्रों ने बताया कि छात्र संघ चुनाव की तैयारी में जुटे एक छात्र नेता से अन्य छात्र की बहस हो गई। छात्र नेता की उस छात्र से पूर्व में किसी बात को लेकर बहस हुई थी, जिसे लेकर वह फिर से आपस में भिड़ गए।



एमबीपीजी कॉलेज में शनिवार को छात्र गुटों में हुई मारपीट, एक छात्र को दूसरे गुट के छात्रों ने इस तरह बेरहमी से पीटा। ● राजेश श्रीवास्तव

> मामला मेरे संज्ञान में नहीं है। प्रवेश को लेकर छात्रों को कोई परेशानी नहीं हो रही है। यह छात्रों का व्यक्तिगत झगड़ा हो सकता है।
> **-एनएस बनकोटी**, प्राचार्य, एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी

## सड़क हादसे के मामले में 12 दिन बाद मुकदमा दर्ज

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** मुखानी थाना क्षेत्र के गैस गोदाम रोड पर 20 मई को हुई दो कारों की भिड़ंत के मामले में पुलिस ने शुक्रवार की देर रात पिथौरागढ़ के धारचूला स्थित सिरदार सिखा निवासी आशीष सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

मुखानी के पनियाली कठघरिया निवासी कपिल देव सिंह ने बताया कि 20 मई को वह छोटे भाई रोहित सिंह देवका, दोस्त विक्रम कनवाल और सुमित बोरा के साथ रामपुर रोड स्थित गोल्डन पाम बैंक्वेट हॉल से वापस लौट रहे थे। गैस गोदाम रोड हिम्मतपुर स्थित गोसाईंपुर गांव के पास सफेद कार ने उनकी कार को टक्कर मार दी। कार पिथौरागढ़ निवासी आशीष चला रहा था। कपिल के मुताबिक उन्होंने 26 मई को थाने में तहरीर दी थी। पुलिस ने 12 दिन बाद मुकदमा दर्ज किया।

# नैनीताल में वीकेंड पर पार्किंग व होटल पैक

### शनिवार को सड़कों पर लगी वाहनों की लंबी कतार, जगह-जगह जाम लगने से पर्यटक व आम लोग परेशान

**पर्यटन**

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** पर्यटन सीजन चरम पर है। लोकसभा चुनाव के बाद हर दिन हजारों की संख्या में सैलानी नैनीताल, पंगोट, मुक्तेश्वर, भीमताल व सातताल सहित अन्य पर्यटन स्थलों पर पहुंच रहे हैं। सैलानियों की भीड़ के कारण कई जगह सड़कों पर जाम भी लग रहा है। जिससे सैलानियों के साथ-साथ स्थानीय लोगों को भारी फजीहत का सामना करना पड़ रहा है।

शनिवार को वीकेंड पर बड़ी संख्या में सैलानी सरोवर नगरी नैनीताल पहुंचे। सैलानियों की आमद से नगर की सभी पार्किंग और होटल पैक हो चुके हैं। जिसके चलते दिनभर सड़कों पर वाहनों की लंबी कतार देखने को मिली। सुबह से लेकर शाम तक वाहन रेंग-रेंगकर चलते रहे। जाम के कारण स्थानीय लोगों को भी भारी फजीहत उठानी पड़ी। शनिवार को सैलानियों ने नैनी झील में नौकायन का जमकर लुत्फ उठाया। साथ ही बारापत्थर क्षेत्र में घुड़सवारी का भी आनंद लिया। इसके अलावा हिमालय दर्शन, केप गार्डन, सरियाताल, लवर्स पॉइंट आदि पर्यटन क्षेत्रों से नैनीताल की नैसर्गिक सुंदरता को अपने कमरे में कैद किया।

इधर, मौसम केंद्र जीआईसी के अनुसार शनिवार को नगर का अधिकतम तापमान 29 डिग्री और न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



नैनी झील में शनिवार को नौकायन करते पर्यटक। ● अमृत विचार



नैनीताल में सैर-सपाटा करते पर्यटक। ● अमृत विचार

**29** डिग्री सेल्सियस रहा अधिकतम तापमान

### सड़क किनारे खड़े वाहन बन रहे जाम का कारण

**नैनीताल :** नगर में सड़क किनारे पार्क वाहन इन दिनों जाम का कारण बन रहे हैं। शहर में चारों ओर सड़कों पर अवैध रूप से वाहनों को पार्क करने से राहगीरों के साथ ही वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मालरोड से लेकर तल्लीताल हल्द्वानी रोड, जेल गेट, पुराना कूड़ा घर, यूनिवर्सिटी गेट, बारापत्थर और नैनीताल-भवाली रोड में पार्किंग के नाम पर रोजाना सड़क किनारे वाहन पार्क किए जा रहे हैं। पर्यटक सीजन में सड़क किनारे पार्क वाहन यातायात प्रभावित कर रहे हैं। सड़क में जाम लगने व लोगों की शिकायत के बाद पुलिस की ओर से चालानी कार्रवाई की जा रही है, लेकिन फिर भी सड़क किनारे पार्क वाहन नहीं हटाए जा रहे हैं। इधर, एसपी यातायात हरबंश सिंह ने बताया कि शहर में सड़क किनारे वाहन पार्क करने वालों पर चलानी कार्रवाई की जा रही है। उसके बाद भी सड़क किनारे वाहन पार्क किये जाएंगे तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी।



नैनीताल में सड़क किनारे खड़े वाहन। ● अमृत विचार

## नामकरण के दौरान झोपड़ी में लगी आग, सामान राख

संवाददाता, हल्दूचौड़

**हादसा**

- **पाड़लीपुर गांव में हुआ हादसा फायर ब्रिगेड ने बुझाई आग**
- **उत्साह से बेटे के नामकरण की खुशी मना रहा था परिवार**

**अमृत विचार :** मोटाहल्दू के पाड़लीपुर गांव में एक गरीब परिवार अपने घर में पुत्र के नामकरण की खुशियां मना रहा था, तभी परिवार के ऊपर दुख का पहाड़ टूट गया। अचानक आग से झोपड़ी में आग लग गई। जिससें सारा सामान जलकर राख हो गया।

बीती पांच जून की रात कैलाश मौर्य के परिवार में नामकरण की खुशियां मनाई जा रही थीं, तभी अज्ञात कारणों से उनकी झोपड़ी में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। झोपड़ी के अंदर रखा धान, गेहूं, कपड़े, मोबाइल, गहने व नगद धनराशि आग की भेट चढ़ गई है। अब परिवार के ऊपर रोजी-रोटी का संकट गहराने लगा है। पीड़ित कैलाश मौर्य ने बताया कि पड़ोसियों ने दमकल विभाग को सूचना दी। जिस पर दमकल की एक गाड़ी मौके पर पहुंची और आग को काबू किया। क्षेत्र के पटवारी ने मौका मुआयना कर उन्हें मदद का भरोसा दिलाया, लेकिन कुछ मदद नहीं हो पाई। जिससे उन्हें जीवन यापन करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है।



झोपड़ी में आग लगने से जला सामान। ● अमृत विचार

# बेटा लाता था स्मैक, पुड़िया में बेचती थी मां

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** बेटा स्मैक खरीद कर लाता था और उसकी मां चच्ची स्मैक की पुड़िया बनाकर बेचती थी। चच्ची पहले भी पकड़ी जा चुकी है और एक बार फिर पुलिस के चुंगल में है। इस बार उसे एसओजी और पुलिस ने मिलकर पकड़ा है। चच्ची के पकड़े जाते ही स्मैक खरीद कर लाने वाला उसका शातिर बेटा फरार हो गया। अब पुलिस फरार बेटे की तलाश कर रही है।

बीती 7 जून को मल्ला काठगोदाम चौकी प्रभारी फिरोज आलम और एसओजी प्रभारी संजीत राठौर टीम के साथ मल्ला देवला बागजाला के पास चेकिंग कर रहे थे। उन्हें बागजाला गांव की ओर एक महिला एक बाइक सवार को कुछ देती दिखाई दी। पुलिस आगे बढ़ी तो मोटर साइकिल सवार फरार हो गया, लेकिन महिला पकड़ी गई। तलाशी में महिला के पास से 48.35 ग्राम स्मैक और 10450 रुपये मिले। पूछताछ में उसने अपना नाम 60 वर्षीय बागजाला निवासी शकीला उर्फ चच्ची पत्नी महबूब बताया। साथ ही बताया कि स्मैक उसका बेटा शोएब खरीदकर लाता था और वह उसे पुड़िया बनाकर बेचती थी। पुलिस ने बताया कि स्मैक खरीद कर लाने वाला शोएब फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।



एसओजी और काठगोदाम पुलिस की हिरासत में स्मैक तस्कर चच्ची। ● अमृत विचार

### सख्ती पर बनभूलपुरा छोड़ गौलापार बनाया ठिकाना

**हल्द्वानी :** चच्ची इससे पहले भी बनभूलपुरा पुलिस के हत्थे चढ़ चुकी है, तब भी उसे स्मैक तस्करी के आरोप में जेल भेजा गया था। बताया जाता है कि बनभूलपुरा में पुलिस का शिकंजा कसने के बाद चच्ची का धंधा चौपट हो गया। जिसके बाद उसने बनभूलपुरा का घर बेच दिया और गौलापार में अपने दामाद के घर रहने लगी। यहीं से उसने अपना धंधा नए सिरे से फैलाना शुरू किया।

### तस्करी में बेटे भी जा चुके हैं जेल, एक नशे में बर्बाद

**हल्द्वानी :** चच्ची का लगभग पूरा परिवार नशा तस्करी के धंधे में लिप्त है। पुलिस के मुताबिक उसके दो बेटे हैं। एक शोएब और दूसरे को लोग योयो कहकर पुकारते हैं। नशा तस्करी के मामले में दोनों ही जेल जा चुके हैं। दोनों बेटे अपनी मां के साथ मिलकर धंधा करते थे, लेकिन नशा बेचते-बेचते योयो स्मैक का लती हो गया। बताया जा रहा है कि नशे की लत की वजह से अब उस पर परिवार भरोसा नहीं करता। वह जेल से बाहर है और अब नशे की खुराक के लिए छोटी-मोटी तस्करी करता है।

## एमबीपीजी में 208 महिला डिग्री कॉलेज में 123 प्रवेश हुए

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** एमबीपीजी कॉलेज में शनिवार को भी प्रवेश प्रक्रिया जारी रही। शनिवार को कुल 208 प्रवेश हुए, जिसमें बीए प्रथम सेमेस्टर में 102, बीकॉम प्रथम सेमेस्टर में 43, बीएससी पीसीएम में 27, बीएससी जेडबीसी में 36 छात्र-छात्राओं ने प्रवेश लिया। कॉलेज में अब तक 678 छात्र प्रवेश हो चुके हैं।

वहीं महिला डिग्री कॉलेज में शनिवार को 123 प्रवेश हुए, जिसमें बीए में 43, बीकॉम में 12, बीकॉम ऑनर्स में 10, बीएससी पीसीएम में 25 और बीएससी जेडबीसी में 33 प्रवेश हुए। सोमवार से कॉलेज में वरीयता सूची में शामिल सभी छात्रों को प्रवेश दिया जाएगा। 14 जून से नए पंजीकृत छात्रों को प्रवेश के लिए बुलाया जाएगा।

# रिटायर बैंक अफसर से महिला ने मांगे 10 लाख

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

- **बैंक अधिकारी को बता रही है बेटी का पिता**
- **पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर दर्ज किया मुकदमा**

**अमृत विचार :** एक सेवानिवृत्त बैंक अधिकारी को एक महिला ब्लैकमेल कर रही है। वह अधिकारी को अपनी बेटी का बाप बता रही है और 10 लाख रुपये की मांग कर रही है। पैसा न देने पर वह बदनाम करने की धमकी दे रही है। आरोप है कि मामले में मुखानी पुलिस और एसएसपी से शिकायत के बावजूद उनकी शिकायत पर सुनवाई नहीं की गई।

प्रेमपुर लोश्ज्ञानी मुखानी निवासी पूर्व बैंक अधिकारी ने सुनवाई न होने पर न्यायालय से गुहार लगाई। तब मुकदमा दर्ज हुआ। उनके मुताबिक अल्मोड़ा में उनके पड़ोस में रेडियो इंस्पेक्टर का परिवार रहता था। रेडियो इंस्पेक्टर के निधन के बाद उनकी बेटी ने अलग-अलग समय पर उधार लिया।

कुछ साल से महिला ने ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। आरोप है कि महिला अपनी बेटी को उनकी बेटी बताकर 10 लाख रुपये की मांग कर रही है और पैसे न देने पर बदनाम करने की धमकी दे रही है। मुखानी थानाध्यक्ष पंकज जोशी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है, जो भी तथ्य सामने आएंगे उनके आधार पर कार्रवाई की जायेगी।

## उत्थान मंच में मूर्ति लगाने का विरोध

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच में मूर्ति लगाने का विरोध शुरू हो गया है। भाजपा नेता हुकुम सिंह कुंवर ने इस बाबत मंडलायुक्त दीपक रावत से शिकायत की है।

कुंवर का कहना है कि वह पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच में संरक्षक है। उन्होंने मंडलायुक्त रावत को शिकायती पत्र सौंप कर कहा कि कुछ लोग मंच में जबरन किसी की मूर्ति लगाने का प्रयास कर रहे हैं। इसके लिए चंदा वसूली की जा रही है और एक खाता भी बैंक में खोला गया है। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय ने मंच की भूमि की लीज रद कर दी है। मंच में मूर्ति लगाने के लिए डीडीए से अनुमति लेना अनिवार्य है। उन्होंने नगर मजिस्ट्रेट/डीडीए के संयुक्त सचिव को पत्र लिखकर जबरन मूर्ति लगाने की आपत्ति दर्ज की है।



संकीर्तन में सजा खाटू श्याम का दरबार। ● अमृत विचार

### श्री खाटू श्याम संकीर्तन में उमड़े श्रद्धालु

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** श्री खाटू श्याम मित्र मंडली की ओर से द्वितीय श्याम संकीर्तन महोत्सव का शनिवार को पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच हीरानगर में आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में भक्त उमड़े। इससे पूर्व सुबह के समय लटुरिया बाबा आश्रम से खाटू श्याम मंदिर मुखानी तक निशान यात्रा निकाली गई। जिसमें भक्तों ने श्री खाटू श्याम बाबा के जयकारे लगाए। शाम को उत्थान मंच में बाबा का संकीर्तन किया गया। जिसमें अखंड ज्योति, भव्य दरबार, छप्पन भोग, श्याम रसोई, इत्र वर्षा आदि की गई। हरियाणा से आई परविंदर पलक, कोलकाता से आए राज पारिख, रुद्रपुर से आए अमन सांवरिया, हल्द्वानी के विवेक पंडित आदि कलाकारों ने श्री खाटू श्याम बाबा के भजनों की मनमोहक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर अंकित पाल, अनिल पाल, संजू कश्यप, सोनू बेलवाल, विश्वजीत पांडे, रामू गुप्ता, राजू प्रजापति, टिंकू गुप्ता, हर्षित पाल आदि मौजूद रहे।

# अस्पताल में सुविधाओं को लेकर महिलाएं लामबंद

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** महिला एकता मंच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मालधन में मानकों के अनुरूप चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने की मांग को लेकर फिर लामबंद होने लगा है। पिछले लंबे समय से जारी आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए पंचायत भवन मालधन नंबर 2 में एक वृहद बैठक का आयोजन हुआ।

बैठक का संचालन करते हुए सरस्वती जोशी ने भाजपा सरकार व विपक्षी दल कांग्रेस पर मालधन को वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। कहा कि भाजपा सरकार ने 2011 व वर्ष 2016 में कांग्रेस सरकार ने अपने नामों के पत्थर तो अस्पताल में लगा दिये, लेकिन जनता को इलाज उपलब्ध नहीं कराया। यही कारण है कि मंच को सड़कों पर आकर जनता के इलाज के लिए आंदोलन करने के लिए विवश होना पड़ा है।

भगवती ने कहा कि लंबे आंदोलन के बाद मालधन अस्पताल में कुछ स्वास्थ्य सेवाएं आंशिक रूप से मिलनी शुरू हुई है, लेकिन वह नाकाफी है। गीता आर्य ने कहा कि मालधन अस्पताल में 24 घंटे इमरजेंसी सुविधाएं, प्रसव सुविधाएं, बाल रोग विशेषज्ञ, सर्जन, निश्चेतक, एक्स-रे व अल्ट्रासाउंड मशीन आदि सुविधाएं उपलब्ध कराने के मानक हैं। इसको लेकर जनता 40 से भी अधिक शिकायतें मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज कर चुकी है, लेकिन सरकार ने जनता को इलाज के अभाव में मरने के लिए छोड़ दिया है। बैठक में आगामी 28 जून को काले झंडे एवं काली पट्टियां लगाकर सरकार के खिलाफ मालधन नंबर 2 चौराहे में धरना-प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। इस दौरान समाजवादी लोक मंच के मुनीष कुमार, मदन मेहता, तुलसी छिमवाल, रजनी, नीमा आर्य, विद्यापति शाह, माया आर्य, चरन देवी, रवि सिंह, मदन मेहता, प्रभात ध्यानी, सौरभ इंसान ने संबोधित किया।




बैठक के दौरान मौजूद महिला एकता मंच की पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## जंगल में मिला लापता वृद्ध का शव, आत्महत्या की आशंका

संवाददाता, लालकुआं

**अमृत विचार :** कोतवाली लालकुआं के पास आरक्षित वन क्षेत्र टांडा रेंज में एक अज्ञात शव मिला। जिसकी शिनाख्त बहादुर सिंह दसौनी संजय नगर बिन्दुखत्ता के रूप में हुई। वन विभाग के गश्ती दल को कोतवाली से करीब दो-तीन सौ मीटर दूरी पर स्थित टांडा रेंज के आरक्षित वन क्षेत्र डोर्बी फील्ड के पास एक अज्ञात शव दिखा। जिसकी सूचना उन्होंने कोतवाली पुलिस को दी।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव की शिनाख्त बिंदुखत्ता लालकुआं निवासी बहादुर सिंह दसौनी पुत्र दीवान सिंह दसौनी उम्र लगभग 62 वर्ष के रूप में की। पुलिस के अनुसार मृतक के पुत्र पप्पू सिंह दसौनी ने बताया कि उनके पिता गुरुवार दोपहर बाद घर से निकले थे, लेकिन लौट कर नहीं आए। परिजन रातभर उनकी तलाश करते रहे।

शनिवार को अज्ञात शव मिलने की सूचना पर परिजन घटना स्थल पर पहुंचे तो उन्होंने शव की शिनाख्त की। मौके से सल्फास की एक डिब्बी मिली है, जिससे मृतक द्वारा आत्महत्या किए जाने की भी आशंका जताई जा रही है।



बहादुर सिंह दसौनी।

# पुलिस की लापरवाही और चालकों की जल्दबाजी से अल्मोड़ा हाईवे पर जाम

## जगह-जगह जाम में फंस रहे वाहन, पुलिस प्रशासन की रणनीति को कर रहे फेल

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार :** अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाईवे पर वाहन चालकों की जल्दबाजी यातायात व्यवस्था को ध्वस्त कर रही है। पुलिस प्रशासन व्यवस्था चाक चौबंद करने को तमाम रणनीति तैयार करने में जुटा हुआ है पर जल्दी निकलने के फेर में वाहन चालक व्यवस्था से खिलवाड़ कर रहे हैं। वाहन चालकों की जल्दबाजी का खामियाजा आवाजाही करने वाले पर्यटकों व अन्य यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है।

हाईवे पर जाम एक बड़ी समस्या बन चुका है। पुलिस प्रशासन के अधिकारी दिन-रात व्यवस्था दुरुस्त करने को रणनीति तैयार कर रहे हैं। धरातल पर भी पुलिस कर्मी दिनभर पसीना बहाकर व्यवस्था को दुरुस्त करने को मुस्तैद हैं पर कई वाहन चालकों की जल्दबाजी व्यवस्था को तहस-नहस कर रही है। बीते रोज अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाईवे पर कई बार जाम लगा पर हर बार वाहन चालकों की जल्दबाजी सामने आई। अतिसंवेदनशील दोपांखी क्षेत्र में दोनों ओर से टैक्सी वाहन चालकों ने वाहन फंसा दिए, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। छोटे-बड़े वाहन जाम में फंसते चले गए। पाडली क्षेत्र में भी लगे जाम में दो टैक्सी वाहनों के आमने-सामने आ जाने से घंटों तक जाम लगा रहा। जाम में फंसे कोसी घाटी जन सेवा समिति उपाध्यक्ष दयाल दरमाल के अनुसार जाम से घंटों तक वाहन जाम में रेंगते रहे। उन्होंने जाम के लिए वाहन चालकों को जिम्मेदार ठहराया। क्षेत्रीय जन विकास संघर्ष समिति से जुड़े पदाधिकारी ने भी हाईवे पर जाम वाले स्थान पर सीसीटीवी से निगरानी करने व जाम लगाने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग उठाई है।



भवाली में सड़क किनारे क्षतिग्रस्त क्रैश बैरियर। ● अमृत विचार

### टूटे क्रैश बैरियर से बढ़ा दुर्घटनाओं का खतरा

**भवाली, अमृत विचार :** पर्वतीय मार्गों में सड़क दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। अब तक कई लोगों की मौत हो चुकी है। मगर सड़कों के किनारे लगे क्रैश बैरियर की स्थिति पर नजर डालने वाला कोई नहीं है। भवाली-अल्मोड़ा हाईवे पर जगह-जगह क्रैश बैरियर टूटे पड़े हैं, जिनसे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। कुछ दिन पूर्व ही एक ट्रक खाई में गिरा था, जिसमें चालक की मौत हो गई थी। भवाली से कैंची धाम जाने के लिये राष्ट्रीय राजमार्ग में वाहनों का रेला लगा रहता है। हैरानी की बात यह है कि क्रैश बैरियर कई वर्षों से टूटे पड़े हैं, जिनकी सुध किसी ने नहीं ली है। वर्ष 2022 में अमृत विचार ने क्रैश बैरियर की बदहाल स्थिति को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। कुछ दिन पूर्व उपराष्ट्रपति का कैंची दौरा हुआ था। कई वीआईपी व प्रशासनिक अधिकारी रोजाना हाईवे से गुजरते हैं, मगर किसी की नजर टूटे पड़े क्रैश बैरियर पर नहीं पड़ी।

# मोटर मार्गों पर धराशायी पेड़ों से हादसों का खतरा

संवाददाता, गरमपानी

**मुसीबत**
- जगह-जगह गिरे पेड़ों से वाहन चालक खा रहे धोखा
- बेतालघाट-भुजान, हल्द्वानी हाईवे पर हादसे के आसार

**अमृत विचार :** कोसी घाटी में मौसम का मिजाज जहां किसानों के लिए परेशानी बन गया है। वहीं गांवों को जोड़ने वाले मोटर मार्ग पर भी खतरा पैदा कर रहा है। अंधड़ से सड़क पर गिरे पेड़ बड़ी दुर्घटना की ओर इशारा कर रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार जल्द पेड़ों का कटान नहीं किया गया तो बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

बेतालघाट ब्लॉक के तमाम गांवों में रोजाना आ रहा अंधड़ परेशानी बन चुका है। तेज हवा के झोंकों के साथ ही स्थानीय लोग दहशत में आ रहे हैं। काश्तकार अंधड़ की मार से परेशान हैं तो वहीं ग्रामीण सड़कों पर आवाजाही भी खतरनाक हो चुकी है। ब्लॉक मुख्यालय बेतालघाट समेत तमाम गांव को जोड़ने वाले महत्वपूर्ण मोटर मार्ग पर खैरनी व हल्सों क्षेत्र के समीप सड़क पर गिरे विशालकाय पेड़ बड़ी घटना की ओर इशारे कर रहे हैं। मोटर मार्ग पहले बदहाली का दंश झेल रहा है। ऐसे में मोटर मार्ग पर गिरे पेड़ जोखिम और बड़ा रहे हैं। गांवों के बाशिंदे जान हथेली पर रख आवाजाही को मजबूर हैं। वाहन चालकों को भी तमाम दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इधर, अल्मोड़ा-हल्द्वानी हाईवे पर सुयालबाड़ी बाजार के समीप गिरे पेड़ से यात्री व पर्यटकों की जिंदगी पर खतरा मंडरा रहा है। इस दौरान ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कुबेर सिंह जीना, वीरेंद्र सिंह बिष्ट, मनीष तिवारी, फिरोज अहमद, गजेंद्र सिंह नेगी, गोविंद सिंह, विनोद मेहरा आदि ने ग्रामीण व मुख्य सड़कों पर गिरे पेड़ों का तत्काल निस्तारण करने की मांग उठाई है, ताकि खतरा टाला जा सके।

## सार-संक्षेप



चोरगलिया में रामलीला का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

### चोरगलिया में रामलीला मंचन का शुभारंभ

**चोरगलिया :** श्री आदर्श रामलीला कमेटी चोरगलिया की ओर से हर वर्ष जून माह में रामलीला मंचन किया जाता है। शनिवार को रामलीला मंचन का शुभारंभ ग्राम प्रधान कमल दुर्गपाल व नंदन बोरा ने दीप प्रज्जवलित कर किया। रामलीला के पहले दिन नारद मुनि व भगवान विष्णु संवाद की लीला का मंचन हुआ। जिसे देखकर लोग भावविभोर हो उठे। इस मौके पर सुरेश भारती, आशु बुघानी, दीपक आर्य, भाजपा नेता पान सिंह मेवाड़ी, किरण बेलवाल, समाजसेवी नवीन जोशी, सौरभ शर्मा, महेश जोशी उपस्थित रहे। कमेटी पदाधिकारी कन्नू रूवाली, खष्टी चौसली, दीपक चौसली ने अतिथियों का स्वागत किया।



सीमांत गाव कुनखेत में जनसभा को संबोधित करते प्रकाश जोशी। ● अमृत विचार

### प्रकाश जोशी ने कुनखेत वासियों का जताया आभार

**रामनगर :** नैनीताल लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी रहे प्रकाश जोशी ने सीमांत गांव कुनखेत में जाकर ग्राम वासियों का आभार व्यक्त किया। जोशी ने बताया कि इस गांव से उन्हें सर्वाधिक वोट मिले हैं, जिसमें 250 वोट में से 200 वोट पाकर विजयी रहे। इस दौरान पूर्व विधायक संजीव आर्य ने भी सभी ग्राम वासियों का धन्यवाद व्यक्त किया। ग्राम वासियों ने उन्हें विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। बताया कि प्रकाश जोशी पहले ऐसे लोकसभा प्रत्याशी हैं जो चुनाव हारने के बाद भी गांव में धन्यवाद देने आए। इस दौरान पूर्व प्रधान रूप किशोर, सुमित लोहनी, हेम चंद्र, भानु आर्य, महेश चंद्र, अमित कुमार, प्रदीप जोशी, सौरभ कोहली मौजूद रहे।

### संगीतमय रामकथा से माहौल हुआ राममय

**गरमपानी :** बेतालघाट ब्लॉक के मझेड़ा गांव स्थित गोलू देवता मंदिर परिसर में विधि विधान के साथ संगीतमय रामकथा का श्रीगणेश हो गया। गांव की महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में कलश यात्रा निकाली। भगवान श्रीराम के जयकारों से समूचा माहौल गुंजायमान हो उठा। देर शाम तक भजन कीर्तनों का दौर जारी रहा। धर्माचार्य मनोज जोशी, लोकेश जोशी, ब्रजेश पंत, राजन त्रिपाठी ने यजमान दीप चंद्र पांडे, नीमा पांडे व भास्कर पांडे, लता पाडे से धार्मिक अनुष्ठान पूरे कराए। कथा व्यास पंडित गिरीश चंद्र त्रिपाठी ने श्रद्धालुओं से भगवान श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात करने तथा हमेशा सच्चाई के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। 15 जून को इसका समापन होगा।

### गैस एजेंसी ने तेज किया केवाईसी अपडेट का कार्य

**गरमपानी :** रसोई गैस की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने तथा सही कार्डधारक को सिलेंडर उपलब्ध कराने को बेतालघाट ब्लॉक में ई-केवाईसी करने का कार्य तेज हो गया है। गांवों के लोग गैस विभाग के कार्यालय पहुंचकर केवाईसी अपडेट कराने में जुटे हैं। बेतालघाट गैस गोदाम प्रबंधक मोहन चंद कांडपाल के अनुसार 36 सौ से ज्यादा उपभोक्ताओं की केवाइसी अपडेट कर दी गई है। उज्जवला कनेक्शन के अधिकांश उपभोक्ता भी अपडेट का कार्य पूरा करा चुके हैं। ब्लॉक के गांवों में करीब 7767 सामान्य उपभोक्ता हैं और 2216 उज्जवला गैस कनेक्शन धारक हैं। गांवों में भी शिविर लगाकर केवाईसी अपडेट करने का कार्य किया जा रहा है।



योग शिविर के शुभारम्भ पर मौजूद लोग। ● अमृत विचार

### कोसी बैराज में 10 दिवसीय निशुल्क योग शिविर शुरू

**रामनगर :** कोसी बैराज स्थित ग्रीन वैली रेस्टोरेंट में दस दिवसीय निशुल्क योग शिविर शुरू हो गया है। रामनगर योगा ग्रुप के संचालक डॉ. संतोष कोटिया, योगाचार्य डॉ. कमल पटवाल, योगाचार्य मीनाक्षी नेगी व अनीता पोखरियाल ने बताया कि सुबह 5 बजे से 6 बजे तक योग कक्षा लगाई जा रही है। जिसमें योगा जॉगिंग समस्त प्रकार के आसन, प्राणायाम, ध्यान और दैनिक जीवन में निरोग रहने की कला सिखाई जा रही है। साथ ही प्राकृतिक उपचार व आहार के बारे में जानकारी दी जा रही है। उन्होंने लोगों से शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

# केसरी सदन ने जीती एथलेटिक्स ट्रॉफी

संवाददाता, भवाली

**अमृत विचार :** सैनिक स्कूल घोड़ाखाल ने शनिवार को अपना वार्षिक खेल दिवस हर्षोल्लास से मनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार व विशिष्ट अतिथि श्वेता डंगवाल रहे। प्रधानाचार्य ग्रुप कैप्टन वीएस डंगवाल ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। कार्यक्रम का आरंभ नव स्थापित अंग्रेजी भाषा प्रयोगशाला के उद्घाटन के साथ हुआ। इसके बाद विद्यालय के कैडेट्स ने मुख्य अतिथि को गार्ड ऑफ ऑनर दिया।

वार्षिक खेलोत्सव का आरंभ विद्यालय के छात्रों के मार्च पास्ट और मशाल प्रज्वलन समारोह से हुआ। इसके बाद ध्वज ड्रिल, योग प्रदर्शन, जुम्बा डांस, ट्रैक इवेंट्स, पीटी प्रदर्शन और बैंड प्रदर्शन जैसे अनेक कार्यक्रम हुए। खेल दिवस का मुख्य आकर्षण स्कूल बैंड का प्रदर्शन रहा। इस अवसर पर सबसे प्रतिष्ठित एथलेटिक्स चैंपियनशिप ट्रॉफी केसरी सदन ने जीती। कैडेट सुमी सिन्हा को सर्वश्रेष्ठ बालिका एथलीट के रूप में चुना गया। कैडेट नमन चाहर और कैडेट बादल सिंह को क्रमशः जूनियर और सीनियर श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ एथलीट घोषित किया गया। सर्वश्रेष्ठ योग प्रदर्शन ट्रॉफी सिंह और शिवालिक सदन ने साझा की। सर्वश्रेष्ठ मार्च पास्ट ट्रॉफी केसरी सदन ने जीती। सर्वश्रेष्ठ एरोबिक पीटी ट्रॉफी सिंह सदन ने जीती। कार्यक्रम का समापन मुख्य अतिथि के भाषण के साथ हुआ। उन्होंने छात्रों में नेतृत्व गुण, टीमवर्क और शारीरिक फिटनेस के विकास में खेलों के महत्व पर जोर दिया। इस मौके पर जीएस जोशी, पुष्कर कोश्यारी को सम्मानित किया गया। ग्रुप कैप्टन डंगवाल ने मुख्य अतिथि को स्कूल का स्मृति चिन्ह भेंट किया।



सैनिक स्कूल घोड़ाखाल में विजेताओं को सम्मानित करते अतिथि एवं सैन्य अधिकारी।

# पेयजल योजनाओं को अराजक तत्वों से बचाएं

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार :** बेतालघाट ब्लॉक के तमाम गांवों में पेयजल आपूर्ति को बने टैंक के समीप पाइप लाइन को लगातार नुकसान पहुंचाने का मामला तूल पकड़ने के बाद एसडीएम कार्यालय तक पहुंच गया है। ग्रामीणों ने एसडीएम से योजना को नुकसान पहुंचने वाले अराजक तत्वों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग उठाई है।

ब्लॉक के मल्लाकोट, तल्लाकोट, माजकोट, पनौराकोट तथा जीआइसी व राजकीय प्राथमिक विद्यालय धनियाकोट को जल संस्थान की योजना से पानी की आपूर्ति की जाती है। प्राकृतिक जल स्रोत के समीप ही बने टैंक से पानी की आपूर्ति गांवों को होती है पर पिछले एक सप्ताह से अराजक तत्वों का बोलबाला बढ़ने से गांवों में पेयजल आपूर्ति ठप हो रही है। भीषण गर्मी में ग्रामीण बूंद-बूंद पाने के लिए तरस रहे हैं। ग्रामीण कृपाल सिंह मेहरा व पुष्कर सिंह पनौरा ने एसडीएम विपिन चंद्र पंत को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि गांव की पेयजल योजना को लगातार नुकसान पहुंचाया जा रहा है। पाइप लाइन में जहां-तहां कूड़ा कचरा फंसा कर आपूर्ति ठप कर दी जा रही है, जिससे गांव में पेयजल संकट बढ़ गया है।

### सीआईएसएफ जवान का निलंबन वापस लिया जाए

**रामनगर :** समाजवादी लोक मंच ने अभिनेत्री कंगना रनौत के साथ चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर अभद्रता करने के आरोप में सीआईएसएफ कर्मचारी कुलविंदर कौर के निलंबन को वापस लेने तथा एयरपोर्ट की सीसीटीवी फुटेज को सार्वजनिक करने की मांग उठाई है। मंच के संयोजक मुनीष कुमार ने कहा कि कंगना रनौत ने किसान आंदोलन में शामिल महिलाओं के साथ असंसदीय भाषा का प्रयोग कर गाली-गलौज की। एयरपोर्ट पर भी उन्होंने व उनकी बहन ने एक समुदाय विशेष के खिलाफ शत्रुतापूर्ण भाषा का प्रयोग कर नफरती बयान दिया, जिसके लिए उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज होना चाहिए। महिला कर्मी के साथ अन्याय नहीं होना चाहिए।

### प्रमाण पत्र उपलब्ध न होने से ग्रामीण परेशान

**गरमपानी :** कोसी घाटी स्थित बेतालघाट व कोश्याकुटोली तहसील में पिछले कई दिनों से स्थाई, जाति, चरित्र समेत कई प्रमाण पत्र नहीं बन रहे हैं। दूरदराज के गांवों से आवश्यकीय कार्य को प्रमाण पत्र के लिए ग्रामीण तहसीलों में पहुंच रहे हैं पर प्रमाण पत्र लंबित होने से बाशिंदे को मायूस होकर लौटना पड़ रहा है। प्रतियोगी परीक्षाओं के आवेदन के लिए भी युवा तहसील के चक्कर लगा रहे हैं पर प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं हो पा रहे। एसडीएम विपिन चंद्र पंत के अनुसार तहसीलदार का स्वास्थ्य बिगड़ने से परेशानी हुई है। मामला संज्ञान में है। जल्द व्यवस्था में सुधार कर प्रमाण पत्र तैयार करवाए जाएंगे।












# बिजली और पानी की आपूर्ति सुचारू करने को सामंजस्य बनाएं अधिकारी

## विधायक बंशीधर भगत ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ किया कोटाबाग का दौरा

संवाददाता, कालाढूंगी/हल्द्वानी



कोटाबाग में अधिकारियों के साथ पेयजल संकटग्रस्त क्षेत्र का निरीक्षण करते विधायक बंशीधर भगत। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** भाजपा विधायक बंशीधर भगत ने शनिवार को स्वजल, जल संस्थान, नलकूप खंड, पेजयल निगम व बिजली विभाग के अधिकारियों की टीम के साथ कोटाबाग के पेयजल संकटग्रस्त बजूनिया हल्दू, पतलिया, नाथूनगर, मूसानवाड़ गांवों का दौरा किया। उन्होंने अधिकारियों को सामंजस्य स्थापित कर पानी, बिजली की आपूर्ति सुचारू करने के निर्देश दिए।

विधायक भगत ने बताया कि दो दिन पूर्व कोटाबाग भ्रमण के दौरान जनता ने पेयजल संकट व सिंचाई के लिए पानी किल्लत की शिकायत की थी। आरोप लगाया था कि संबंधित विभागों के अधिकारी एक-दूसरे के पाले में गेंद फेंककर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेते हैं। इसी क्रम में सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को गांवों का दौरा कराया गया।

उन्होंने स्वजल प्रोजेक्ट के निदेशक हिमांशु जोशी को योजना से बने दो नलकूपों को नलकूप खंड एवं जल संस्थान को हस्तांतरित करने के निर्देश दिए। पेयजल संकट से निजात के लिए इन नलकूपों का संचालन आवश्यक है। विधायक ने नलकूप खंड के ईई राजेश कुमार को 15 दिनों के भीतर नलकूपों की तकनीकी जांच जैसे मोटर पावर की क्षमता, पानी के डिस्चार्ज की मात्रा, बोरिंग की गहराई, पानी आपूर्ति के लिए जरूरी अपग्रेडेशन करने के निर्देश दिए, ताकि नलकूपों का हस्तांतरण हो सके। उन्होंने जल निगम अधिकारियों को जलस्रोत से रुड़की टैंक तक छह इंच के बजाय आठ इंच की पाइप लाइन बिछाने एवं टैंक से अलग-अलग ग्रामीण क्षेत्रों में छह इंच की लाइन बिछाने के निर्देश दिए। ईई पल्लवी चौधरी को जल जीवन मिशन में होने वाले अतिरिक्त खर्च का एस्टीमेट बनाकर शासन को भेजने के निर्देश दिए। साथ ही क्षेत्रवार मानकों के अनुसार पाइप लाइन बिछाने एवं कनेक्शन देने को कहा है। इसके अलावा गर्मी में पानी की आपूर्ति एक के बजाय दो घंटे करने को कहा। उन्होंने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि लो वोल्टेज की समस्या का समाधान किया जाए। इस दौरान विद्युत ईई उमाकांत द्विवेदी, जोगा सिंह मेहरा, विनोद बधानी, दीप तिवारी, दिनेश त्रिपाठी, नवीन गरजौला, नवीन पंत, बिशन नगरकोटी, मुकेश वर्मा, रमेश भट्ट , हरीश चंद्र पंत, देवेंद्र आर्या मौजूद रहे।

## 210 वाहनों के काटे चालान

**हल्द्वानी :** परिवहन विभाग की प्रवर्तन टीमों ने शनिवार को हल्द्वानी हैड़ाखान, खनस्यूं-पतलोट सहित नैनीताल, कैंची, भवाली, धानाचूली और ओखलकांडा क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान 210 वाहनों के विभिन्न अभियोगों में चालान किए गए। इनमें 13 ओवरलोड यात्री वाहन, 125 टैक्सी/मैक्सी वाहनों में अनाधिकृत करियर लगे हुए होने, 3 बिना परमिट, 8 बिना फिटनेस, 2 बिना आरसी, 13 बिना टैक्स, 10 अवमानना, 4 बिना प्रदूषण, 27 बिना हेलमेट, 9 नो पार्किंग सहित 25 अन्य अभियोगों में चालान किये गए।

## अतिक्रमण पर छह लोगों का चालान

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** नगर निगम की टीम ने शनिवार को क्रियाशाला के पास अभियान चलाया। इस दौरान सड़क पर अतिक्रमण करने वाले एक दर्जन सब्जी व फल विक्रेताओं को हटाया गया। साथ ही 6 लोगों के 6 हजार रुपये के चालान काटे गये।

इससे पूर्व नगर निगम की टीम ने नैनीताल रोड, मंगलपड़ाव व डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल के आसपास से अतिक्रमण हटाया था। टीम में सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट, सफाई निरीक्षक अमोल असवाल व चतर सिंह मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप



पेंशनर्स की मासिक बैठक को संबोधित करते अध्यक्ष एलडी पांडे।

### पेंशनर्स वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन की बैठक संपन्न

**हल्द्वानी :** गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन की बैठक शनिवार को अरुणोदय धर्मशाला में हुई। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष लीलाधर पांडे व संचालन महासचिव विजय तिवारी ने किया। बैठक में एक्टिव टीम के संयोजक रमेश चन्द्र पांडे ने संतोष चौधरी को टीम के संयोजक मंडल में शामिल करने का ऐलान किया। वक्ताओं ने एक स्वर कम्यूटेशन की मनमानी वसूली पर न्यायालय के आदेश का स्वागत किया। सर्वसम्मति से तय हुआ कि सचिवालय पेंशनर्स संघ के अध्यक्ष सुमन सिंह वाल्दिया की अध्यक्षता में कम्यूटेशन को लेकर जो समन्वय समिति बनी है, उसे सहयोग किया जाएगा। दिनेश पाठक और वीरेन्द्र नयाल ने संगठन की सदस्यता ली। इस दौरान पीएस जीना, भुवन चन्द्र पांडे, एसएस रावत, डीके पन्त, वीके मिश्रा, नेत्र प्रकाश गौढ़, एससी तिवारी, आरपी जोशी मौजूद रहे।

### विश्व योग दिवस पर होंगी विभिन्न प्रतियोगिताएं

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के योग विभाग की ओर से विश्व योग दिवस पर 15 से 21 जून तक विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें निबंध लेखन प्रतियोगिता, योग प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, योग विषय से संबंधित राष्ट्रीय वेबिनार, पोस्टर प्रतियोगिता और योगासन प्रतियोगिता होगी। विभिन्न स्तर की प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार व प्रमाण-पत्र और प्रतिभागियों को भी प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इच्छुक प्रतिभागी 14 जून तक अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

### तीन लाइनों में बांटा 33 केवी लाइन का भार

**हल्द्वानी :** कमलुवागांजा बिजली घर से 33 केवी की मेन लाइन का भार तीन लाइनों में बांटा दिया गया है। 33 केवी की लाइन से कालाढूंगी उपसंस्थान व 13 बीघा से जुड़े फीडरों तक बिजली आपूर्ति होती है। बीते दिनों कमलुवागांजा बिजली घर से 33 केवी की मेन लाइन में लोड बढ़ने के चलते फाल्ट आ गया था। जिसके चलते उपभोक्ताओं को करीब 8 घंटे तक बिजली कटौती का सामना करना पड़ा था। शनिवार को बिजली विभाग की ओर से मेन सप्लाई की केबल की मरम्मत कराई गई। मेन सप्लाई केबल के भार को 3 लाइनों में बांटा गया।



संगोष्ठी के दौरान मौजूद एनसीसी कैडेट्स। ● अमृत विचार

### एनसीसी कैडेट्स ने मनाया विश्व समुद्र दिवस

**भवाली :** विश्व समुद्र दिवस पर गोविंद बल्लभ पंत इंटर कॉलेज भवाली में एनसीसी कैडेट्स ने संगोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें 79 उत्तराखंड वाहिनी एनसीसी नैनीताल के कमान अधिकारी राजेश कौशिक के निर्देशन में कैडेटों व अध्यापकों ने व्याख्यान दिये व चार्ट-मॉडल प्रदर्शनी लगाई। कविता वाचन कैडेट नेहा टम्टा ने किया। समुद्री जीवन पर कैडेट चंदू साहनी ने अपने विचार रखे। मत्स्य पालन पर हिमानी खनेड़ा, तरुण उप्रेती ने अपने व्याख्यान दिया। कैडेट नेहा कर्नाटक ने प्रवाल जीव और हिमांशु गैड़ा ने मत्स्य संरक्षण पर विचार रखे। कैडेट अर्पिता ने समुद्र दिवस पर विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर कार्यवाहक प्रधानाचार्य अरुण कुमार जोशी, शिवेंद्र सिंह नेगी, मेजर कैलाश चंद्र लोहनी, द्वितीय अधिकारी भगत सिंह नेगी, कैडेट इकरा, हिमानी, अक्षिता, अनस, डिंपल, माही मौजूद रहे।

### पानी का बिल अधिक आने से लोगों में रोष

**हल्द्वानी :** गौजाजाली इलाके में पेयजल निगम की ओर से लोगों को पानी का अधिक मिल भेजा जा रहा है। जिससे लोगों में रोष व्याप्त है। निवर्तमान पार्षद मनोज मठपाल ने बताया कि जनवरी से मई माह का पानी का बिल 15 हजार आ रहा है। जबकि पूर्व में जलसंस्थान के पास बिल भेजने की जिम्मेदारी थी तो हर माह 300 रुपये ही पानी का बिल आता था। अब पेयजल निगम मीटर के हिसाब से बिल मांग रहा है। पेयजल की आपूर्ति नहीं होने पर भी पेयजल निगम के मीटर चल रहे हैं। कहा कि पहले पेयजल निगम को अपने मीटरों की जांच करानी चाहिए। शीघ्र ही उच्च अधिकारियों से वार्ता कर पानी के बिलों को सही करने की मांग की जायेगी।

### हॉकी में बलरामपुर व काशीपुर रहे विजेता

**नैनीताल :** ऑल इंडिया ट्रेंड्स कप हॉकी प्रतियोगिता का शनिवार को शुभारंभ हो गया। जिसमें देश के अलग-अलग राज्यों से करीब 50 टीम में प्रतिभाग कर रही हैं। मुख्य अतिथि हॉकी नेशनल बोर्ड कोऑर्डिनेटर सुशील कुमार मधु व विशिष्ट अतिथि पूर्व ओलंपियन जफर ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उद्घाटन मुकाबला रामपुर व बलरामपुर तथा दूसरा मुकाबला काशीपुर ओर गोंडा के बीच खेला गया। जिसमे बलरामपुर और काशीपुर विजयी रहे। डीएसए मैदान में वर्ष 1922 से ऑल इंडिया ट्रेंड्स कप हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। पाकिस्तान की मुलतान हॉकी क्लब भी प्रतिभाग कर चुकी है।

### विधायक के जन्म दिन पर हुए कई कार्यक्रम

**रामनगर :** भाजपा कार्यकर्ताओं ने अलग-अलग स्थानों पर विधायक दीवान सिंह बिष्ट का जन्मदिन मनाते हुए उनके दीर्घायु होने की कामना की। कोसी बैराज स्थित एक रेस्ट्रोरेंट में महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य माया रावत व महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष नीमा मठपाल ने केक काटकर विधायक बिष्ट को बधाई दी। इस दौरान मदन जोशी, मनप्रीत कौर, दीपा कोटिया, मनीष अग्रवाल, अशोक गुप्ता, पूरन नैनवाल, पंकज पांडे, कल्पना शर्मा, ममता गर्ग मौजूद रहे। उधर, भाजपा नगर अध्यक्ष मदन जोशी के नेतृत्व में अस्पताल में रोगियों को फल वितरित किये गये। इस दौरान नरेंद्र शर्मा, भगीरथ लाल चौधरी, आशीष ठाकुर मौजूद रहे। उधर विधायक बिष्ट व ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि इन्दर रावत का जन्मदिन भाजपा नेता शुभम उत्तम के नेतृत्व में केक काट कर मनाया गया।



सत्यनारायण मंदिर में मां जगदीशिला डोली की पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु।

## मां जगदीशिला डोली यात्रा का हुआ स्वागत

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** मां जगदीशिला की डोली यात्रा शनिवार को भोलानाथ गार्डन स्थित सत्यनारायण मंदिर पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने यात्रा का स्वागत किया। डोली यात्रा देर शाम 8 बजे पहुंची, जहां मंदिर में पूजा-अर्चना की गई और डोली ने सभी को आशीर्वाद दिया। रात्रि विश्राम मंदिर में ही गया। इस दौरान यात्रा के संयोजक पूर्व कैबिनेट मंत्री मंत्री प्रसाद नैथानी ने कहा कि यात्रा से प्रदेशभर में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और प्रदेश तीर्थाटन के क्षेत्र में तरक्की होगी। उन्होंने बताया कि यात्रा रविवार सुबह 8 बजे काशीपुर को रवाना होगा। यात्रा का समापन गंगा दशहरा (16 जून) को टिहरी गढ़वाल में होगा। कार्यक्रम में महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान मंदिर कमेटी के सचिव राजकुमार आनंद, अध्यक्ष पंकज कपूर, रूप सिंह मटियाला, संयोजक केदार पलड़िया, संध्या डालाकोटी, किरन डालाकोटी, प्रदीप नेगी, भागीरथी बिष्ट, मुकुल भगत, महेश पलड़िया आदि मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री मोदी के शपथ ग्रहण में राज्य से शामिल होंगे 140 भाजपा पदाधिकारी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रविवार को नई दिल्ली राष्ट्रपति भवन में होने वाले शपथ ग्रहण समारोह के लिए प्रदेश के 140 जनप्रतिनिधि एवं भाजपा पदाधिकारियों को न्योता आया है। समारोह में शामिल होने के लिए अधिकांश पदाधिकारी दिल्ली रवाना हो गए हैं।

प्रधानमंत्री मोदी रविवार को शाम 7.15 बजे राष्ट्रपति भवन में शपथ ग्रहण करेंगे। इसमें राज्य से 47 विधायक, संगठनात्मक लिहाज से 17 जिलाध्यक्ष, प्रदेश कार्यकारिणी के अध्यक्ष समेत सभी पदाधिकारियों, दर्जा मंत्रियों को आमंत्रित किया गया है। जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने बताया कि राज्य से सभी विधायक, दर्जा मंत्री, जिलाध्यक्ष से प्रदेश कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों को बुलाया गया है। उन्होंने कहा कि अधिकांश लोग शनिवार की शाम को दिल्ली के लिए रवाना हो गए, जबकि शेष लोग रविवार की सुबह दिल्ली के लिए रवाना होंगे।



डॉ. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी द्वारा प्रधानमंत्री मोदी को भेजे गये चांदी के सिक्के।

## प्रधानमंत्री मोदी को भेजे चांदी के सिक्के व कविता

हल्द्वानी : भाजपा प्रबुद्ध प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री चुने जाने पर कविता के जरिए शुभकामना संदेश भेजा है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के सम्मान में एक स्वरचित कविता, तीन शुद्ध चांदी के सिक्के भेजे हैं। इन सिक्कों में एक पर प्रधानमंत्री मोदी की तस्वीर, दूसरे में नाम एवं तस्वीर, तीसरे में अयोध्या में स्थापित प्रभु श्री राम का मंदिर का चित्र प्रिंट है। उन्होंने बताया कि आगामी 17 सितंबर 2024 को प्रधानमंत्री मोदी के 74 वर्ष पूरे होने पर शुद्ध चांदी के 74 सिक्के उपहार में देंगे।

## फिल्टर प्लांट की सफाई के चलते ठप रहेगी जलापूर्ति

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** शीशमहल स्थित फिल्टर प्लांट की सफाई के चलते 10 जून सोमवार को पेयजल आपूर्ति ठप रहेगी। करीब 25 हजार की आबादी को पानी का संकट झेलना पड़ेगा। नैनीताल रोड, बरेली रोड, ऊंचापुल, चौपला, बिठौरिया, लालडांठ, कालाढूंगी रोड समेत कई क्षेत्रों में जलापूर्ति नहीं होगी। सोमवार को सुबह 10 से दोपहर एक बजे तक फिल्टर प्लांट बंद रहेगा। शहर की आधी आबादी को गौला बैराज से पानी की आपूर्ति होती है। गौला बैराज से मिलने वाला पानी फिल्टर प्लांट से साफ करने के बाद ही लोगों के घरों में पहुंचता है, लेकिन गौला बैराज से जिस इलाके में फिल्टर प्लांट को पानी दिया जाता है वहां पर भारी मात्रा में सिल्ट जमा होने के चलते इसकी सफाई का कार्य होना है। जलसंस्थान के अधिशासी अभियंता आरए लोशाली ने बताया कि सिंचाई विभाग नहर में सिल्ट की सफाई करेगा। जिसके चलते सुबह तो लोगों को पानी की आपूर्ति की जाएगी। लेकिन फिल्टर प्लांट बंद होने से शाम को लोगों तक पानी नहीं पहुंच पाएगा। मंगलवार से पानी की आपूर्ति सुचारू रूप से हो पाएगी।

## एमएससी चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को दी विदाई

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** एमबीपीजी कॉलेज में शनिवार को भौतिक विज्ञान विभाग के एमएससी चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को एमएससी द्वितीय सेमेस्टर के छात्रों ने विदाई दी। द्वितीय सेमेस्टर के छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। छात्र सुब्रतो ने मधुर बांसुरी वादन से सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं में आलम नसरुद्दीन मिस्टर फेयरवेल और अंशिका उपाध्याय मिस फेयरवेल बनी। संचालन भौतिक प्राध्यापक डॉ. नवल किशोर लोहनी ने किया। प्राचार्य एनएस बनकोटी ने सभी छात्रों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। डॉ. एसके श्रीवास्तव ने शोध संस्थानों में पीएचडी की तैयारी करने के लिए कहा। भौतिक विज्ञान विभाग की पूर्व छात्रा अंकिता कुमारी को राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करने पर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. चारू चंद्र ढोंडियाल, डॉ. मुकुल तिवारी, डॉ. मंजू भट्ट, डॉ. चेतन जोशी, विकास पांडे, अर्चना अनुपम, कमला मौजूद रहे।

# 405 होमगार्ड जवान हुए सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



डीआईजी होमगार्ड अमिताभ श्रीवास्वत के साथ सम्मानित होमगार्ड्स।

**अमृत विचार :** शांतिपूर्वक चुनाव ड्यटी निपटाकर लौटे होमगार्ड्स ने शनिवार को जमकर धमाल मचाया। उन्होंने न सिर्फ लोकगीतों पर जमकर ठुमके लगाए, बल्कि गीत भी गाए। इस खास मौके पर पहुंचे डीआईजी होमगार्ड अमिताभ श्रीवास्तव ने दिल्ली और हिमाचल प्रदेश से लौटे 405 होमगार्ड जवानों को प्रोत्साहित किया और प्रशस्ति-पत्र व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

नवाबी रोड स्थित बैंक्वेट हॉल में शनिवार को जिला होमगार्ड कार्यालय की ओर से होमगार्ड जवान सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर गणेश वंदना कर डीआईजी होमगार्ड अमिताभ श्रीवास्तव, मंडलीय कमांडेंट ललित मोहन जोशी, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी रेखा पांडे ने की। कार्यक्रम की शुरुआत में बच्चों ने लोकगीतों की हारमोनियम, तबला और ढोलक की ताल पर प्रस्तुति दी। वहीं होमगार्ड जवानों ने भी सांस्कृतिक गीत गाकर आयोजन में रंग जमाया। कार्यक्रम में वैतनिक प्लाटून कमांडर शशि बोरा, ब्लॉक ऑर्गनाइजर सोनू कुमार, ओमवीर, वरिष्ठ सहायक मधु एवं अवैतनिक प्लाटून इंचार्ज व होमगार्ड जवान मौजूद रहे।

## वार्ड में 20 नए विद्युत पोल लगाने की मांग

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** मुखानी तृतीय रूपनगर वार्ड 53 के लोगों ने चौपाल में नगर निगम के अधिकारियों से कई पोलों में स्ट्रीट लाइट लंबे समय से खराब होने की शिकायत की। जिस पर अधिकारियों ने लाइटों को रविवार को सही करने का आश्वासन दिया। भगवान सिंह बोरा व एनएस किरौला ने वार्ड में 20 नए पोल लगाने व उनमें विद्युत की व्यवस्था करने की मांग उठाई। वहीं वार्ड 54 में लोगों ने जलभराव की समस्या से टीम को अवगत कराया। साथ ही सीवर की गंभीर समस्या पर अधिकारियों ने सभी से अपने यहां सोख्ता बनाने को कहा। टीम ने मकान मालिकों से अपने किराएदारों से कूड़ा कर देने को कहा।






## एक नजर

### कारखाने में कार्य कर रहा श्रमिक घायल

**बाजपुर :** रोड निर्माण का काम करने वाली एक कंपनी के सीमेंटेड पिलर बनाने वाले कारखाने में कार्य के दौरान भारी भरकम सीमेंटेड पिलर की चपेट में आकर एक श्रमिक बुरी तरह घायल हो गया। मूल रूप से उदयपुर लखीमपुर खीरी (उप्र) निवासी अशोक कुमार यहां राष्ट्रीय राजमार्ग-74 का निर्माण करने वाली एक कंपनी के केलाखेड़ा के नजदीक स्थित सीमेंटेड पिलर बनाने के कारखाने में ठेकेदार के माध्यम से श्रमिक का काम करता है। बताया जाता है कि शनिवार की सुबह वह अन्य साथियों के साथ सीमेंटेड पिलर निर्माण के कार्य में लगा था। इसी बीच अचानक एक भारीभरकम पिलर अचानक गिर गया जिसकी चपेट में आकर अशोक गंभीर रूप से घायल हो गया जिससे वहां मौजूद श्रमिकों व कंपनी के लोगों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में घायल को उपजिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है। हादसे के बाद श्रमिकों ने दिनभर काम बंद रखा।

### पुलिस ने एक वारंटी दबोचा

**खटीमा :** आबकारी अधिनियम के मामले में दो साल से फरार चल रहे ग्राम रघुलिया निवासी शमशेर सिंह के खिलाफ न्यायालय ने वारंट जारी किया था। इसके तहत सत्रहमील चौकी प्रभारी ललित सिंह बिष्ट ने आरोपी के घर में दबिश देकर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया।

# क्रेटा कार-बाइक लूट कांड का पर्दाफाश

## संयुक्त टीम ने दबोचे दो शातिर बदमाश, तमंचे व प्रयुक्त चोरी के वाहन बरामद

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** तमंचा दिखाकर क्रेटा कार व बाइक लूट कांड और एसओजी पर कार चढ़ाने वाले गिरोह का संयुक्त टीम ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने बदमाशों से लूटी गई कार व बाइक सहित प्रयुक्त कार व बाइक के अलावा तमंचों के साथ गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

लूटकांड व हमला कांड का खुलासा करते हुए एसएसपी मंजूनाथ टीसी, एसपी सिटी मनोज कत्याल, सीओ निहारिका तोमर और सीओ पंतनगर ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि 30 मई की रात्रि को कार सवार बदमाशों द्वारा तमंचा दिखाकर बाइक लूटने और रुद्रपुर कोतवाली इलाके में चालक को तमंचा दिखाकर बाइक सवार द्वारा क्रेटा कार लूटने की वारदात हुई थी। जिसको गंभीरता से लेते हुए एसओजी सहित थाना पुलिस की एक संयुक्त टीम बनाकर खुलासे के लिए लगाया गया। उन्होंने बताया कि टीम अभी तलाश कर ही रही थी कि सूचना के आधार पर जब एसओजी की टीम ने गाबा चौक पर ईको स्पोर्ट सवार बदमाशों की घेराबंदी कर पीछा किया तो कार सवार बदमाशों ने एसओजी के सिपाहियों पर कार चढ़ाकर मारने का प्रयास भी किया था और फरार हो गए थे। उन्होंने बताया कि आठ जून को मिली सूचना के आधार पर टीम ने प्रीत बिहार बारा दरी मार्ग पर घेराबंदी कर मोहल्ला टांडा फतेहगढ़ चुडिया गुरदास पुर पंजाब व हाल निवासी ग्राम लालपुर ईसानगर बिलासपुर के जश्नप्रीत सिंह और फतेहगढ़ गुरदासपुर पंजाब निवासी आकाशदीप उर्फ काशी को गिरफ्तार कर लिया और उनके कब्जे से 315 बोर के तमंचे व कारतूस भी बरामद किया।



लूट कांड का खुलासा करते एसएसपी मंजूनाथ टीसी, साथ में पकड़े गए आरोपी।

### दो बार हुई बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़

रुद्रपुर : पंतनगर व कोतवाली में हथियार के बल पर लूट की वारदात के बदमाशों और एसओजी व संयुक्त टीम की दो बार मुठभेड़ हुई, लेकिन बदमाश गच्चा देकर फरार हो जाते थे। खुलासे में बताया कि पुलिस की हर टीम अपनी-अपनी दिशा में कार्य कर एक दूसरे को बदमाशों की सुरागरसी कर रही थी। 31 मई को एसओजी व बदमाशों में मुठभेड़ की स्थिति बनी और वहीं दूसरी ओर छह जून को भी घेराबंदी के बाद पुलिस की एक टीम से बदमाशों की भिड़ंत हुई, लेकिन हमेशा की तरह आरोपी गच्चा देकर फरार हो जाते थे।

### आकाशदीप है लूट कांड का सरगना

**रुद्रपुर :** फतेहगढ़ गुरदासपुर पंजाब का रहने वाला आकाशदीप उर्फ काशी आदतन अपराधी है और पंजाब में भी लूट की वारदात को अंजाम दे चुका है। मुठभेड़ के दौरान एसओजी को यह पता चला कि आकाशदीप ही लूट कांड का सरगना है और अपने साथियों के साथ मिलकर लूट की ताबड़तोड़ वारदात करता है और दूसरे जिलों में जाकर आपराधिक वारदातों को अंजाम देता रहता है। पुलिस ने पंजाब पुलिस से संपर्क कर आरोपी के आपराधिक इतिहास को खंगालना शुरू कर दिया है।

### तीन दिन में तीन वारदातें

रुद्रपुर : लूटकांड के खुलासे के दौरान सीओ निहारिका तोमर ने बताया कि तमंचा दिखाकर वाहन लूट की वारदात को अंजाम देने वाला आकाशदीप का गैंग एक संगठित गिरोह है और हमेशा जगह बदल-बदल कर लूट करता है। पूछताछ में पता चला कि दोनों ही बदमाश मई माह में यूपी सीमावर्ती इलाकों से रुद्रपुर पहुंचे थे और पूरे इलाके की रेकी करने के बाद तीन दिन में तीन संगीन वारदातों को अंजाम दिया। क्रेटा कार व बाइक लूट सहित एसओजी को कार से रौंदने की गिरोह की इलाके में तीसरी घटना थी।

### बनाई गई थीं चार टीमें

**रुद्रपुर :** कार-बाइक लूट गैंग को दबोचने के लिए एसओजी सहित थाना-कोतवाली की चार टीमों का गठन हुआ था। जिसका नेतृत्व एसओजी प्रभारी संजय पाठक, पंतनगर थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह डांगी, कोतवाल धीरेंद्र कुमार और दिनेशपुर एसओ कर रहे थे। प्रत्येक टीम को सीसीटीवी कैमरे खंगालने, तकनीकी पुलिसिंग व सुरागरसी का दायित्व सौंपा गया था।

# टीडीसी कर्मियों ने मांगा पूरा डीए और वार्षिक प्रोन्नति

**पंतनगर:** उत्तराखंड बीज एवं तराई विकास निगम (टीडीसी) कर्मचारियों ने हल्दी मुख्यालय पर सभा का आयोजन किया। इसमें वक्ताओं ने वर्षों से लंबित डीए और वार्षिक प्रोन्नति की मांग की।

सभा में वक्ताओं ने कहा कि टीडीसी प्रबंधन अपने कर्मचारियों को अब तक छठे वेतनमान के तहत 139 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ते का भुगतान कर रहा है। जबकि टीडीसी की पूर्व प्रबंध निदेशक रंजना राजगुरू ने अपने कार्यकाल में 164 प्रतिशत की दर से डीए भुगतान की स्वीकृति प्रदान की थी। तब प्रबंधन ने निगम कर्मचारियों को यह कहकर आश्वस्त किया था कि रबी सत्र में उत्पादित संपूर्ण बीज की बिकी होने पर शेष 25 प्रतिशत डीए का भुगतान इसी वर्ष में कर दिया जाएगा। परंतु पूरा बीज विक्रय होने के बावजूद उन्हें पूरे डीए भुगतान नहीं किया गया है।

कर्मचारियों की पूर्व स्वीकृत 164 प्रतिशत डीए मांग को प्रबंधन के दरकिनार करने से उनमें असंतोष है। इस मौके पर टीडीसी कर्मचारी संगठन अध्यक्ष रमेश कुमार, महामंत्री हरपाल यादव, रामचंद्र राम, सुदामा यादव, कुलवंत जीना, कमलेश्वर शर्मा और शेखर खर्कवाल आदि मौजूद थे।

# पंत विवि से एमटेक का छात्र लापता, हड़कंप

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचार:** पंतनगर विवि में अध्ययनरत एक छात्र शुक्रवार दोपहर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया, जिससे विवि प्रशासन में हड़कंप मच गया। अधिकारियों ने छात्र के परिजनों और पुलिस को सूचना देकर परिसर में लगे सीसीटीवी खंगाले, लेकिन छात्र का खबर लिखे जाने तक कोई पता नहीं चल सका है।



राघव सिंह परमार।

त्रिवेणीपुरम झूंसी, प्रयागराज (यूपी) निवासी राघव सिंह परमार (24) पुत्र रणंजय सिंह परमार जीबी पंत कृषि विवि के प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में एमटेक (सिविल इंजीनियरिंग) प्रथम वर्ष का छात्र है। राघव प्राध्यापक डॉ. ज्योति प्रसाद की एडवाइजरी में शिवालिक भवन छात्रावास के कमरा नंबर-202 में रहकर पढ़ाई कर रहा है। शुक्रवार दोपहर 12 बजे शिवालिक के अन्य अंतःवासी छात्रों ने भोजन के दौरान राघव को नहीं देखा, तो तबीयत आदि का जानकारी लेने उसके कमरे पर पहुंचे। कमरे में ताला लगा देखकर उन्हें आश्चर्य हुआ और उन्होंने राघव की पूरे छात्रावास में खोजबीन की। इस दौरान उसका मोबाइल भी बंद मिलने पर उन्होंने इसकी सूचना वार्डन डॉ. राजीव रंजन को दी। सूचना पर पहुंचे वार्डन सहित अन्य अधिकारियों ने राघव के परिजनों से उसके वाराणसी तो नहीं पहुंचने की जानकारी ली। परिजनों के मना करने पर विवि परिसर के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला गया, लेकिन राघव का कुछ पता नहीं चला। इस दौरान कई बार सर्विलांस से छात्र की लोकेशन पंतनगर रेलवे स्टेशन पर मिली। विवि के अधिकारी और राघव के परिजन इस संभावना में रात भर एक-दूसरे को फोन करते रहे कि शायद छात्र की कोई सूचना मिली होगी। सुबह होते ही छात्र के परिजन पंतनगर पहुंच गए, जिसके बाद वार्डन राजीव की ओर से पंतनगर में छात्र की गुमशुदगी की तहरीर देकर उसके मोबाइल की सीडीआर निकलवाई जा गई है। वार्डन राजीव ने बताया कि छात्र पंतनगर के आसपास ही मौजूद है और बीच-बीच में मोबाइल ऑन कर भेजे गए मैसेज भी रीड कर रहा है, लेकिन कोई रिस्पांस नहीं दे रहा है।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

# पूर्व सैनिकों ने विधायक को दी बधाई

संवाददाता, गूलरभोज

**अमृत विचार:** पूर्व कैबिनेट मंत्री विधायक अरविंद पांडेय ने कहा कि एनडीए का नेता चुने जाने के बाद तीसरी बार नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बन रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सबका साथ सबका विकास नारे के साथ देश का चहुंमुखी विकास होगा। पांडेय ने नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी अजय भट्ट के दोबारा सांसद चुने जाने पर विधानसभा गदरपुर से अधिक मत मिलने पर सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त किया।

शनिवार को गौरव सेनानी वीरनारी उत्थान समिति ब्लॉक अध्यक्ष पूर्व कै. धन सिंह कोरंगा के नेतृत्व में दर्जनों पूर्व सैनिक कैंप कार्यालय संतोषनगर पहुंचे। पूर्व सैनिकों ने अजय भट्ट के दोबारा सांसद चुने जाने पर विधायक अरविंद पांडेय को मिठाई खिलाकर बधाई दी। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के ब्लॉक अध्यक्ष सूबेदार मेजर हिम्मत सिंह कुंवर ने कहा कि सांसद अजय भट्ट को गदरपुर विधानसभा से सर्वाधिक मत मिले हैं। जिसका श्रेय विधायक अरविंद पांडेय को दिया जाता है। कार्यक्रम का संचालन सूबेदार भगत सिंह धर्मशक्तू व सेना मेडल गोविंद सिंह चौहान ने किया। इस मौके पर अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिलाध्यक्ष पूर्व सूबेदार मेजर नंदन सिंह कोश्यारी, सूबेदार मेजर खड़क सिंह कार्की, सूबेदार दुर्गा सिंह राणा, उप प्रधान गोपाल सिंह ठठोला, कैलाश पाठक, सूबेदार भगवत सिंह पांगती, देव सिंह धर्मशक्तू, दान सिंह बड़ती, राजेंद्र सिंह पानू, महेंद्र सिंह पपोला, राजेंद्र सिंह कोरंगा, विनोद भट्ट, लोकपाल शाही, सूबेदार भुपाल सिंह कोरंगा, रमेश कन्याल, भीम सिंह कुंवर, आदि मौजूद थे।



गूलरभोज कैंप कार्यालय में विधायक अरविंद पांडेय को मिठाई खिलाते पूर्व सैनिक।

# नहर में युवक का क्षत-विक्षत शव मिला

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार:** उत्तराखंड के सीमावर्ती क्षेत्र में नहर से अज्ञात युवक का क्षत-विक्षत बरामद हुआ। शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

जसपुर कोतवाली की सीमा से सटे उत्तर प्रदेश के जिला बिजनौर के थाना रेहड़ के अंतर्गत गांव जाफराबाद के पास भोगपुर डैम की नहर में शनिवार सुबह ग्रामीणों को एक अज्ञात युवक का क्षत-विक्षत शव पड़ा दिखाई दिया। इस दौरान लोगों की भीड़ लग गई। गांव जाफराबाद के प्रधान विशाल चौधरी ने मामले की सूचना थाना रेहड़ पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और क्षत-विक्षत शव को नहर से बाहर निकाला। पुलिस ने शव की शिनाख्त करने का प्रयास किया लेकिन पहचान नहीं हो पाई। इस पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया।

### हत्या कर शव फेंके जाने की आशंका

जसपुर : नहर में पड़े मिले शव की शिनाख्त न हो पाने के कारण गांव जाफराबाद में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। लोगों के अनुसार हो सकता है कि किसी ने युवक की कहीं बाहर हत्या कर शव को यहां लाकर फेंक दिया हो।

### नौ साल पहले हुई हत्या का अब तक खुलासा नहीं

**जसपुर :** करीब नौ साल पहले भी अज्ञात व्यक्तियों ने इसी नहर के पास जाफराबाद निवासी चौधरी दिग्पाल सिंह उर्फ मुन्नू की वृद्ध मां चतरवती की हत्या कर उसके शव को पास के खेतों में फेंक दिया था। कई दिन बाद रेहड़ पुलिस ने वृद्धा का शव बरामद किया था। आज तक वृद्धा की हत्या का खुलासा नहीं हो पाया।

### एक माह पहले भी हुई थी युवक की हत्या

**जसपुर :** करीब एक माह पहले भी गांव जाफराबाद निवासी 20 वर्षीय युवक मनु पुत्र पुन्नी की भी उस समय हत्या कर दी गई थी, जब वह गांव के ही एक युवक के साथ गांव सुरजन नगर, ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद में मेला देखने गया था। जबकि उसका शव गांव अलियारपुर थाना अफजलगढ़ (बिजनौर) के पास हाईवे पर पड़ा मिला था।

### पुलिस चौकी बनाने की मांग उठाई

**जसपुर :** थाना रेहड़ के गांव जाफराबाद के आसपास क्षेत्र में करीब नौ वर्ष पहले जाफराबाद की एक वृद्धा और अब एक अज्ञात युवक का शव बरामद होने से इस क्षेत्र को संवेदनशील माना जा रहा है। गांव जाफराबाद व आसपास के गांवों के लोगों ने मांग की है कि यहां पुलिस चौकी बनाई जाए।

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25
Accreditations, Affiliations & Approvals
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध
मेडिकल साइसेंज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेन्टल साइंसेज
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/नर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)
पैरामेडिकल साइंसेज
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/ डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)
फोरेंसिक साइंसेज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
योगा एंड नेचुरोपैथी
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

### दुकान में शराब पिला रहे दो लोग गिरफ्तार

**काशीपुर :** पुलिस ने बिना लाइसेंस दुकान में शराब पिलाने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जहां से पुलिस ने अंग्रेजी शराब के पव्वे भी बरामद किए हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना क्षेत्र अंतर्गत ढाबे पर अवैध रूप से शराब पिलाए जाने की लगातार मिल रही शिकायतों के सम्बन्ध में टाण्डा उज्जैन चौकी पुलिस ने अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने पटेल नगर में जोशी रसोई वाली गली दुकान तथा जोशी चिकन कार्नर गली दुकान में बिना लाइसेंस के अवैध रूप से शराब पिलाते हुए विजय प्रताप सिंह निवासी सिटी नर्सिंग होम, सुभाष नगर, काशीपुर तथा रवीन्द्र सिंह निवासी गौरी विहार जसपुर खुर्द, काशीपुर को गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान पुलिस ने अंग्रेजी शराब के पव्वे भी मौके से बरामद किए हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# दुर्गा मंदिर समिति कार्यकारिणी का विस्तार

**सर्वसम्मति**

- लक्ष्मी बनी प्रबंधक, चंद्रवती बनी अध्यक्ष, बैठक के बाद सर्वसम्मति से हुआ गठन

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** रम्पुरा बस्ती स्थित दुर्गा मंदिर कमेटी को लेकर एक बैठक सामुदायिक भवन में आयोजित हुई। जिसमें सर्वसम्मति से लक्ष्मी को कमेटी का प्रबंधक और चंद्रवती को समिति का अध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा अन्य पदों पर कार्यकारिणी का विस्तार हुआ।

कार्यकारिणी में राममूर्ति देवी प्रथम व राममूर्ति देवी, ओमवती, मेवा देवी को संरक्षण बनाया गया। इसके अलावा कमेटी का प्रबंधक लक्ष्मी कोली, समिति का अध्यक्ष चंद्रावती कोली के अलावा पार्वती देवी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, नन्ही देवी व बीना रस्तोगी को उपाध्यक्ष, नीतू कोली को महामंत्री, भूरी देवी व कुसुम देवी को संयुक्त महामंत्री, उर्मिला देवी को उप प्रबंधक, माया कोली को कोषाध्यक्ष, सरोज रानी व जमुना देवी को उप कोषाध्यक्ष, को ऑडिटर कमला देवी, उप कॉऑडिटर आशा रानी रस्तोगी, रानी कोली को बनाया गया।

वहीं भगवदेई, राज कुमारी, गगों देई, कलावती देवी, कमला देवी, कमलेश पाल, जमुनिया देवी, नेमा देवी, उर्मिला देवी, कलावती देवी, आशा रानी रस्तोगी, रानी देवी, कुसुम देवी, महोनिया देवी, गीता देवी, सोमवती देवी, मिथलेश पाल, रुचि रस्तोगी, नत्थो देवी, सावित्री देवी, लीला देवी, गीता देवी, कुसुम देवी, ममता देवी, चमेली देवी, संतोष को सदस्य बनाया गया है।



रम्पुरा मंदिर कमेटी के कार्यकारिणी गठन के दौरान बैठक करतीं महिलाएं।

### युवक को घेरकर हमलावरों ने कर दिया लहूलुहान

**रुद्रपुर :** छह जून की रात्रि ड्यूटी से घर लौट रहे एक युवक को घेर कर लहूलुहान कर दिया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत स्थिर बनी हुई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बिगवाड़ा चौकी इलाके के रहने वाले तसलीम ने बताया कि रोजमर्रा की भांति वह छह जून की शाम सात बजे काम कर वह अकेले घर लौट रहा था। इस दौरान वहां पहले से ही घात लगाए बैठे गांव के ही अमित कुमार, गौरव सिंह, आलोक कुमार धुनु व प्यारे नाम के युवकों ने उसे घेर लिया और अभद्रता करते हुए जानलेवा हमला कर लहूलुहान कर दिया। हमलावरों ने उसका मोबाइल भी तोड़ दिया और अधमरा समझ कर मौके से फरार हो गए। घायल को आनन-फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत स्थिर बनी हुई है। पुलिस ने नामजद युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# ड्रॉपबॉक्स से चेक चुराने वाले गैंग के संदिग्ध की फोटो वायरल

- शहर के चार-पांच व्यापारियों के साथ हुआ ऐसा मामला, व्यापार मंडल महानगर अध्यक्ष ने किया आगाह

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** थाना रुद्रपुर कोतवाली में ड्रॉप बॉक्स से चेक चोरी करने वाले संदिग्ध की फोटो वायरल हुई है। फोटो को वायरल करने वाले व्यापार मंडल के अध्यक्ष ने कारोबारियों को आगाह किया है।

शनिवार को प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष संजय जुनेजा ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से शहर के पांच व्यापारियों का मामला सामने आया है। बताया कि व्यापारियों ने सिविल लाइन स्थित एक बैंक में कई-कई लाख के चेक ड्रॉप बॉक्स में डाले थे। जब खाते में रकम का भुगतान नहीं हुआ तो पता चला कि चैक का भुगतान गुरुदत्त सिंह नाम के खाते में हुआ है और खाता धारक पंजाब के तरनतारन का रहने वाला है। साथ ही बताया कि जब व्यापारियों से बारीकी से पड़ताल की तो पता चला कि संदिग्ध द्वारा केमिकल लगाकर चेक में खाता, फर्म का नाम और अपना खाता अंकित किया गया।

चौंकाने वाली बात यह भी है कि बैंक से भुगतान हुआ और तत्काल गैंग ने रकम निकाल ली गयी। जब व्यापारियों ने बैंक से पूछताछ की तो पता चला कि एक संदिग्ध बैंक में आया और फर्म स्वामी का नाम लेकर चेक वापस करने की बात बैंक द्वारा बताई गई। व्यापारी नेता ने संदिग्ध की फोटो वायरल करते हुए बताया कि संदिग्ध व्यक्ति शहर के अंदर ही मौजूद है, क्योंकि घटना रुद्रपुर में हुई है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 7906999205, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## एक नजर

### उधार के पैसे मांगने पर युवक के साथ मारपीट

**जसपुर :** एक युवक ने उधार के पैसे मांगने वाले युवक के साथ गाली गलौज व मारपीट की। पुलिस ने इस मामले में आरोपी युवक व उसके पिता के खिलाफ़ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मोहल्ला नत्था सिंह निकट मदरसा निवासी मौहम्मद आमिर ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा कि 2 जून की रात्रि 10 बजे वह पुराने सिनेमा हाल की एक दुकान पर नई बस्ती निकट चांद मस्जिद निवासी मोहम्मद चांद से अपने उधार दिए 300 रुपये लेने गया था। पैसे मांगने पर वह उसके साथ गाली-गलौज करने लगा और उसने दुकान से सरिया निकाल कर उसके सिर पर मार दिया। इससे वह लहूलुहान हो गया और बेहोश होकर गिर गया। पीड़ित ने आरोप लगाया कि उसने अपने पिता खुर्शीद के उकसाने पर ही उसके साथ मारपीट की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर बाप-बेटे के खिलाफ धारा 323, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### अवैध शराब के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

**काशीपुर :** पुलिस ने गश्त के दौरान कच्ची शराब बेचते एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 37 लीटर कच्ची शराब बरामद करते हुए आरोपी का आबकारी एक्ट में चालान किया है। कुंडा थाने के उपनिरीक्षक नवीन चंद्र जोशी व उपनिरीक्षक रूचिका चौहान ने पुलिस टीम के साथ केशरी गणेशपुर में घर के आंगन में बैठकर कच्ची शराब बेचते रांझा सिंह को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से एक प्लास्टिक के सफेद कट्टे में 220 पाउच में करीब 37 लीटर अवैध शराब बरामद की। पुलिस ने बताया कि आरोपी रांझा के परिवार के विरुद्ध पूर्व में भी अभियोग पंजीकृत है। पुलिस ने आरोपी से जरूरी पूछताछ के बाद उसका आबकारी एक्ट में चालान किया है।

### अवैध शराब सहित दबोचा

**खटीमा :** सत्रहमील चौकी प्रभारी ललित सिंह बिष्ट ने टीम के साथ ग्राम रघुलिया निवासी बलविंदर सिंह के घर में छापामार कर अवैध शराब की पैकिंग करते हुए दबोच लिया। पुलिस को मौके पर 110 पाउच लगभग 55 लीटर अवैध शराब बरामद हुई। अभियुक्त के खिलाफ आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश कर दिया।

### चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

**जसपुर :** पुलिस ने एक युवक को चाकू के साथ गिरफ्तार कर लिया। जसपुर पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान मोहल्ला पट्टी चौहानान निवासी मौ. फैसल को पतरामपुर रोड हाईवे फ्लाईओवर के पास संदिग्ध हालत में घूमते हुए पकड़ लिया। तलाशी लिए जाने पर उसके कब्जे से एक चाकू बरामद किया गया। पुलिस ने उसके खिलाफ धारा 4/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर उसका चालान कर दिया।

### बिजली चोरी में चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**खटीमा :** विद्युत विभाग ने झनकट क्षेत्र में छापामार कार्रवाई करते हुए चार लोगों को विद्युत लाइन से पहले कटिया डालकर बिजली चोरी करते पकड़ा। उपखंड अधिकारी अंबिका यादव ने झनकट निवासी सूरज सिंह, इकबाल सिंह और किसान सिंह तथा बानुसी निवासी हयात सिंह के खिलाफ विद्युत चोरी का मामला दर्ज कराया है।

# फरार तीन हमलावर गिरफ्तार

**धरपकड़**

- नवंबर 2023 में किया था हमला, कोतवाली पुलिस ने भेजा जेल


जानलेवा हमले के फरार आरोपियों को ले जाती कोतवाली पुलिस। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** कोतवाली इलाके में वर्ष 2023 में जानलेवा हमला करने के तीन फरार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताया कि हमलावर गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहे थे।

कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने बताया कि पांच नवंबर 2023 को खेड़ा बस्ती निवासी नंदन यादव ने मुकदमा पंजीकृत करते हुए बताया था कि वह अपने घर जा रहा था कि घात लगाकर 10 से 12 युवकों ने धारदार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उपचार कराने के बाद तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर दिया और चार हमलावरों को रंपुरा चौकी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, लेकिन हमले के मुख्य आरोपी शुभम गुप्ता उर्फ मुर्गी निवासी वार्ड-14 भदईपुरा, मुकेश श्रीवास्तव वार्ड-16 भदईपुरा और शुभम यादव उर्फ बुड्ढा निवासी वार्ड-16 रंपुरा बस्ती फरार चल रहा था। शुक्रवार की शाम को रंपुरा चौकी प्रभारी नवीन बुधानी को मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने तीनों फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पता चला कि आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए ठिकाने बदल रहे थे और वार्ड में किसी वारदात को अंजाम देने आए थे। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

### राज्य कर की एसआईबी टीम ने फर्मों को अब ऑनलाइन नोटिस भेजने की तैयारी शुरू की

# आईटीसी के फेर में हो रही थी जीएसटी की चोरी

**सख्ती**

- एसआईबी टीम ने रुद्रपुर में छह फर्मों पर मारा था छापा
- फर्म मात्र 5 फीसदी ही जीएसटी टैक्स जमा कर रहे थे

**क्या है आईटीसी**

यदि कोई जीएसटी पंजीकृत व्यक्ति अपनी आवक आपूर्ति (यानी, माल या सेवाओं जैसे इनपुट) पर कर का भुगतान करता है तो वे अपनी जावक आपूर्ति (यानी बिक्री) पर कर का भुगतान करते समय इस भुगतान पर किए गए कर का क्रेडिट के रूप में उपयोग कर सकते हैं।




संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** विगत दिवस राज्य कर विभाग की विशेष अनुसंधान शाखा (एसआईबी) ने रुद्रपुर में सिडकुल की फैक्ट्रियों में फूड सप्लाई करने वाली छह फर्मों पर छापा मारा था। इस दौरान फर्मों में 13 फीसदी की जीएसटी टैक्स चोरी पकड़ी गई है। फैक्ट्रियों को इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) का लाभ नहीं मिलने के कारण फर्मों ने अपने लाभ के लिए टैक्स की चोरी करनी शुरू कर दी। वहीं एसआईबी ने सभी फर्मों को ऑनलाइन नोटिस भेजने की तैयारी भी शुरू कर दी है।

विगत दिवस राज्य कर विभाग के अपर आयुक्त राकेश वर्मा और ज्वाइंट कमिश्नर ठाकुर रणवीर सिंह के निर्देश पर राज्य कर की एसआईबी टीम ने एसआईबी के डिप्टी कमिश्नर विनय प्रकाश ओझा के नेतृत्व में गुरुवार को अटरिया रोड, अटरिया मंदिर के पीछे और आवास विकास में सिडकुल की फैक्ट्रियों में फूड सप्लाई करने वाली छह फर्मों में छापा मारा। यहां टीम ने जब छानबीन की तो टैक्स चोरी पकड़ी गयी।

एसआईबी के डिप्टी कमिश्नर विनय प्रकाश ओझा ने बताया कि टीम को छानबीन में पता चला कि नियमानुसार इन फर्मों को 18 फीसदी जीएसटी टैक्स जमा करना चाहिए थे, लेकिन सभी फर्म मात्र 5 फीसदी ही जीएसटी टैक्स जमा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि अभी कागजातों की छानबीन की जा रही है। नोटिस भेजने के बाद सही जानकारी मिलेगी। फिलहाल संभावना है कि फैक्ट्रियों को आईटीसी का लाभ नहीं मिलने के कारण फूड सप्लाई करने वालों ने अपने लाभ के लिए जीएसटी चोरी की हो।

# लेखाकार ने फर्जी हस्ताक्षर कर किया 8.38 लाख रुपये का गबन

### जिला प्रोबेशन अधिकारी के किए फर्जी हस्ताक्षर, पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शुरू की तफ्तीश

संवाददाता, रुद्रपुर

**31** मई को जांच में पाया कि मिशन वात्सल्य योजना के तहत आने वाली धनराशि का अवैध ढंग से भुगतान किया

**18** से 22 मई के बीच तक 9456 रुपये, 12256 रुपये के अलावा छोटी रकम की धनराशि का भुगतान भी किया

**अमृत विचार:** जिला बाल संरक्षण इकाई में तैनात लेखाकार द्वारा लाखों रुपये का गबन करने का मामला सामने आया है। लेखाकार इतना शातिर था कि जिला प्रोबेशन अधिकारी के फर्जी हस्ताक्षर कर सरकारी योजना की धनराशि तक निकाल ली। पुलिस ने शिकायती पत्र के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन ने एसएसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि महिला कल्याण विभाग के तहत मिशन वात्सल्य योजना जिला बाल संरक्षण इकाई जिला मुख्यालय द्वारा संचालित है। इकाई में आउटसोर्स एजेंसी क्रिएटिव सर्विसेज पिथौरागढ़ द्वारा भूरारानी रुद्रपुर निवासी रामपाल सिंह इकाई में लेखाकार के पद पर तैनात है। बताया कि 31 मई 2024 को जांच के दौरान पाया कि लेखाकार द्वारा मिशन वात्सल्य योजना के तहत आने वाली सरकारी धनराशि का अवैध ढंग से भुगतान किया।

आरोपी लेखाकार ने जिला प्रोबेशन अधिकारी के फर्जी हस्ताक्षर कर पीपीए खाता संख्या के माध्यम से 5.92 लाख रुपये, 27 मई 2024 से 30 मई 2024 तक 2.40 लाख रुपये का भुगतान अपने खाते में किया। इसके अलावा जब बारीकी से लेखाकार के कार्य की जांच की गयी तो 18 मई से लेकर 22 मई के बीच तक 9456 रुपये, 12256 रुपये के अलावा छोटी रकम की धनराशि का भुगतान भी किया गया। जब इस संबंध में आरोपी लेखाकार से पूछा गया तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया।

जिस पर जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन ने एसएसपी को शिकायती पत्र भेजकर सरकारी योजना की धनराशि का गबन किए जाने पर कार्रवाई को पत्राचार किया। जिस पर एसएसपी के आदेश पर थाना पंतनगर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उधर, सिडकुल चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर सरकारी बैंक खाता की डिटेल मुहैया कराई जा रही है। इसके बाद आरोपी लेखाकार से पूछताछ कर कार्रवाई की जाएगी।



जिला प्रोबेशन अधिकारी का कार्यालय। ● अमृत विचार

### दो कर्मचारियों का टीए भी हड़प गया आरोपी

**रुद्रपुर :** जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन द्वारा लिखित शिकायती पत्र में अवगत कराया कि जिला बाल संरक्षण इकाई में तैनात आउटसोर्सिंग लेखाकार ने सरकारी योजना की धनराशि का ही गबन नहीं किया, बल्कि 17 मई को विभागीय दो व्यक्तियों के टीए भुगतान की अनुमति भी ली थी। बावजूद दोनों व्यक्तियों के टीए का भुगतान भी अपने खाते में करवा लिया। जिसके बाद संबंधित दोनों व्यक्तियों द्वारा टीए भुगतान नहीं होने की शिकायत भी दर्ज करवाई थी। इसके अलावा पुलिस जांच में सरकारी धनराशि के और मामले सामने आ सकते हैं।

### तैनाती होते ही शुरू हुआ गबन का खेल

**रुद्रपुर :** जिला बाल संरक्षण इकाई में तैनात लेखाकार रामपाल सिंह को जनवरी 2024 में आउटसोर्स एजेंसी क्रिएटिव सर्विस पिथौरागढ़ द्वारा भेजा गया था। तैनाती होते ही आरोपी लेखाकार ने गबन का खेल शुरू कर दिया और पांच माह के अंदर 8.38 लाख रुपये का सरकारी गबन कर डाला। बताया जा रहा है कि मई माह की अंतिम तिथि को जैसे ही जिला प्रोबेशन अधिकारी व्योमा जैन को गबन होने की भनक लगी तो उन्होंने एसएसपी को पत्राचार कर कार्रवाई की मांग की।

### बैंक मैसेज से हुआ गबन का खुलासा

**रुद्रपुर :** जिला बाल संरक्षण इकाई विभाग में लेखाकार पद पर तैनात रामपाल सिंह द्वारा किए जा रहे गबन की भनक उस वक्त हुई जब विभागीय सरकारी खाते के बैंक से निकासी का भुगतान आने लगा। 31 मई को जिला प्रोबेशन अधिकारी के मोबाइल पर बैंक का मैसेज आया। जिसमें मिशन वात्सल्य योजना की धनराशि का भुगतान लेखाकार के खाते में होने को दर्शाया गया। जब मामले की जांच हुई तो लेखाकार गबन कांड का खुलासा हुआ।

> 31 मई 2024 को मोबाइल पर आए बैंक मैसेज और दो व्यक्तियों के टीए भुगतान नहीं होने की शिकायत पर जब बैंक से पड़ताल कराई गई तो आउटसोर्सिंग के तहत तैनात लेखाकार द्वारा गबन किए जाने का मामला पकड़ा गया। प्रारंभिक पड़ताल में अभी 8.38 लाख के करीब गबन होना सामने आया है। विस्तृत पुलिस जांच के बाद गबन की धनराशि बढ़ सकती है और आरोपी के कार्यों की वास्तविक समीक्षा होगी। फिलहाल लेखाकार पर कार्रवाई की रिपोर्ट तैयार की जा रही है।
>
> -व्योमा जैन, जिला प्रोबेशन अधिकारी, ऊधमसिंह नगर

# ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी के मामले में तीन बदमाश किए गिरफ्तार

**खुलासा**

- 28, 29 मई की रात्रि को हुआ था ट्रैक्टर चोरी


ट्रैक्टर-ट्रॉली लूट के आरोपियों के साथ पुलिस टीम। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** 28 व 29 मई की रात्रि को बगवाड़ा चौकी इलाके के गांव बडौरा से हुए ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी प्रकरण में पुलिस ने तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही उनकी निशानदेही पर चोरी ट्रैक्टर-ट्रॉली भी बरामद कर ली है। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

शनिवार को खुलासा करते हुए एसपी सिटी मनोज कत्याल, सीओ सदर निहारिका तोमर ने बताया कि ग्राम बडौरा निवासी जावेद ने पुलिस को सूचना दी थी कि 28 से 29 मई की मध्य रात्रि को घर के बाहर खड़ा उसका ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी हो गया है। बताया कि घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालने के बाद पता चला कि गांव बडौरा में बन रही सड़क निर्माण में मजदूरी करने वाला मुजम्मिल निवासी दतौली मुगल बेहटा कला फतेहपुर सहारनपुर यूपी गायब है और वह गूलरभोज स्थित किराए के मकान में रह रहा है।

सुरागरसी-पतारसी के आधार पर जब पुलिस टीम ने दबिश देकर आरोपी मजदूर को दबोचा तो ट्रैक्टर चोरी की सत्यता सामने आई। पुलिस ने आरोपी के साथी आदिल निवासी ग्राम उमाही नागल सहारनपुर यूपी और अनीस को गिरफ्तार कर लिया और उनकी निशानदेही पर चोरी किया गया ट्रैक्टर भी बरामद कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि रेकी करने के बाद ही उसने अपने दोनों साथी अनीस व आदिल को बुलाकर घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने तीनों बदमाशों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

### दैनिक दिहाड़ी पर मजदूरी करता है मुजम्मिल

**रुद्रपुर :** दतौली मुगल बेहटा कला फतेहपुर का रहने वाला मुजम्मिल दैनिक दिहाड़ी पर मजदूरी का कार्य करता है। इसी मजदूरी की आड़ में वह चोरी की वारदात को भी अंजाम देता है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि मजदूरी के दौरान जब उसने देखा कि बडौरा गांव का छोटा किसान जावेद अक्सर अपना नया ट्रैक्टर घर के बाहर ही खड़ा करता है तो घटना की रात्रि से दो दिन पहले ही उसने अपने मजदूर गैंग के अनीस व आदिल को बुलाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया।

### पुलिस ने काटा ठेकेदार का चालान

**रुद्रपुर :** बिना सत्यापन किए बाहरी मजदूर रखने पर पुलिस ने ठेकेदार का चालान काटा है। खुलासे के दौरान जैसे ही पुलिस को पता चला कि मजदूर गैंग का सरगना मुजम्मिल ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी की घटना का साजिशकर्ता है। पुलिस ने ठेकेदार का दस हजार रुपये का चालान काट कर बिना सत्यापन के मजदूरी नहीं देने की हिदायत दी।

### सहारनपुर का हिस्ट्रीशीटर है अनीस

**रुद्रपुर :** कोतवाली पुलिस द्वारा गिरफ्तारी के बाद जब ट्रैक्टर-ट्राली चोरी में पकड़े गए आरोपी अनीस निवासी उगाही नागल सहारनपुर यूपी से पूछताछ की तो पता चला कि आरोपी सहारनपुर का हिस्ट्रीशीटर है और उसके खिलाफ हर प्रकार के आपराधिक मामले पंजीकृत हैं। जब उसका आपराधिक इतिहास खंगाला गया तो आरोपी अनीस के खिलाफ वर्ष 2012 से लेकर वर्ष 2023 तक आर्म्स एक्ट, दहेज उत्पीड़न, चोरी, गैंगस्टर, एनडीपीएस, आबकारी अधिनियम सहित 11 आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने दो आरोपियों का आपराधिक इतिहास खंगालना शुरू कर दिया है।

### रंजिशन रास्ते में घेरकर दो युवकों को पीटा

**बाजपुर :** रंजिशन रास्ते में घेरकर बेटे व उसके ममेरे भाई पर हमला कर बुरी तरह घायल करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने चार लोगों को नामजद करते हुए केलाखेड़ा थाने में तहरीर दी है। मोहल्ला गांधीनगर वार्ड नंबर-एक निवासी यादराम ने पुलिस को बताया कि उसका बेटा आदित्य अपने ममेरे भाई विमल के साथ शुक्रवार की शाम करीब साढ़े तीन बजे बाजपुर जा रहा था। आरोप है कि इसी बीच ग्राम धनसारा-शांति कॉलोनी बाइपास लिंकमार्ग लेवड़ा पुल के पास मोहल्ले के ही एक परिवार के चार लोगों ने घेरकर उसे रोक लिया और पुरानी रंजिश के चलते गाली-गलौज करते हुए हमलावर हो गए। बेटे को जबरन कार से बाहर निकालकर उसकी बेरहमी से पिटाई की गई।

# पत्नी से झगड़ा होने पर पति ने की आत्महत्या

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** थाना ट्रांजिट कैंप के शिव नगर में पत्नी से झगड़ा होने पर पति द्वारा खुदकुशी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने घटना की जानकारी लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना ट्रांजिट कैंप स्थित काली मंदिर वार्ड-29 निवासी 29 वर्षीय कृपा सरकार राजमिस्त्री का काम करता है और ट्रांजिट कैंप में किराए के मकान में पत्नी रोशनी के साथ रहता है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार की रात्रि को उसका पत्नी से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया और पत्नी गुस्सा होकर बच्चे घर पर ही छोड़कर अपने भाई के यहां चली गई। पत्नी के इस व्यवहार से खफा राजमिस्त्री कृपा सरकार ने रात्रि ढाई बजे टिनशेड के मकान की बल्ली में साड़ी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली।

थोड़ी देर बाद जब परिजन कमरे में गए तो देखा कि राजमिस्त्री फंदे पर लटका हुआ है। आनन-फानन में युवक को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी लेने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने आत्महत्या के कारणों की छानबीन शुरू कर दी है। वहीं मृतक के पिता बाबू सरकार ने भी पति-पत्नी के बीच झगड़ा होने की पुष्टि की है।

SURAJMAL AGARWAL GIRLS PG COLLEGE
Established in Year-2008 by Surajmal Laxmidevi Sawarthia Educational Trust (Affiliated to Kumaun University, Nainital & UTU, Dehradun)

ADMISSION OPEN (2024-25)

DEPARTMENT OF BASIS SCIENCE : • B.Sc. (Bio-Technology) • M.Sc. (Bio-Technology) • M.Sc. (Micro-Biology) • B.Sc. (PCM) • B.Sc. (ZBC) • B.Sc. (PSM) • M.Sc. (Physics) • M.Sc. (Botany) • M.Sc. (Zology) • M.Sc. (Chemistry) • M.Sc. (Mathematics)
DEPARTMENT OF FOOD TECHNOLOGY : • B.Sc. (Food technology) • M.Sc. (Food Technology)
DEPARTMENT OF HOME SCIENCE : • B.Sc. (Home Science) • M.Sc. (Home Science in Food Nutrition) • M.Sc. (Home Science in Textile & Apparel Designing)
DEPARTMENT OF LIBRARY SCIENCE : • B.Lib • M.Lib
DEPARTMENT OF CS & IT : • BCA • B.Sc. (IT) • M.Sc. (IT)
DEPARTMENT OF MANAGEMENT : • BBA • MBA
DEPARTMENT OF COMMERCE : • B.Com (Hons.) • M.Com.
DEPARTMENT OF EDUCATION : B.Ed.

NO. 1 GIRLS COLLEGE IN UTTARAKHAND

ADVANTAGE OF SAPKM
• 100% Placement assistant
• Job oriented academic programs
• Secure Campus for girls
• Student Counselling Services
• Reasonable Fee Structure
• Modern academic Infrastructure
• Smart Classes with Wifi
• Hostel facility including air cooler
• Bus facility from nearby places
• Scholorship schemes by Govt.
• Bank loan support
• Health Centre and medical facility
• Internships & training programs
• Sports & Co-Curricular Activities.

SURAJMAL AGARWAL GIRLS COLLEGE OF NURSING
(Approved by Indian Nursing Council, New Delhi & Affiliated to HNB Uttarakhand Medical Education University, Dehradun)
ADMISSION OPEN IN NURSING
PROGRAMMES- SESSION (2024-25)
• M.Sc. (Nursing) • B.Sc. (Nursing)
• Post Basis B.Sc. (Nursing) • GNM

SURAJMAL AGARWAL COLLEGE OF PARAMEDICAL AND HEALTH SCIENCES
(Approved by Indian Nursing Council, New Delhi & Affiliated to HNB Uttarakhand Medical Education University, Dehradun)
ADMISSION OPEN IN PARAMEDICAL
PROGRAMMES- SESSION (2024-25)
• BMLT • BMRIT
• B.Sc. (Optometry)

ADMISSION OPEN
BAMS (2024-25)
NEET PASS STUDENTS
Surajmal Medical College of Ayurved & Hospital
Bachelor of Ayurvedic Medicine and Surgery (BAMS)
M. 9412920331, 9837242760

Kishanpur, Kichha, Distt. Udham Singh Nagar, Uttarakhand, Pin-263148 E-mail : sapkm.edu@gmail.com, Website : www.sapkam.org
FOR ADMISSION PLEASE CALL US :
9412920331, 9837242760, 8192801031, 7902103001, 7902103002

## सार-संक्षेप


चुने गए जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### आईटीआई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष बने रविंद्र कुमार

**काशीपुर :** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान काशीपुर में उत्तराखंड राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कर्मचारी संघ के जिला कार्यकारिणी को लेकर चुनाव हुए। इसमें अध्यक्ष पद पर रविंद्र कुमार विजयी घोषित हुए। शनिवार को हुए चुनाव में जिलाध्यक्ष पद पर रविंद्र कुमार और कैलाश चंद्र चंदोला मैदान में थे। इसमें रविंद्र कुमार विजयी हुए। महामंत्री पद पर शबाना परवीन और राजेश कुमार के बीच टक्कर थी। इसमें राजेश कुमार ने महामंत्री पद पर जीत हासिल की। जिला उपाध्यक्ष पद पर राजकुमार एवं दिनेश चंद्र कांडपाल प्रत्याशी थे। जिसमें दिनेश चन्द्र काण्डपाल विजयी घोषित हुए। जिला कोषाध्यक्ष पद पर महेश प्रसाद आर्य निर्विरोध विजयी घोषित हुए।


एलाइंस कॉलोनी में योग करते लोग। ● अमृत विचार

### शिविर में विभिन्न योगासनों का कराया अभ्यास

**रुद्रपुर :** भारतीय योग संस्थान की ओर से एलाइंस कॉलोनी रुद्रपुर में मधुमेह रोग निवारण योग साधना शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसका शुभारंभ गायत्री मंत्र एवं सूक्ष्म क्रियाओं के साथ प्रवीण अरोड़ा ने किया। शनिवार को शिविर में संस्थान के प्रदेश मंत्री मोहनलाल विरमानी ने लोगों को योगासान समेत कई आसनों का अभ्यास कराया। साथ ही एनएल गंगवार ने सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया। प्रवीण अरोड़ा ने पेट व पीठ के बल के विभिन्न आसान कराए। हास्य योग का अभ्यास अमर योग क्लब के योगाचार्य अशोक कालरा ने कराया। इस अवसर पर महावीर सिंह चौधरी, कमला सिंह आदि मौजूद रहे।



लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करते जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकर्ता।

### लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक किया

**जसपुर :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकर्ताओं ने जागरूकता शिविर का आयोजन कर लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के स्थानीय कार्यकर्ताओं ने शनिवार को जसपुर के मोहल्ला ईदगाह रोड नई बस्ती में एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें वक्ताओं ने समाज पर पड़ने वाले नशे के दुष्प्रभाव से अवगत कराया। इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के स्थानीय पैनल अधिवक्ता एडवोकेट राजवीर सिंह, पीएलवी डॉ. बीएस गौतम, संगीता रानी आदि मौजूद रहे।



मेधावी छात्रा को सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार

### मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**काशीपुर :** सम्राट पृथ्वीराज चौहान जयंती को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें हाईस्कूल व इंटर में अच्छे अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं व अन्य प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। मोहल्ला कवि नगर स्थित चौहान सभा भवन में पृथ्वीराज चौहान की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ जसपुर विधायक आदेश चौहान ने सम्राट पृथ्वीराज चौहान के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। साथ ही उन्होंने कहा कि सम्राट पृथ्वीराज चौहान एक महान वीर योद्धा थे। इस दौरान हाईस्कूल व इंटर में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा समाज में अच्छा काम करने वाले समाजसेवियों को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन निपेंद्र चौहान ने किया। इस दौरान डॉ. महिपाल सिंह, सूर्य प्रताप सिंह चौहान, गीता चौहान, अवनीश चौहान, ठाकुर आयुष चौहान, एमपी सिंह, अवनीश चौहान, महेश चौहान, मनोज चौहान, पवित्र चौहान, तनिष्का चौहान आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्र सेविका समिति ने किया पथ संचलन, पुष्पवर्षा से हुआ स्वागत

## तेजस्वी हिंदू राष्ट्र का पुनर्निर्माण करना उद्देश्य, सरस्वती विद्या मंदिर से किया शुभारंभ


मुख्य बाजार में पथ संचलन करतीं राष्ट्र सेविका समिति की महिलाएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** राष्ट्र सेविका समिति उत्तराखंड से जुड़ी पदाधिकारियों ने शहर में पथ संचलन का आयोजन किया गया। जो शहर के मुख्य मार्गों से निकाला गया। इस दौरान पथ संचलन का विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत हुआ।

शनिवार को पथ संचलन का शुभारंभ सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज से हुआ। इस दौरान उत्तराखंड प्रांत कार्यवाहिका भावना त्यागी ने बताया कि राष्ट्र सेविका समिति हिंदू महिलाओं का एक संगठन है जिसका उद्देश्य तेजस्वी हिंदू राष्ट्र का पुनर्निर्माण करना है। उन्होंने बताया कि समिति महिलाओं के शारीरिक मानसिक बौद्धिक विकास के लिए प्रतिवर्ष संपूर्ण देश में प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन करती है। शारीरिक प्रशिक्षण के तहत ही पथ संचलन का आयोजन किया जाता है।

इस अवसर पर अखिल भारतीय सह संपर्क प्रमुख नीता बा, वर्ग अधिकारी मधुबाला नौटियाल, प्रांत शारीरिक प्रमुख संगीता चड्ढा, पालक अधिकारी कृष्णा भट्ट, वर्ग की सर्व व्यवस्था प्रमुख कमलेश बिष्ट, सह सर्व व्यवस्था प्रमुख पूजा शर्मा, अंजू रामपाल समेत भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, प्रीत ग्रोवर, मयंक कक्कड़, जगदीश तनेजा, सुरेश गौरी, हरीश जोशी, धीरेंद्र भट्ट आदि मौजूद रहे।

# घर से सिम चुराकर खाते से निकाल लिए 8.50 लाख

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचारः** घर से मोबाइल सिम चोरी करने के बाद अज्ञात ने पीड़ित के खाते से 8.50 लाख रुपये निकाल लिए। बैंक में लेनदेन करने पहुंचने पर पीड़ित को घटना की जानकारी हुई। मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मानपुर रोड स्थित दशमेश कॉलोनी निवासी हरेन्द्र सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 3 फरवरी 2024 को उसके घर से उसका मोबाइल का सिम चोरी हो गया था। इसके बाद उसका एक्सीडेंट होने की वजह से सिर में चोट लग लई। तब से वह अपने रामनगर रोड स्थित अपने खाताधारक बैंक में लेनदेन करने नहीं जा सका और न ही अपने खोये हुए सिम की रिपोर्ट दर्ज करा सका। बीती 20 अप्रैल को जब वह बैंक से अपने पैसे निकलाने गया तो पता चला कि उसके खाते से 25 फरवरी से 19 मार्च तक 8 .50 लाख रुपये यूपीआई के माध्यम से धोखाधड़ी कर निकाल लिए गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के खिलाफ धारा 420 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### विदेश भेजने के नाम पर 24 हजार ठगे

**बाजपुर :** विदेश भेजने के नाम पर 24 हजार रुपये ठगने का आरोप लगाते हुए दो सगे भाइयों ने कोतवाली में तहरीर दी है। ग्राम सरकरा निवासी अफजाल व रिजवान पुत्रगण सुलेमान ने पुलिस को बताया कि 21 मई को चंडीगढ़ सेक्टर 34 निवासी एक एजेंट के पास गए थे, जहां उन्हें विदेश भेजने के लिए कुल खर्च 1,60,000 रुपये बताया गया और एजेंट द्वारा उनसे 20 हजार रुपये नकद व 4 हजार रुपये डिजिटल माध्यम से लिए गए। इसके बाद 26 मई को पुनः बुलाकर उन्हें वीजा दिखा दिया गया। आफर लेटर मांगने पर उन्हें एक वीजा (जिस पर किसी भी कंपनी का नाम नहीं है) भेजा गया और अपने बाकी के सभी रुपये तुरंत जमा करने का दबाव बनाया जाने लगा। आरोप है कि जब उन्होंने वीजा चेक कराया तो उसके फर्जी होने की जानकारी सामने गई। इस पर उन्होंने एजेंट को फोन करके इस बारे में जानकारी मांगी गई तो एजेंट द्वारा कोई भी गारंटी नहीं होने की बात कही गई जिसके चलते उन्हें ठगी का आभास हुआ। आरोप है कि अब उनके पास देर रात नए-नए नंबरों से फोन काल आ रहे हैं और स्वयं को दरोगा बताकर उठा ले जाने की धमकियां दी जा रही हैं।


वॉलीबॉल की विजेता टीम को सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार

### वॉलीबॉल में अल्ली खां ने मदर कॉलोनी को हराया

**काशीपुर :** नशा मुक्ति अभियान के तहत लक्ष्मीपुर पट्टी में सनराइज वॉलीबॉल क्लब काशीपुर ने वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया। फाइनल मैच अल्ली खां और मदर कालोनी के बीच खेला गया, जिसमें अल्ली खां की टीम विजयी रही। वॉलीबॉल टूर्नामेंट में पूर्व पार्षद अब्दुल कादिर ने बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया तथा विजेता टीम को पुरस्कृत किया। साथ ही पूर्व पार्षद अब्दुल कादिर ने कहा कि जो लोग नशे की लत में पड़े हैं, वह अपना परिवार बर्बाद कर रहे हैं। इसलिए नशा छोड़कर खेलों में अपना ध्यान लगाए, ताकि हम आने वाली नस्लों को बर्बाद होने से रोक सकें। इस मौके पर काशीपुर युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष वसीम अकरम, शाहनवाज शानु, हशमत सैफी, अकरम सैफी, सिराज खान, शादाब चौधरी, सरफराज, आस मोहम्मद, आशु खान, फहीम चौधरी, मोहम्मद सादिक, मोहसिन, अयान, फैजल, शानू सैफ अली, मुन्ना आदि उपस्थित रहे।

# आर्थिक, सांस्कृतिक विषयों पर किया मंथन

**आयोजन**

▸▸ खटीमा में भारत-नेपाल राणा थारू मैत्री सम्मेलन

संवाददाता, खटीमा



खटीमा में आयोजित भारत-नेपाल राणा थारू मैत्री सम्मेलन में मंचासीन अतिथि। ● अमृत विचार

**अमृत विचारः** राणा थारू युवा मंच के तत्वावधान में आयोजित भारत नेपाल राणा थारू मैत्री सम्मेलन में आर्थिक, सामाजिक, कला, भाषा, साहित्य और सांस्कृतिक विषयों पर गहन मंथन किया गया। सम्मेलन में खटीमा, सितारगंज और लखीमपुर सहित पड़ोसी देश नेपाल के थारू समाज के लोग शामिल हुए।

कंजाबाग के एक निजी सभागार में राणा थारू युवा मंच की अगुवाई में भारत-नेपाल राणा थारू मैत्री सम्मेलन का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। अतिथियों को राणा थारू टोपी पहनाकर स्वागत किया गया। सम्मेलन में आर्थिक, सामाजिक, कला, भाषा, साहित्य और सांस्कृतिक विषयों पर गहन मंथन किया गया। इस दौरान इतिहास की खोज.., रोटी-बेटी के संबंध.., संस्कृति का हस्तांतरण.., आर्थिक समृद्धि.., शिक्षा पर विशेष कार्य की आवश्यकता पर बल दिया गया।

इस अवसर पर थारू जन कल्याण समिति प्रवक्ता जगत सिंह, मूल आदिवासी जनजाति कल्याण संस्था के किशन सिंह, अनुसूचित जनजाति उत्थान समिति के जगन्नाथ सिंह, अध्यक्ष राणा थारू युवा मंच दिल्लू सिंह, पदम सिंह, नवीन सिंह, राणा थारू उत्थान मंच के तीर्थराज सिंह राणा, नंद लाल राना, डॉ. देव सिंह, राणा थारू परिषद अध्यक्ष दान सिंह राणा, सुरजीत सिंह, मनोज सिंह, पवन सिंह, वास्तव सिंह, घनस्याम सिंह, कमलदीप सिंह, उपेन्द्र सिंह, राजवीर सिंह, मलकीत सिंह, राम किशोर सिंह आदि थे।

# आचार्य गुरुदेव के जन्मदिन पर हुआ सत्संग

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचारः** युग पुरुषोत्तम श्रीठाकुर अनुकुल चंद्र जी के बढ़पोते आचार्य गुरुदेव जी के 57 वें जन्मदिन पर प्रार्थना सभा के बाद सत्संग व भजन का आयोजन किया गया।


आचार्य गुरुदेव जी।

शनिवार शाम सत्संग विहार दिनेशपुर में आचार्य गुरुदेव जी के 57 वें जन्मदिन पर अनुयायियों ने उनके दीर्घायु होने की श्रीठाकुर से कामना की। एसपीआर आशीष घोष ने कहा सतगुरु की शरण में रहकर ही जीवन में सद्प्रेरणा मिलती है। भटके हुए लोगों को सद् गुरु ही मार्ग दिखाते हैं। उन्होंने कहा युग पुरुषोत्तम श्रीठाकुर अनुकुलचंद्र जी के आदर्श पर चलते हुए ईश्वर की आराधना के बिना जीवन अधूरा है। मनुष्य को लोभ, मोह व अहंकार को त्यागे बिना ईश्वर की प्राप्ति संभव नहीं है। कार्यक्रम का संचालन कमेटी सचिव विष्णु प्रसाद वैद्य व सुदर्शन सरकार ने किया। इस मौके पर रोहिताश मलिक, गौतम विश्वास, शांता अधिकारी, आनंदिता सरकार, सुमित्रा घोष, राहुल राय, अनामी विश्वास, भूपेश सरकार, अनूप विश्वास, सुनील हालदार, राजीव विश्वास, राजू गाईन आदि मौजूद थे।


दिनेशपुर में आचार्य देव गुरुदेव जी के जन्मदिन पर भजन गाते अनुयायी। ● अमृत विचार

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ ह्यूमनटीज एण्ड जर्नलिज्म
- बी.ए. (जर्नलिज्म)
- बी.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (जर्नलिज्म)
- एम.ए. (मास कम्युनिकेशन)
- एम.ए. (अंग्रेजी)
- एम.ए. (मनोविज्ञान)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- बी.कॉम. (ऑनर्स)
- बी.बी.ए. (फाइनेन्स एण्ड टेक्सेशन)
- बी.सी.ए. (आई.टी. एंड मल्टीमीडिया)
- एम.कॉम.
- एम.बी.ए.
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) श्री अतुल बाबू (7409998289)

**उत्साह** विश्व महासागर दिवस पर एसबीएस महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का किया गया आयोजन

# मॉडल में दिव्या, भाषण में दिव्यांशु, पोस्टर में रंजना अव्वल

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विश्व महासागर दिवस पर महाविद्यालय की एनसीसी इकाई ने विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। इस दौरान कैडेट्स ने महासागर के पारिस्थितिकी तंत्र, जैव विविधता और महासागर पर प्रदूषण के प्रभावों से संबंधित मॉडल्स का प्रदर्शन किया।

शनिवार को महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. डीसी पंत ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य महासागरों के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाने के साथ ही उनके संरक्षण के लिए युवाओं को प्रेरित करना है। प्रो. सर्वजीत सिंह ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था में महासागरों का महत्वपूर्ण योगदान है। इसलिए उनके संरक्षण के लिए युवाओं को आगे आना चाहिए। प्रो. आशा राणा ने कहा कि महासागर हमारे जीवन को अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करते हैं इसलिए हमें उनके संरक्षण के लिए जागरूक होना चाहिए।

डॉ. नरेश कुमार ने कहा कि युवाओं को जल संरक्षण के लिए आगे आना चाहिए। एनसीसी प्रभारी डॉ. अपर्णा सिंह ने कहा कि महासागर हमारे ग्रह के लिए महत्वपूर्ण हैं। वे जलवायु को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

इस दौरान मॉडल प्रदर्शन में दिव्या बिष्ट ने पहला, रंजना रावत ने दूसरा और प्रेमा दानू ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा समुद्र से संबंधित नवीन खोजें विषय पर भाषण प्रतियोगिता दिव्यांशु ने पहला, अनुराग ने दूसरा और शिवानी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पोस्टर प्रतियोगिता में रंजना रावत ने पहला, आराध्या ने दूसरा और अंजली व प्रतिज्ञा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिताओं में प्रो. सर्वजीत सिंह, प्रो. आशा राणा एवं डॉ. नरेश कुमार ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक व एनसीसी कैडेट्स उपस्थित थे।


अपने मॉडलों का प्रदर्शन करते एनसीसी कैडेट्स। ● अमृत विचार

Admission Open 2024-25 Admission Open 2024-25
KESHLATA COLLEGE
OF NURSING AND PARAMEDICAL INSTITUTE
Affiliated to Atal Bihari Vajpayee Medical University, Lucknow (UP) - Approved by INC, PCI, New Delhi
Affiliated to U.P. State Medical Faculty, Lucknow (UP), Email : kconbly2012@gmail.com, Web : www.keshlatanursing.com
Nursing Courses
- B.Sc. Nursing (4 Year)
- Post Basic B.Sc. Nursing (2 Year)
- G.N.M (3 Year)
- A.N.M (2 Year)
Paramedical Diploma Courses (2 Year)
- O.T. Technician
- Optometry
- Cardiology
- Physiotherapy
- C.T. Scan
Pharmacy Course (2 Year)
- D. Pharma
Facilities Available
- QCI Rating 'A' Institute
- Scholarship Facility
- Smart Classes
- 100% Placement
- Clinical Training in 1050 Beded Hospital
- Experienced Faculty
- Well Equipped Computer Lab.
- Library
- Modern Specialization Laboratory
- Value Added Courses
- Field Visits
- Wi-Fi & Lush Green Campus
- Hostel
- Education Loan Available
Campus : Keshlata Hospital, Delapeer, Stadium Road, Bareilly-243122
Mob. 9412289231, 9837052422, 7983676609, 6395492431

## सार संक्षेप

### द्रोणासागर में मधुमेह रोग निवारण शिविर का आयोजन



द्रोणासागर में आयोजित शिविर में योग क्रिया बताते योग प्रशिक्षक। ● अमृत विचार

**काशीपुर :** काशीपुर डेवलपमेंट फोरम के सहयोग से भारतीय योग संस्थान काशीपुर द्वारा केडीएफ पार्क द्रोणा सागर में चल रहे मधुमेह रोग निवारण शिविर का आयोजन किया गया। योग प्रशिक्षकों ने सूत्र नेति, जल नेति व शरीर में सूक्ष्म रूप से स्थापित आज्ञा चक्र, स्वादिष्ठान चक्र, मूलाधार चक्र समेत सभी चक्रों के बारे में बताया। इस दौरान भारतीय योग संस्थान से योग प्रशिक्षक जयप्रकाश सिंगले ने लोगों को अलग-अलग आसन सिखाकर योगाभ्यास कराया। केडीएफ के अध्यक्ष राजीव घई ने अधिक से अधिक लोगों को योग शिविर का लाभ उठाने के लिए द्रोणा सागर पहुंचने की अपील की। इस दौरान हेमा भगत, सुखविंदर सिंह, राम तीरथ यादव, आरपी राय, डॉ. योगराज सिंह, किशन लाल कालरा आदि मौजूद रहे।

### अनुभवी ज्ञान को अपने जीवन में उतारें

**काशीपुर :** स्वामी श्री हरि चैतन्यपुरी महाराज ने ग्राम गढ़ीनेगी स्थित श्री हरि कृपा धाम आश्रम में उपस्थित भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि ज्ञान कोई वाणी विलास नहीं है। जीवन में सदाचार, संयम एवं भक्ति के आने पर जो ज्ञान स्वत: उत्पन्न होता है, वही शाश्वत ज्ञान है। पुस्तकीय ज्ञान ज्यादा नहीं टिकता, अनुभव से मिले ज्ञान को जीवन में उतारें। मात्र दूसरों को उपदेश देने में ही नहीं स्वयं की मुक्ति के लिए उपयोग करें।



श्री हरि चैतन्य पुरी महाराज।

### छात्राओं ने विद्यालय में चलाया स्वच्छता अभियान



पर्यावरण बचाव का संदेश देती छात्राएं। ● अमृत विचार

**काशीपुर :** पीएमश्री राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में इको क्लब फॉर मिशन लाइफ के अंतर्गत सात दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया गया। इसमें प्रधानाचार्या गीता जायसवाल के निर्देशानुसार सर्वप्रथम प्रार्थना एवं सरस्वती वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। विद्यालय परिसर में छात्राओं द्वारा स्वच्छता अभियान चलाते हुए गीला व सूखा कूड़ा कचरा दो अलग-अलग गड्ढों में डलवाया गया। इस दौरान विभिन्न गतिविधियों में मेहविश, कल्पना, मानसी सागर, मीनाक्षी ने सराहनीय कार्य किया। कार्यक्रम प्रभारी प्रमिला भारती रहीं।

### पारस और दीपांशी ने पास की नीट प्रवेश परीक्षा

**खटीमा :** नोजगे पब्लिक स्कूल के छात्र पारस कापड़ी ने नीट की प्रवेश परीक्षा 674/720 अंक के साथ पास कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। पारस की सफलता पर प्रबंधिका सुरेंद्र कौर और प्रधानाचार्य आरिज अल्वी ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। इधर राजीव गांधी नवोदय विद्यालय की वर्ष 2022 की इंटरमीडिएट की टॉपर दीपांशी भट्ट ने नीट प्रवेश परीक्षा में 660/720 अंक अर्जित कर पास की है। दीपांशी की सफलता पर प्राचार्य प्रमोद कुमार पांडे, अजय कुमार पाल, हरीश लाल आर्य, होशीला प्रसाद, निर्मल कुमार न्योलिया, अच्युत कुमार सिंह, योगेंद्र सिंह, हेमलता पाठक, अनिल कुमार राठौर, दीपिका, अदिति, पिंकी, स्मृति, पूजा, ममता, महेश, ललित, रत्नाकर, कमला, मेघा जोशी ने बधाई दी है।



पारस कापड़ी



दीपांशी भट्ट

### लायंस क्लब के जोन चेयरमैन बने जोशी का स्वागत




लायंस क्लब के जोन चेयरमैन बने बसंत बल्लभ जोशी का स्वागत करते सदस्य।

**खटीमा :** लायंस पब्लिक स्कूल में लायंस क्लब खटीमा की आयोजित बैठक में जोन चेयरमैन बने बसंत बल्लभ जोशी का फूल मालाओं से स्वागत किया। बता दें कि लायंस क्लब इंटरनेशनल के लखनऊ मण्डल द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर मुकेश जैन ने खटीमा के बसंत बल्लभ जोशी को वर्ष 2024-25 के लिए ज़ोन चेयरमैन नियुक्त किया है। इस अवसर पर अध्यक्ष मनोज तिवारी, सचिव संजय बंसल, कोषाध्यक्ष अजय त्रिवेदी, अंकित पाण्डेय, नरेश गुप्ता, जीडी जोशी, सुनील रैदानी, सुदर्शन वर्मा, घनश्याम अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, जितेंद्र बत्रा, पंकज भट्ट, रंजन अग्रवाल, देवेंद्र भट्ट, अजय अग्रवाल, उमेश अग्रवाल, रवीश भटनागर उपस्थित रहे।

# बाबा साहब की प्रतिमा हटाने पहुंची टीम पर भड़के ग्रामीण, नोकझोंक

## प्रतिमा को महिलाओं ने चारों तरफ से घेरा, नारेबाजी की, विरोध के चलते बैरंग लौटी टीम

संवाददाता, बाजपुर



ग्राम रतनपुरा गुलड़िया में स्थापित बाबा साहब डॉ.भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा की सुरक्षा करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार


**अमृत विचार :** ग्राम रतनपुरा गुलड़िया में बरातघर व अंबेडकर पार्क के लिए प्रस्तावित विवादित भूमि पर ग्रामीणों ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित कर रखी है। वहीं भूमि पर वारिसान ने अपना हक जताते हुए हाईकोर्ट में वाद दायर किया था जिसमें न्यायालय द्वारा जारी आदेशों के क्रम में स्थानीय प्रशासन की टीम भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची, लेकिन ग्रामीणों के विरोध के चलते टीम को बैरंग लौटना पड़ा।

ग्रामीणों ने भूमि को 25-30 वर्ष पूर्व दान में मिलने की बात कहते हुए किसी भी कीमत पर भूमि पर किसी और का कब्जा नहीं होने देने की बात कही है। इस घटना के चलते मौके पर एक बार को टकराव की स्थिति पैदा हो गई। हाईकोर्ट के आदेश के क्रम में शनिवार को तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट व कोतवाल मनोज रतूड़ी की अगुवाई में राजस्व विभाग की टीम भारी संख्या में पुलिस फोर्स के साथ सायं करीब पांच बजे मौके पर पहुंच गई और विवादित भूमि पर स्थापित प्रतिमा मामले की जांच पूरी होने तक हटाने की बात कही। इससे ग्रामीण भड़क उठे और उन्होंने प्रतिमा को चारों तरफ से घेर लिया तथा जोरदार नारेबाजी करते हुए हो-हल्ला किया। इस दौरान ग्रामीणों की पुलिस व प्रशासन से नोकझोंक हुई। ग्रामीणों की भीड़ बढ़ती देख टीम बिना किसी कार्रवाई के बैरंग लौट गई। ग्रामीणों ने टेंट लगाकर प्रतिमा व भूमि की निगरानी शुरू कर दी है। तहसीलदार बाजपुर अक्षय कुमार भट्ट ने बताया कि उच्च न्यायालय के आदेश पर बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को सुरक्षित हटाकर गांव वालों की अथवा पुलिस की सुपुर्दगी में दिया जाना था लेकिन ग्रामीणों के विरोध के कारण ऐसा नहीं हो पाया। मामले से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जा रहा है जल्द ही विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# अत्यधिक गर्मी में गश खाकर गिरा युवक, मौके पर ही मौत

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार :** अत्यधिक गर्मी में दवा लेने बाजार आए युवक की गश खाकर सड़क पर गिरने से मौत हो गई। वह अपने परिवार का अकेला कमाने वाला था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



महेश चंद्र जोशी।

शनिवार को महेश चंद्र जोशी (32) पुत्र हरीश जोशी निवासी दुर्गापुर नंबर-दो अस्थमा रोग से पीड़ित था। वह अपनी दवा लेने दोपहर 2 बजे बाजार आया था। मुख्य चौक नेताजी सुभाष चंद्र बोस चौक पर सवारी से उतरकर खड़ा ही था कि अचानक गश खाकर सड़क पर गिर पड़ा। बेहोश महेश चंद्र जोशी ने मौके पर दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी दीपा जोशी, ढाई वर्षीय पुत्र गौरव जोशी, बूढ़ी माता सीता जोशी व पिता हरीश चंद्र जोशी को रोता बिलखता छोड़ गया। मृतक मूल रूप से ग्राम- पोथिंग, थाना- कपकोट जिला- बागेश्वर का रहने वाला था। गरीबी से त्रस्त परिवार पांच वर्ष पूर्व दिनेशपुर के दुर्गापुर नंबर-दो में आकर रहने लगा। परिवार का भरण पोषण करने के लिए मृतक महेश चंद्र जोशी बीमारी की हालत में कभी-कभी दिहाड़ी पर मजदूर करने सिडकुल जाता था। उसने दुर्गापुर में छोटी सी चाय की दुकान भी खोल रखी थी। मृतक हरीश चंद्र जोशी अपने परिवार में अकेला कमाने वाला था। उसकी मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### डंपर से कुचलकर होम्योपैथी डॉक्टर की मौत

**जसपुर।** सड़क दुर्घटना में होम्योपैथी डॉक्टर की दर्दनाक मौत हो गई। जिससे उसके परिवार में कोहराम मच गया। थाना ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद अंतर्गत गांव लौंगी कला निवासी 65 वर्षीय होम्योपैथी डॉक्टर नरेंद्र सिंह शनिवार को प्रात: 11 बजे जसपुर कोतवाली अंतर्गत गांव आसपुर में अपनी पुत्री के यहां मेहमानदारी में आए थे। मेहमानदारी करने के बाद जब वे शाम को करीब 5 बजे मोटरसाइकिल से अपने घर को चले। जैसे ही वे लिंक मार्ग से हाईवे पर आए तो उन्हें रेहड़, बिजनौर की ओर से तेजी से आ रहे डंपर ने जसपुर कोतवाली की धर्मपुर पुलिस चौकी के पास बुरी तरह कुचल दिया। इससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने तत्काल डंपर को अपने कब्जे में ले लिया और घटना की सूचना मृतक के परिजनों को दी। सूचना मिलने पर उनके परिजन व सगे संबंधी मौके पर पहुंचे। उनके पहुंचने पर पुलिस ने पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नरेंद्र सिंह की मौत से उनके परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मृतक डॉक्टर नरेंद्र सिंह होम्योपैथी के डॉक्टर थे और वे ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद में अपनी प्रैक्टिस करते थे।

### कार से टकराई स्कूटी, युवक घायल

**बाजपुर।** देर रात्रि स्कूटी सवार युवक कार से टकराकर घायल हो गया। इस दौरान कार चालक की गलती बता आसपास के लोगों ने काफी समय तक हंगामा किया। आसपास के लोगों ने समझाकर मामला शांत किया। शुक्रवार की देर रात्रि सरकारी अस्पताल के पीछे स्थित कॉलोनी निवासी एक युवक स्कूटी पर भगत सिंह चौक से अपने घर की ओर आ रहा था। इसी बीच रामराज रोड पर तीन मूर्ति मंदिर के नजदीक स्कूटी के आगे जा रहे कार चालक ने अचानक सड़क के बीचोंबीच कार मोड़ दी। इससे स्कूटी अनियंत्रित हो गई और कार से टकरा गई। इससे स्कूटी सवार को हल्की चोटें आ गईं। घटना की तेज आवाज सुन राहगीर व आसपास के लोग जमा हो गए और दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई।

### जानवरों के लिए देवभूमि फाउंडेशन ने रखे प्याऊ

**किच्छा, अमृत विचार :** भीषण गर्मी में जीव जंतुओं को राहत देने के उद्देश्य से देवभूमि फाउंडेशन की टीम ने हाथ आगे बढ़ाया है। देवभूमि फाउंडेशन के अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्रा के नेतृत्व में संस्था के सदस्यों ने सीमेंट निर्मित प्याऊ की व्यवस्था की गई ताकि बेजुबान पशु पक्षियों एवं जानवरों को भीषण गर्मी में पानी के लिए दर- दर न भटकना पड़े।

## बाहर से हटा तो गुरुद्वारे के भीतर लगा दिया भिंडरावाला का पोस्टर

**पूरनपुर (पीलीभीत), अमृत विचार :** गुरुद्वारा में भिंडरा वाला के पोस्टर को लेकर प्रशासन के साथ आंख-मिचौली थमने का नाम नहीं ले रही। शुक्रवार को गुरुद्वारा के बाहर से हटाए जाने के बाद पोस्टर गुरुद्वारा परिसर के अंदर लगा दिया गया। तहसीलदार गुरुद्वारा पहुंचे और कमेटी से वार्ता की। इसके बाद पोस्टर हटा दिया गया।

पूरनपुर-खुटार रोड पर स्थित रूरिया गुरुद्वारा के बाहर जरनैल सिंह भिंडरावाला का पोस्टर लगा था। पुलिस ने पोस्टर हटाने को कहा था। निर्धारित समय में पोस्टर न हटाए जाने पर गुरुद्वारा के प्रधान सहित तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। बुधवार रात अज्ञात लोगों ने पोस्टर हटा दिया। इससे आक्रोशित सिख समाज के लोगों ने शुक्रवार को भिंडरावाला का दूसरा पोस्टर लगा दिया था। देर शाम पहुंचे एसडीएम राजेश कुमार शुक्ला ने कमेटी से बातचीत की। उसके बाद पोस्टर हटा दिया गया। इसके बाद कमेटी ने पोस्टर को गुरुद्वारे के अंदर लगा दिया। शनिवार शाम तहसीलदार वीरेंद्र कुमार गुरुद्वारा पहुंचे। उन्होंने कमेटी से बात की। सहमति के बाद अंदर से भी पोस्टर हटा दिया गया। तहसीलदार ने बताया कि कमेटी ने सौहार्दपूर्ण तरीके से पोस्टर खुद ही उतार दिया। कोई विवाद नहीं है। सभी लोग देश के विकास और हित के लिए एक साथ हैं।

## सार संक्षेप



दिनेशपुर में पत्रकारों से वार्ता करते आप जिलाध्यक्ष सुभाष व्यापारी।

### देश की जनता ने भाजपा को सिरे से नकारा : सुभाष

**दिनेशपुर :** आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष सुभाष व्यापारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में देश की जनता ने भाजपा को सिरे से नकार दिया है। जनता ने महंगाई, बेरोजगारी व तुष्टिकरण के खिलाफ मतदान कर देश में लोकतंत्र को मजबूत किया है। अब देश में भाजपा की मनमानी नहीं चलेगी। शनिवार को पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता के दौरान आप जिलाध्यक्ष व्यापारी ने कहा कि देश का लोकतंत्र पहले से मजबूत हो गया है। भाजपा 2019 में जनता को गुमराह कर पूर्ण बहुमत हासिल करने में कामयाब हो गई थी। लेकिन 2024 के लोकसभा चुनाव के परिणाम में देश की जनता ने मात्र मुद्दों पर ध्यान रखकर मतदान किया। इस मौके पर सुनील भक्त, सुमिलन, कमलेश कुमार, सुभाष मांझी, राघवेंद्र जलाल, राकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### बाघ के हमले वाले स्थान पर लगाए गए ट्रैप कैमरे

**खटीमा।** चकरपुर वनखंडी महादेव शिव मंदिर के पीछे बुजुर्ग पर बाघ के हमले के बाद वन विभाग की टीम ने घटनास्थल पर दो ट्रैप कैमरे लगाए हैं। शुक्रवार सुबह चकरपुर निवासी 70 वर्षीय छोटे सिंह राना मंदिर के पीछे जंगल में शौच करने गया था। इसी दौरान बाघ ने पीछे से हमला कर जख्मी कर दिया था। मौके पर पहुंची वन विभाग टीम ने मौका मुआयना किया था। टीम को घटना स्थल पर बाघ के पैरों के निशान नहीं मिले थे। बावजूद इसके ग्रामीणों की मांग पर वन क्षेत्राधिकारी महेश चंद्र जोशी के निर्देशन में घटना स्थल के पास दो ट्रैप कैमरे लगा दिए हैं।

### डॉ.संदीप पांडेय को नेपाल में मिला सम्मान

**बाजपुर।** त्रिभुवन विश्वविद्यालय काठमांडू (नेपाल) व श्रीहरिशंकर पीजी कालेज रामपुर जहानागंज, आजमगढ़ (उप्र) के संयुक्त तत्वावधान में नेपाल के काठमांडू में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में बाजपुर के डॉ. संदीप कुमार पांडेय को शिक्षा, साहित्य व लेखन के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिह्न, रुद्राक्ष की माला एवं अंगवस्त्र देकर 'उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान नेपाल लोकसभा की डिप्टी स्पीकर इंदिरा राणा, लोकसभा सदस्य डा.रेखा यादव, जयप्रकाश नारायण विश्वविद्यालय छपरा (बिहार) के कुलपति प्रो.पीके बाजपेई आदि ने प्रदान किया।

### हेमकुंड साहिब के दर्शन करने जत्था रवाना

**बाजपुर।** नगर स्थित गुरुद्वारा साहिब से हेमकुंड साहिब के दर्शन करने के लिए सिख श्रद्धालुओं का एक जत्था बाइकों से रवाना हुआ। इस दौरान जो बोले सो निहाल सतश्रीअकाल के उद्घोष से वातावरण गूंज उठा। इससे पहले गुरुद्वारा साहिब में पहुंचे, जहां श्री गुरुग्रन्थ साहिब के समक्ष मत्था टेका।



बाजपुर से रवाना होता सिख श्रद्धालुओं का जत्था।


### वर्ग पहेली-95

**बाएं से दाएं**

1. 1. काटा हुआ 2. निरस्त किया हुआ, रद्द
2. क्रिकेट (खेल) का डंडा जो बल्लेबाज़ के ठीक पीछे (तीन की संख्या में) खड़ा होता है।
4. देवता से संबंधित
5. 1. विचारशील, सोचने-विचारने वाला 2. चिंतन की क्षमता वाला 3. आचार-विचार वाला, सोच-विचारकर चलने वाला।
7. एक प्रकार का अलंकार।
8. वह वस्त्र जो किसी राजा की ओर से सम्मानपूर्वक दिया जाता है, ख़िलअत।

**ऊपर से नीचे**

2. 1. सोचने की क्रिया या भाव, अनुभूति 2. कल्पना, विचारण
3. परीक्षण 4. तर्क 5. (साहित्य) वह स्थिति जिसमें कविता या नाटक के पात्र के साथ पाठक या दर्शक का तादात्म्य होता है।
3. सोच-विचार करने में सक्षम, बुद्धिमान, चिंतनशील, समझदार।
4. 1. देवताओं के रहने का स्थान, स्वर्ग 2. मंदिर, देवालय।
6. 1. दुर्गा, पार्वती 2. (संगीत) बिलावल ठाठ की एक रागिनी।



**वर्ग पहेली -94 का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | 1 सं | स् | का | री | ■ |
| 2 वि | ■ | क | ■ | ■ | ■ | 3 धू |
| भा | ■ | ट | ■ | 4 रे | ■ | म |
| 5 ज | ग | म | गा | ह | ट | ■ |
| न | ■ | य | ■ | न | ■ | 6 फे |
| का | ■ | ■ | ■ | ना | ■ | र |
| री | ■ | 7 ब | न | मा | ली | ■ |

### सुडोकू -8

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | | 7 | | 2 | | | 5 |
| | 6 | 1 | | 8 | | 2 | | |
| | | | 3 | | 1 | | | 8 |
| | | | | 2 | | | 9 | 3 |
| | | 7 | 5 | | 4 | 6 | | |
| 4 | 8 | | | 1 | | | | |
| 2 | | | 1 | | 6 | | | |
| | | 8 | | 5 | | 1 | 4 | |
| 9 | | | 4 | | 8 | | | 6 |

**सुडोकू - 7 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 8 | 4 | 6 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 5 | 4 | 2 | 3 | 7 | 1 | 9 | 6 | 8 |
| 9 | 2 | 3 | 1 | 5 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 6 | 9 | 3 | 8 | 1 | 2 |
| 8 | 1 | 6 | 2 | 4 | 7 | 3 | 9 | 5 |
| 6 | 7 | 5 | 9 | 1 | 4 | 2 | 8 | 3 |
| 1 | 8 | 4 | 7 | 3 | 2 | 6 | 5 | 9 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 8 | 6 | 4 | 7 | 1 |

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 9 जून रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-तृतीया 15.44 तक तत्पश्चात चतुर्थी।

**आज का पंचांग**




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुनर्वसु 20.20 तक तत्पश्चात पुष्य।

**मेष** — आज का दिन किसी विशेष घटना से आपको अवगत कराएगा। कारोबार में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। आर्थिक स्थिति को लेकर कुछ चिंतित हो सकते हैं। परिजनों से अपने मन की बातें शेयर कर सकते हैं। आपसे लोग काफी प्रभावित रहेंगे।

**वृष** — आज अहंकारी व्यवहार के कारण कुछ नजदीकी लोग आपसे दूरी बनाने की कोशिश करेंगे। शाम के समय आपको अचानक धन लाभ हो सकता है। वैवाहिक जीवन सुखद और सौहार्दपूर्ण रहेगा। कड़े और मजबूत निर्णय आप ले सकते हैं।

**मिथुन** — आज विदेशों में जॉब के इच्छुक लोगों के लिए दिन काफी अनुकूल है। परिजनों के लिए आप कुछ उपहार खरीद सकते हैं। वैवाहिक जीवन काफी रोमांटिक रहेगा। फिल्म और अन्य ललित कलाओं से जुड़े लोगों की आय बढ़ सकती है।

**कर्क** — आज व्यवसाय में अपेक्षा के अनुसार परिणाम न मिलने से थोड़े मायूस हो सकते हैं, लेकिन इस बीच आप नया कुछ जानने की भी चेष्टा करते रहेंगे। मित्रों से आप अपने मन की बातें शेयर कर सकते हैं। संभव है की आपको परेशानियों का समाधान मिल जाए।

**सिंह** — आज किसी कार्यक्रम में सम्मिलित भी हो सकते हैं। भविष्य को लेकर भय उत्पन्न होने की संभावना है। आपको अपनी कार्यशैली में बदलाव लाना पड़ सकता है। जल्दबाजी में किए गए कार्य खराब हो सकते हैं। परिवार में प्रसन्नता का माहौल रहेगा।

**कन्या** — आज व्यवसाय में अपेक्षा से अधिक ग्राहकों का समर्थन मिलेगा। लोग आपके काम की प्रशंसा करेंगे। विरोध करने लोग भी आपके अनुकूल हो जाएंगे। सभी काम अच्छी गति से होते रहेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है।

**तुला** — आज मानसिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। स्वतंत्र होकर काम करना पसंद करेंगे। सामाजिक हितों के कार्यों में आप भाग लेंगे। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। कार्यक्षेत्र में आपको बड़ी सफलता मिल सकती है। आय के नए स्रोत बन सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज आपको अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिए। कार्यक्षेत्र में आपका मन नहीं लगेगा। आप अपने काम को बदलने का भी विचार कर सकते हैं। व्यवसाय में सहयोगियों के साथ धन को लेकर मतभेद हो सकते हैं।

**धनु** — आज परिवार के लोग आपका काफी ध्यान रखेंगे। परिजनों के साथ कहीं घूमने की भी योजना बना सकते हैं, किंतु रात के समय वाहन चलाने से आपको बचना चाहिए। आप घर में काफी अच्छा समय बिताएंगे। प्रेमी जन से विवाह को लेकर चर्चा कर सकते हैं।

**मकर** — आज आंखों में दर्द की शिकायत हो सकती है। शोध कार्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन काफी अच्छा है। घर में साधु-संतों का आगमन हो सकता है। किसी कानूनी मामले का बातचीत से समाधान निकल सकता है। जीवनसाथी आपकी काफी मदद करेगा।

**कुंभ** — आज ऐसे लोगों के सामने अपनी बात न रखें जो आपका सम्मान न करते हैं। लोग आपका अपमान कर सकते हैं। बिना मांगे किसी को सलाह न दें। कमीशन से जुड़े व्यवसाय में अच्छा लाभ हो सकता है। घर के रख-रखाव में धन खर्च होगा।

**मीन** — आज आप किसी अनावश्यक बात को लेकर परेशान रहेंगे। धार्मिक विषयों को लेकर आप काफी गंभीर रहेंगे। छात्रों को पढ़ाई में बाधा का सामना करना पड़ेगा। आप आराम करने के मूड में रहेंगे। बिगड़े रिश्तों को सुधारने पर काम कर सकते हैं।

### आज की फिल्में

B4U Movies:
- फर्ज — दोपहर : 12.00
- मेला — रात : 07.39

&pictures:
- खिलाड़ी 786 — सुबह : 10.58
- गली बॉय — रात : 08.00

Sony Pix:
- ग्रैन टूरिस्मो — सुबह : 10.38
- इफ चैप्टर टू — रात : 08.45

Zee Cinema:
- त्रिशूल — सुबह : 09.50
- सारांश — रात : 07.45

Colors Cineplex:
- द रिर्टन ऑफ रिबेल — सुबह : 08.26
- पुलिसवाला गुंडा 2 — शाम : 05.03

**आज की सुपरहिट फिल्म**




एंड पिक्चर्स पर सुबह : 10.58 बजे

### जोक्स ऑफ द डे

पत्नी तैयार होकर अपने पति से पूछती है, बताओ मैं कैसी लग रही हूं?
पति - कसम से दिल कर रहा है कि तुम्हें उठाकर पाकिस्तान फेंक आऊं
पत्नी - क्या मतलब ?
पति-मतलब कि तुम बम लग रही हो बम...

एक औरत साड़ी की दुकान पर साड़ी लेने गई।
दुकानदार- बताइए मैडम जी, आपको कैसी साड़ी दिखाऊ?
औरत- मेरी सास, जेठानी, नंद, पड़ोसन सब देखकर जल जाएं ऐसी साड़ी दिखाओ।

# विकसित भारत का स्वप्न


हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> 2014 के पूर्व भारत का मन उदास था। अब मोदी जी के नेतृत्व में पूरे भारत में उल्लास है। पहले भारत का मन मजहबी राजनीति को लेकर आहत था। अब भारत का आत्मविश्वास यत्र तत्र सर्वत्र व्यापक हो गया है। सभी क्षेत्रों में उमंग और उल्लास का वातावरण है। धर्म संस्कृति के मामले में भी भारत का मन हीन भाव में था।

विकसित भारत का स्वप्न संकल्प पूरा होने की गारंटी है। यह संकल्प प्रधानमंत्री मोदी का है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीसरी बार शपथ लेने जा रहे हैं। भारत के इतिहास में तीन बार का कार्यकाल केवल नेहरू को मिला था। मोदी जी ने अपने 10 वर्षीय कार्यकाल में तमाम चमत्कारिक काम किए हैं। भारतीय जन गण मन उन्हें प्यार और आदर देता है। उनके नेतृत्व में देश में राष्ट्रीय स्वाभिमान की नई इबारत लिखी गई है। भारतीय संस्कृति सारी दुनिया में लोकप्रिय हुई है। जम्मू कश्मीर विषयक संविधान के अनुच्छेद-370 का निरसन सारी दुनिया के लिए आश्चर्य का विषय रहा है। अधिकांश सामाजिक राजनैतिक कार्यकर्ता इसे असंभव बता रहे थे। कुछ टिप्पणीकार अनुच्छेद 370 के समाप्त करने में सांप्रदायिक दंगों का खतरा देख रहे थे,लेकिन इस सबकी परवाह न करते हुए मोदी सरकार ने 370 को हटा दिया। यह कार्य एनडीए की सरकार ही कर सकती थी। मोदी जी ने तमाम अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत को शीर्ष सम्मान दिलाया। संस्कृति के क्षेत्र में इस सरकार के कार्यकाल में तमाम आश्चर्यजनक कार्य हुए हैं। कई मुस्लिम देशों ने भी भारतीय संस्कृति को सम्मान दिया है। संयुक्त अरब अमीरात में दुबई में राम कथा चली। दुबई के तमाम प्रतिष्ठित लोगों ने हिस्सा लिया। इसी तरह प्रधानमंत्री ने अबुधाबी में मंदिर का लोकार्पण किया। सेकुलरपंथी मंदिर के नाम पर बेजा टिप्पणियां करते हैं,लेकिन मोदी ने देश की सांस्कृतिक प्रतिबद्धता से समझौता नहीं किया। करतारपुर साहिब में श्रद्धालुओं के आवागमन की सुविधा बहाल कराई। कैलाश मानसरोवर के तीर्थ यात्री अव्यवस्था से पीड़ित थे। चीन में होने के कारण इसकी व्यवस्था कठिन थी। मोदी जी के नेतृत्व में कैलाश मानसरोवर की यात्रा आसान हो गई। भारतीय धर्म और संस्कृति की प्रतिबद्धता सांप्रदायिक नहीं है। मंदिर जाना, दर्शन करना भी सांप्रदायिकता नहीं है।

मोदी जी की सरकार के समय भारत के प्रत्येक जन के हृदय में उमंग और उल्लास रहा है। किसानों और गरीबों को हर तरह से समृद्ध बनाने के फैसले किए गए। मोदी ने राष्ट्रीय समृद्धि का संकल्प लिया। देश के प्रत्येक नागरिक को आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प लिए गए। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के समय ब्रिटिश राजनेता भारत की शासन करने की क्षमता का मजाक उड़ाते थे। ब्रिटिश विद्वान भारतीय दर्शन को भाववादी बताकर उपहास उड़ाते थे। इंग्लैंड के तत्कालीन प्रधानमंत्री चर्चिल ने कहा था कि, "भारत जाति पंथ में विभाजित समाज है। वे शासन नहीं चला पाएंगे।" बात-बात में यूरोप की प्रशंसा करने वाले टिप्पणीकार शर्मिंदा होंगे कि शासन न चला पाने की भारतवासियों की क्षमता वाली बात झूठ निकली। भारत में 78 वर्ष से स्वशासन और सुशासन की धारा का प्रवाह है। हम 18वीं लोकसभा चुन चुके हैं। इस बीच भारत ने राष्ट्रजीवन के सभी क्षेत्रों में आश्चर्यजनक उन्नति की है। कृषि वैज्ञानिक एम.एस.स्वामीनाथन के नेतृत्व में हुई हरित क्रांति याद किए जाने योग्य है। राजग सरकार ने मोदी जी के नेतृत्व में स्वामीनाथन को भारत रत्न दिया है।

भारतीय ज्ञान परंपरा के प्रति सारी दुनिया के विद्वान आकर्षित होते रहे हैं। इस ज्ञान परंपरा में प्रत्येक व्यक्ति की क्षमता और योग्यता को प्रत्येक दृष्टि से संपन्न बनाने का ध्येय सर्वविदित है। दरअसल पश्चिम से आयातित सेकुलर विचार के विद्वानों ने भारतीय परंपरा को लगातार अपमानित किया है। मोदी जी ने भारत के स्वाभाविक विचार प्रवाह को प्रोत्साहन दिया। सांस्कृतिक प्रतीक स्वाभिमान के विषय थे और हमेशा रहेंगे। प्रधानमंत्री ने काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के उद्घाटन कार्यक्रम में श्रेष्ठ भारत का स्वप्न रखा। इस कार्यक्रम से कथित प्रगतिशील सेकुलर मोदी पर योजना बनाकर हमलावर हुए। कथित ज्ञानी वर्ग ने प्रधानमंत्री के काशी कार्यक्रम को संविधान की भावना का अपमान बताया। आरोप लगाया गया कि प्रधानमंत्री ने धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेकर अच्छा नहीं किया। लेकिन मोदी जी ने ऐसी टिप्पणियों की परवाह नहीं की।

2014 के पूर्व भारत का मन उदास था। अब मोदी जी के नेतृत्व में पूरे भारत में उल्लास है। पहले भारत का मन मजहबी राजनीति को लेकर आहत था। अब भारत का आत्मविश्वास यत्र तत्र सर्वत्र व्यापक हो गया है। सभी क्षेत्रों में उमंग और उल्लास का वातावरण है। धर्म संस्कृति के मामले में भी भारत का मन हीन भाव में था। आयातित सेकुलर पंथ का दुष्प्रभाव था। राजनैतिक वातावरण भी उत्साहवर्धक नहीं था। अब सब साथ-साथ हैं। परस्पर मैत्री और मिलजुलकर काम करने का वातावरण प्रत्यक्ष है। उन्होंने 'सबका साथ और सबका विकास' के नारे को सही सिद्ध कर दिया है। उनके संकल्प में देश का विश्वास है।

योग भारत का प्राचीन विज्ञान और दर्शन है। यह विश्व को भारतीय साधना का अद्वितीय उपहार है। मोदी ने संयुक्त राष्ट्र में योग की मान्यता का प्रस्ताव किया। मोदी के प्रस्ताव को 170 से ज्यादा देशों का समर्थन मिला। 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया। उन्होंने अयोध्या के श्रीरामजन्मभूमि मंदिर के शिलान्यास में हिस्सा लिया। श्रीराम की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में भी वे उपस्थित रहे। यह मंदिर राष्ट्र का स्वप्न था। स्वप्न सच हो रहा है। उन्होंने केदारनाथ मंदिर में 15 घंटे साधना की। वे हाल ही में कन्याकुमारी में विवेकानंद रॉक पर 45 घंटे ध्यानरत रहे। वे भारत के सांस्कृतिक प्रतीकों की प्रतिष्ठा बढ़ाते हैं। इस प्राचीन देश की मूल चेतना को प्रतिनिधित्व देते हैं। वे बांग्लादेश की यात्रा में ढाकेश्वरी मंदिर पहुंचे। देवी की उपासना की। नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर गए। पूजा और उपासना की। धर्म संस्कृति के प्रति सेकुलरों द्वारा बढ़ाया गया हीन भाव समाप्त हो रहा है। लोक में प्राचीन संस्कृति के प्रति आदर व आत्मविश्वास बढ़ा है।

10 साल के सांस्कृतिक पुनर्जागरण ने सिद्ध कर दिया है कि धर्म और संस्कृति की प्रतिबद्धता सांप्रदायिकता नहीं है। मंदिर जाना रूढ़िवादिता नहीं है। गंगा जैसी पवित्र नदियों को प्रणाम करना पिछड़ापन नहीं है। श्रीराम, श्रीकृष्ण और शिव की प्रत्यक्ष उपासना रूढ़िवादिता नहीं है। वातावरण बदल चुका है। भारत की जीवन शैली और सांस्कृतिक प्रतीकों का सम्मान बढ़ा है। अब हिन्दू और हिन्दुत्व की उपेक्षा संभव नहीं है। सेकुलर राजनीति में सक्रिय वरिष्ठ महानुभाव भी हिन्दू प्रतीकों से जुड़ रहे हैं। हिन्दुत्व पर सबकी सर्वानुमति है।

मनभावन अमृत काल का अंतर्संगीत मोहक है। हिन्दू मान्यताएं सर्वमान्य हो रही हैं। भारतीय विचार के विरोधी सेकुलर पंथ की विदाई तय हो चुकी है। कला, काव्य शिल्प के क्षेत्र में भी सांस्कृतिक जागरण का जादू है। भारत का वातावरण प्रेममय हो गया है। संस्कृति तत्व लोकमान्य हो चुके हैं। नई तरह का नवजागरण है। इस राष्ट्र जागरण में भारत की रीति की प्रतिष्ठा है। भारत की प्रीति का अभिनन्दन है। यह सब काम आसान नहीं था। पहले हिन्दू होना पीड़ादाई था। अब हिन्दू होना सौभाग्यशाली होना है। यह नामुमकिन था,लेकिन मोदी के कारण मुमकिन हो चुका है। समूचा विश्व भारत की लगातार बढ़ रही प्रतिष्ठा को ध्यान से देख रहा है। मोदी के पांच प्रण-'2047 तक विकसित भारत', 'गुलामी के अहसास से आजादी', 'विरासत पर गर्व', 'एकता व एकजुटता पर जोर' व 'नागरिकों का कर्तव्य'-भारत के प्रण संकल्प हैं। राष्ट्र इनसे प्रतिबद्ध है। तीसरे कार्यकाल में ढेर सारी संभावनाएं हैं। प्रत्येक क्षेत्र में सामर्थ्य की बढ़ोतरी होगी। भारत की विश्व प्रतिष्ठा और बढ़ेगी।

# अयोध्या में चुनावी हार की अनर्गल व्याख्या अनुचित

> प्रतिक्रियाओं से पहले धर्मग्रंथों में उल्लिखित तथ्यों को पूरी तरह से ध्यान में रखना अवश्य चाहिए। अयोध्या की जनता कभी राम के खिलाफ नहीं थी।

लोकसभा चुनाव के बाद ढेरों प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। इन प्रतिक्रियाओं से सोशल मीडिया पटा हुआ है। प्रतिक्रियाएं तो चुनावों के बाद आती ही हैं,लेकिन स्वस्थ प्रतिक्रियाओं के लिए खुद की कमी की तलाश की जाती है। चूंकि सोशल साइट पर जो प्रतिक्रियाएं आ रही हैं, वह व्यक्तिगत स्तर की हैं और किसी व्यक्ति को अपने विचार व्यक्त करने से नहीं रोका जा सकता,लेकिन किसी को यह छूट भी नहीं दी जानी चाहिए जो विधिक तौर-तरीके की प्रतिक्रिया न हो। उत्तर प्रदेश में आशा के अनुरूप के अनुरूप परिणाम न आने पर व्यक्त की जा रही हैं,इनमें एनडीए जिसकी मुख्य लगाम भाजपा की है तो उसे चाहिए कि वह अपने समर्थकों को परिपत्र जारी कर मर्यादापुरुषोत्तम श्रीराम के संबंध में व्यक्त की जा रही प्रतिक्रियाओं से विरत रहने के निर्देश दे तथा सोशल साइट से उसे हटाने के लिए निर्देशित करे।


सलिल पांडेय
मिर्जापुर

पहली प्रतिक्रिया अयोध्या में भाजपा प्रत्याशी की हार के एवज में कहा जा रहा है कि 'जिस तरह अयोध्या में भाजपा प्रत्याशी हार गया,उसे देखते हुए तो समझ में अब रहा है कि क्यों भगवान श्रीराम पांच सौ वर्षों से ताले में बंद थे?' दूसरी प्रतिक्रिया यह है कि'अयोध्या की जनता जब राजा से संतुष्ट नहीं थी तो भाजपा प्रत्याशी किस खेत की मूली हैं'?

इन दोनों प्रतिक्रियाओं से पहले धर्मग्रंथों में उल्लिखित तथ्यों को पूरी तरह से ध्यान में रखना अवश्य चाहिए। अयोध्या की जनता कभी राम के खिलाफ नहीं थी। जब उन्हें राजगद्दी की जगह वनवास के लिए कह दिया गया था तब अयोध्या की जनता श्रीराम के पक्ष में थी और वनवास सुनकर वहां की जनता ने अन्न-जल त्याग दिया था। अब सवाल उठता है कि भाजपा प्रत्याशी की हार के चलते पांच सौ साल ताले में बंद रहने को जस्टिफाइड करना उस पूरे राम आंदोलन पर ही प्रश्न उठाना है जिसके लिए कितनों ने धरना प्रदर्शन, जेल,मौत को गले लगा लिया था। साथ ही लंबी कानूनी कार्रवाई के बाद बड़े धूम-धड़ाके से मूर्ति स्थापित हुई और उस स्थापना दिवस को दीवाली पर्व की संज्ञा दी गई।

इसके साथ एक प्रतिक्रिया माता सीता के लिए है कि अयोध्या की जनता ने उन्हें भी नहीं बख्शा। इस संदर्भ में गहराई से देखा जाए तो एक रजक की पत्नी के कहने पर सीता को श्रीराम ने निर्वासित कर दिया था। इस प्रसंग को चुनाव से ही जोड़कर देखा जाए तो श्रीराम ने यहां यह संदेश दिया है कि शासक को त्याग भाव में रहना चाहिए। इसके लिए वह व्यक्ति या स्थिति न देखे।

यदि अयोध्या की जनता ने जीत के लायक वोट नहीं दिया तो यह भी प्रतिक्रिया होनी चाहिए कि किसी कार्य में गैरविधिक तरीका अपना लेने पर अयोध्या की जनता उसे मान्यता नहीं देती। तथ्यों को तोड़-मरोड़कर परिभाषित करना धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ करना है। इसे स्वीकृति नहीं मिलनी चाहिए। आम जनता में किसी ऐतिहासिक आराध्य के लिए आस्था बनी है तो उसकी तुलना निहायत संकुचित तरीके से किया जाने लगेगा तो वेद-पुराण से लेकर अनगिनत धर्मग्रंथों का उपहास उड़ाने का सिलसिला शुरू हो जाएगा जो सनातन संस्कृति के प्रतिकूल ही है।

# पलायन का दंश झेलते उत्तराखंड के गांव


दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

> इस बढ़ते पलायन का ही परिणाम है कि लोगों के पुश्तैनी घर अब भुतहा भवन बन चुके हैं। गांव छोड़कर शहर की ओर गए लोग साल दो साल में कभी-कभार ही अपने गांव में आते हैं।

उत्तराखंड राज्य को बने हुए 24 साल होने जा रहे हैं, लेकिन इस पहाड़ी राज्य में पलायन एक ऐसी समस्या है जिसका अभी तक कोई समाधान नहीं खोजा गया है। भले ही पिछले कुछ सालों में सरकार ने गांव से बढ़ते पलायन को रोकने के लिए कुछ कदम अवश्य उठाए हैं,लेकिन बदली परिस्थितियों में लंबा रास्ता तय करना अभी बाकी है। वर्तमान की पुष्कर सिंह धामी सरकार ने वीरान होते गांव से बढ़ते पलायन को रोकने के लिए कुछ योजनाएं बनाई हैं,लेकिन फिलहाल उनका कोई असर होता नहीं दिख रहा है। बीते वर्षों तक उत्तराखंड के गांव से निरंतर हो रहे पलायन का कोई आधिकारिक आंकड़ा उपलब्ध नहीं था। लंबी प्रतीक्षा के बाद वर्ष 2018 में ग्रामीण विकास एवं पलायन आयोग (अब पलायन निवारण आयोग) अस्तित्व में आया।

गांव छोड़कर शहरों की ओर पलायन का सबसे अधिक असर अल्मोड़ा, टिहरी, पौड़ी और नैनीताल जिलों में देखा गया है। उधमसिंह नगर और देहरादून के गांव से अन्य जिलों की अपेक्षा कम स्थाई पलायन हुआ है। पिछले दिनों इस मुझे अपने ससुराल पक्ष के गांव 'देवनौला' जो अल्मोड़ा जनपद में लमगड़ा कस्बे से छह किलोमीटर आगे स्थित है,वहां एक पूजा में जाने का अवसर मिला। हालांकि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत गांव के पास तक सड़क पहुंच गई है,लेकिन इसके बावजूद यहां बड़े पैमाने पर पलायन हो रहा है। गांव के अधिकांश घर खाली हो चुके हैं। विरान पड़े यह घर खंडहर में तब्दील हो रहे हैं। कुछ घरों में तो तीन-चार सदस्य ही रह गए हैं तो कहीं केवल अकेली महिला ही घर में रहकर पहाड़ जैसी जिंदगी से जूझ रही है। उत्तराखंड के अधिकांश पहाड़ी गांव का यही सच है। गांव के युवा या तो फौज में हैं या फिर रोजगार की तलाश में हल्द्वानी, देहरादून, लखनऊ, दिल्ली आदि बड़े शहरों की ओर कूच कर गए हैं,जो गांव छोड़कर शहर को गया वह फिर शहर का ही होकर रह गया।

इस बढ़ते पलायन का ही परिणाम है कि लोगों के पुश्तैनी घर अब भुतहा भवन बन चुके हैं। गांव छोड़कर शहर की ओर गए लोग साल दो साल में कभी-कभार ही अपने गांव में आते हैं। अवसर या तो किसी पूजा का होता है या शादी विवाह का। कुछ लोगों ने तो जैसे अपने गांव को भूला ही दिया है। वे सालों से अपने घरों को लौटे ही नहीं है। शहरों की ओर पलायन कर गए लोगों के इन खाली पड़े पुश्तैनी घरों की देखभाल गांव में रह गए उनके पड़ोसी या नाते रिश्तेदार ही करते हैं। पलायन हो भी क्यों न। गांव में अब न खेती-बाड़ी बची है और नहीं रोजगार के कोई साधन हैं। सरकार के विकास के पहिए शहरों तक ही सीमित होकर रह गए हैं। अधिकांश गांव पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। सीढ़ीदार खेतों की फसले मौसम पर ही निर्भर है,क्योंकि इनकी सिंचाई के लिए आने वाला पानी सूख चुका है। खेतों में अगर थोड़ी बहुत फसल या सब्जी होती भी है तो वह जंगली जानवरों की भेंट चढ़ जाती है। पहाड़ में भले ही नदी नीचे बहती हो,लेकिन नदी के ऊपर के गांव प्यासे हैं। इसीलिए उत्तराखंड में एक कहावत प्रसिद्ध है कि 'पहाड़ की जवानी और पहाड़ का पानी' पहाड़ पर नहीं टिकता।

देवनौला में सत्तर वर्षीय जगदीश सनवाल बताते हैं कि उनके गांव में न कभी कोई प्रशासनिक अधिकारी आता है और न ही चुनाव के दौरान नेता वोट मांगने आते हैं। जब जिम्मेदार लोग गांव की ओर रुख करेंगे ही नहीं तो गांव का विकास कैसे होगा? यही नहीं गांव के मूल निवासी जो शहरों में जाकर बड़े पदों पर कार्यरत हैं,उन्होंने भी गांव के विकास के बारे में कभी नहीं सोचा जबकि वह चाहते तो बहुत कुछ कर सकते थे। गांव में रोजगार के स्थाई साधन तो कुछ नहीं हैं, शिक्षा के हाल भी अच्छे नहीं हैं। विद्यालय है तो शिक्षकों और संसाधनों की भारी कमी है। किसी विद्यालय में एक शिक्षक है तो कई विद्यालय छात्र संख्या कम होने के कारण बंद हो चुके हैं। सरकार ने भले ही हर गांव में प्राइमरी स्कूल खोल दिए हैं,लेकिन आगे की पढ़ाई के लिए बच्चों को कई किलोमीटर दूर की पैदल यात्रा करनी पड़ती है। गांव के निवासी कहते हैं कि ऐसी परिस्थितियों में पलायन करना लोगों की मजबूरी है। रोजी-रोटी की तलाश में युवा शहरों की ओर रुख करते हैं और फिर उस शहर को ही हमेशा के लिए अपना स्थाई निवास बना लेते हैं। शहरों के बिल्डर और प्रॉपर्टी डीलर गांव छोड़ चुके इन लोगों की जमीनों को सस्ते दामों में खरीद कर वहां रिसोर्ट, भवन बनाकर बेच रहे हैं। यह एक खतरनाक स्थिति है,जो लोगों को अपनी मूल जड़ों से अलग कर रही है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक 2018 से 2022 तक 3 लाख से अधिक लोग राज्य के विभिन्न हिस्सों से शहरों की ओर पलायन कर गए हैं। 2011 तक उत्तराखंड में 1034 निर्जन गांव थे और 2011 से 2018 तक इनकी संख्या में 734 की वृद्धि हुई है। वर्ष 2018 से 2022 के मध्य 24 गांव वीरान हुए और राज्य में वीरान गांवों की संख्या 1792 तक पहुंच गई है। आंकड़ों से पता चलता है कि टिहरी में नौ गांव,चंपावत में पांच, पौड़ी और पिथौरागढ़ में तीन-तीन और अल्मोड़ा तथा चमोली में दो-दो गांव ऐसे हैं जिनमें कोई आबादी नहीं है। इन आंकड़ों से स्पष्ट है कि देवभूमि कहलाए जाने वाले उत्तराखंड राज्य में घोस्ट विलेजों की संख्या लगातार बढ़ रही है । यह सही है कि इस बढ़ रहे पलायन को एकदम से नहीं थामा जा सकता है,लेकिन इसे रोकने के लिए ठोस रणनीति बनाकर काम करने की आवश्यकता है। असल में गांव से पलायन करना लोगों की विवशता है। यदि गांव में मूलभूत सुविधाओं के साथ शिक्षा, पेयजल, स्वास्थ्य तथा रोजगार पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाए,तो कोई अपनी जड़ों को छोड़कर क्यों जाएगा। गांवों के विकास और वहां रोजगार- स्वरोजगार के दृष्टिगत एकीकृत कार्ययोजना का खाका तैयार किया जाना चाहिए। विकास की दीर्घकालिक योजनाओं को आगे बढ़ाने की जरूरत है और यह सभी योजनाएं गांव केंद्रित होनी चाहिए।

# राजनीतिक उक्तियां जो झूठी साबित हुईं

राजनीतिक गलियारों में कुछ उक्तियां और बड़े नेताओं के कथन/वचन प्रचलित थे, वे इस बार के जनादेश और तत्परिणामी घटनाचक्र में गलत साबित हुए हैं। कहा जाता था कि दिल्ली का रास्ता यूपी से होकर जाता है। अब की बार यह सही नहीं निकला। इसकी दो सकरी और कंकरीली पगडंडियां निकली हैं, एक आंध्रप्रदेश से और दूसरी बिहार से चली। इन पर नंगे पैर चलना भी कठिन होगा। मजबूत जूता पहनना होगा। एक और उक्ति बहुत प्रचलित थी, 'जो राम को लाए हैं, राम उन्हें लाएंगे'। यह भी हास्यास्पद निकली। स्वयं राम की नगरी में ही गलत साबित हुई।


रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

पूरे देश में भी रामजी ने तो उन्हें बहुमत नहीं दिया, दो वे नेता उन्हें ला रहे हैं जिनका राम से सीधा संबंध नहीं था। वे कथित सेकुलर हैं और हाल के रामोत्सव में दर्शन करने भी नहीं गए। चन्द्रबाबू नायडू 2018 में मोदी सरकार के विरुद्ध लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव लाए थे, अब उन्हें मोदी में विश्वास हो गया यानी पहली उक्ति झूठी हो गई। थोड़ा पहले की अमित शाह की उक्ति थी कि 'अब नायडू के लिए एनडीए के दरवाजे हमेशा के लिए बंद हैं'। यह भी झूठ निकला। दरवाजा खुला और लाल कॉरपेट भी बिछाई गई। नीतीश का कभी उद्‍गोष था कि मोदी के साथ मंच साझा नहीं करेंगे। वे भी बहुत लचीले निकले। मोदी के पैर छुए और सत्ता का केक साझे में काटेंगे। प्राचीन नीतियों में एक श्लोक की एक पंक्ति याद आ रही है। "श्वासाना शरीराणां वाचानां महीपति"। यानी जैसे शरीर के लिए श्वास अपरिहार्य है, वैसे ही राजाओं के लिए वचन, किंतु आज के राजपुरुषों की कथनी क्या है और करनी क्या है, यह सामने है। तुलसीदास जी ने भी कहा है "प्राण जाय पर वचन न जाय"।

एक अन्य उक्ति बहु प्रचलित थी, 'मोदी है तो मुमकिन है'। अर्थात् मोदी असंभव को संभव बना सकते हैं, किंतु अबकी बार चुनाव में यह गलत सिद्ध हो गई। वे काम चलाऊ बहुमत भी नहीं दिला सके। मोदी का यह वाक्य बहुत प्रचारित था 'कांग्रेस मुक्त भारत'। यह भी अब दम तोड़ रहा है। कांग्रेस तो बढ़ रही है। कहीं 'मुक्त' की बजाय 'युक्त'(सत्तायुक्त) न हो जाए। अमित शाह मोदी को 2029 के लोकसभा चुनाव हेतु भी पीएम पद के लिए प्रोजेक्ट कर चुके हैं। इसे अभी झूठ या सच कहना जल्दी होगी, हालांकि ऐसा कहकर शाह खुद बहुत जल्दी किए हैं। पार्टी के गिरते ग्राफ के चलते क्या पता 2029 में इसकी जरूरत भी पड़ेगी या नहीं। फिलहाल इस समय तो यह उक्ति हवा हवाई ही कही जाएगी।

# एक अच्छी पहल

वित्त मंत्रालय ने बैंकों से महिला उद्यमियों के लिए कुछ नई योजनाएं शुरू करने को कहा है। एन्हांस्ड एक्सेस एंड सर्विस एक्सीलेंस(ईएएसई 7.0) रिफार्म एजेंडा के अंतर्गत यह योजनाएं लागू की जानी हैं। महिलाओं द्वारा विभिन्न उद्योगों में उत्साहजनक परिमाण दिए गए हैं,जो देश की तरक्की के लिए उपयोगी साबित हुए हैं। हाल के लोकसभा चुनावों में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी रही है।


संजीव मेहरोत्रा
बरेली

आंकड़े बताते हैं कि लगभग 31.50 करोड़ महिलाओं ने इस चुनाव में वोट किया था। माना जा रहा है कि महिलाओं का बड़ी संख्या में वोट एनडीए को गया है जिसके कारण वित्त मंत्रालय महिला उद्यमियों के लिए बैंकों के माध्यम से लोन की नई योजनाएं लाने जा रहा है जिसके लिए बैंकों से लोन मेले लगाने का भी आवाहन किया गया है।

आगे चलकर बैंक कैंप लगाकर महिलाओं को वित्त पोषण में जानकारी और सहायता देंगे ताकि महिलाओं को नई-नई तकनीकी आधारित जानकारियां प्राप्त हो सके। बैंकों से अपेक्षा की गई है कि अपनी महिला ग्राहकों को सहयोग कर उनको वित्त पोषित किया जाए। महिला उद्यमियों में पर्याप्त संभावना को देखते हुए वित्त मंत्रालय की पहल से बैंक अपनी महिला ग्राहकों को किस स्तर तक वित्त पोषित कर सकेंगे यह तो आने वाले समय में ही पता चलेगा। फिलहाल इसे एक अच्छी पहल तो माना जाना चाहिए।

# हंगामा है क्यों बरपा

अट्ठारवीं लोकसभा के चुनाव परिणाम आ गए। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार भी बनने जा रही है। बावजूद इसके इस बार के परिणामों को लेकर जितना बहस मुबाहिसा चल रहा है, सामान्यतया इससे पहले नहीं देखा गया। ये कुछ-कुछ ऐसा है कि अपने फेल होने का दुःख कम हो, पर दोस्त फर्स्ट आ जाए तो इसका दुःख ज्यादा होता है। क्या इस हंगामे की वजह बीजेपी की सीटों में कमी आना है या इंडिया गठबंधन की अच्छी परफॉर्मेंस? या अयोध्या के चौंकाने वाले परिणाम? चौंकाने वाले इसलिए, क्योंकि बीजेपी ने राम मंदिर की जबरदस्त मार्केटिंग की थी। कई सौ करोड़ रुपए पानी की तरह बहाए।


शारदा शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

मीडिया और सोशल मीडिया के जरिए इतना प्रोपेगंडा हुआ कि एक बार को लगा कि जनता इस चकाचौंध के पार देखने में असमर्थ है, लेकिन ऐसा नहीं था। जनता जमीनी हकीकत साफ-साफ देख पाई। शायद अयोध्यावासियों को अपने घरों के बदले मंदिर तो चाहिए था, पर मंदिर के नाम पर विश्वस्तरीय मॉलनुमा कॉरिडोर नहीं। उत्तर प्रदेश को गोबर पट्टी कहकर मजाक उड़ाने वालों को प्रदेशवासियों ने यह बता दिया कि देश को सर्वाधिक प्रधानमंत्री देने वाले प्रदेश को लोकतंत्र के मायने मालूम हैं। इस चुनाव का जनादेश भारतीय लोकतंत्र को मजबूती देता है। भले ही एनडीए को बहुमत मिला हो, लेकिन परिणामों से प्रतिपक्ष को संजीवनी भी मिली है। पिछले लोकसभा चुनावों ने जनता ने बीजेपी को सफलता के शिखर पर पहुंचाया था जिसने पार्टी को अहंकारी और अधिनायकवादी बना दिया।

दरसअल पिछले चुनाव में विपक्ष एकदम निचले स्तर पर था जिससे नीचे जाने की जगह नहीं थी और बीजेपी अपने शिखर पर थी जिससे ऊपर जाना संभव नहीं था। बीजेपी चार सौ पार का नारा देती रही और विपक्ष हर हाल में एकजुटता दिखाता रहा। बीजेपी को सबसे बड़ा झटका उत्तर प्रदेश में लगा। यहां राम मंदिर का जादू नहीं चला और न ही सांप्रदायिक विभाजन काम आया। लोग बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार को भूल नहीं पाए। नड्डा के बयानों ने रही सही कसर पूरी कर दी। उनका ये कहना कि पार्टी को आरएसएस की जरूरत नहीं और बिहार में उन्होंने कहा कि छोटे और क्षेत्रीय दलों का कोई भविष्य नहीं है, एनडीए में शामिल छोटे दलों को बीजेपी से दूर करने में सहायक हुए। बहरहाल नतीजा हमारे सामने है एक लंगड़ी सरकार दो बैसाखियों पर चलकर सरकार कैसी चलाएगी इसका अनुमान लगाना बहुत आसान है।

# दुनिया को समझने की कोशिश

प्रश्न यह है कि शिक्षा के माध्यम से क्या हम दुनिया को जान सकते हैं? शिक्षा विविध भाषाओं से हमारी जान-पहचान कराती है,जानकारियों का पुलिंदा हमारे सामने पेश करती है,हमें जोड़-घटाना, गुणा-भाग करना सिखाती है,ज्ञान-विज्ञान से जोड़ती है। समझदारी विकसित करती है और आपसी प्रतिस्पर्धा का भाव रोपती है। सफल होने पर खुश होना सिखाती है और असफल होने पर पुनः प्रयास करने की उत्तेजना पैदा करती है।


द्वारिका प्रसाद अग्रवाल
वरिष्ठ लेखक, बिलासपुर

चूंकि आदि काल से वर्तमान तक पढ़ाई सामूहिक क्रिया रही है। इसलिए यह हमें समाज के विभिन्न समूहों से जोड़ती है और दूसरों के साथ तालमेल करके जीना सिखाती है। दुनिया के साथ चलना और सहयोग करना और विपरीत विचारों का सम्मान करना सिखाती है,तो क्या दुनिया को अनुभव से जाना जा सकता है? अनुभव हमारे जीवन में हुई घटनाओं की स्मृतियां हैं। किसी एक क्रिया की प्रतिक्रिया अनेक ढंग से हो सकती है। हम किसी को देखकर मुस्कुराएं तो उत्तर में मुस्कराहट वापस आ सकती है, 'कोई जवाब नहीं' वापस आ सकता है,उपेक्षा वापस आ सकती है या नाराजगी भी। इस स्थिति में मुस्कुराने की प्रतिक्रिया में भी भ्रम की स्थिति है। इसलिए मुस्कराहट का उपयोग सोच-समझकर किया जाता है। जब मुस्कराहट जैसा मधुर व्यवहार अलग-अलग ढंग परिणाम देता है तो दुनिया को कैसे जाना जाए? यह समस्या केवल अहमद जैसे विद्यार्थी की ही नहीं है,प्रत्येक जिज्ञासु की है,जो शिक्षा से जुड़कर दुनिया को समझने की कोशिश कर रहा है तो क्या शिक्षा हमें दुनियादारी नहीं सिखाती?

सिखाती है, दुनियादारी सिखाती है,लेकिन दुनिया के रहस्य नहीं बताती,बल्कि उन रहस्यों को जानने की राह बताती है,लेकिन रास्ता इतना लंबा है कि मंजिल नजर ही नहीं आती। बस, चलते रहो, चलते रहो। अहमद ने तय किया कि वह भी पढ़ाई में मन लगाएगा। प्रभुदत्त और अहमद मिलजुल कर बातें करते और पढ़ते भी। समय बीतता गया और वे दोनों चौथी कक्षा पास हो गए। आगे की पढ़ाई झंग में संभव नहीं थी इसलिए प्रभुदत्त का झंग से पांच मील दूर मिघियाना के स्कूल में दाखिला करवा दिया गया,लेकिन अहमद झंग में ही रह गया,क्योंकि उसके अब्बा उसे झंग से बाहर जाकर पढ़ने के खिलाफ थे। अहमद ने अपनी तरफ से बहुत कोशिश की,अम्मी से कहलवाया,लेकिन बात नहीं बनी और उसकी पढ़ाई झंग के स्कूल की चारदीवारी में कैद होकर रह गई। जिस दिन प्रभु झंग से जा रहा था, वह दिन दोनों दोस्तों के लिए बहुत भारी पड़ा। अहमद रो रहा था कि वह झंग से निकल नहीं पाया और प्रभु रो रहा था कि वह झंग से निकलकर अपने जिगरी दोस्त से बहुत दूर जा रहा था। क्या पता फिर मुलाकात हो, न हो!

## आपका पत्र

# लोकतंत्र की मजबूती

बड़े आश्चर्य की बात है कि एक सामान्य मतदाता के रूप में यदि कोई भी भारतीय नागरिक जेल में बंद होता है तो वह वोट डालने का अधिकारी नहीं है, वहीं दूसरी ओर जेल में बंद अपराधी चुनाव लड़ सकता है। यह बहुत बड़ी विडंबना है इसको खत्म किए जाने की आवश्यकता है। जेल में बंद अपराधी चुनाव लड़े और जीत जाए, अपराधी लोग संसद में आकर कानून बनाने और बिगड़ने का काम करें। यह अपने आप में किसी भी दशा में उचित नहीं कहा जा सकता। देखने में आ रहा है कि इस प्रकार के विधायकों और सांसदों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। हमारे संविधान निर्माता डॉ. आंबेडकर एवं उनकी टीम ने कभी नहीं सोचा होगा कि इस प्रकार के अपराधी लोग भी निर्वाचित होकर संसद में सदस्य बन सकते हैं। इसीलिए जरूरी है कि उचित संशोधन करके इस प्रकार के जेल में बंद अपराधियों के सांसद बनने पर रोक लगाई जानी चाहिए। इस प्रकार बार-बार के चुनाव से बचने/ सरकारी मशीनरी और पैसे के दुरुपयोग को रोकने के लिए यह भी जरूरी है कि कोई भी व्यक्ति केवल एक जगह से चुनाव लड़े। जब एक भारतीय मतदाता एक ही वोट डालने का अधिकारी है तो इस मतदाता को उम्मीदवार के रूप में दो जगह से चुनाव लड़ने पर भी रोक लगनी चाहिए, क्योंकि प्रायः यदि वह व्यक्ति दो जगह से चुनाव जीत जाता है तो एक जगह से उसे इस्तीफा देना होता है, ऐसी स्थिति में उस क्षेत्र में पुनः मतदान करवाया जाता है जिससे सरकारी संसाधनों की बर्बादी होती है। अतः जरूरी है संविधान में संशोधन किया जाए और अपराधी चरित्र के लोग न तो चुनाव लड़ पाए और न ही कोई भारतीय नागरिक केवल एक जगह से चुनाव लड़े तो इससे हमारे लोकतंत्र को और मजबूती मिलेगी।

**- डॉ. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी**, बड़ा बाजार नैनीताल

# समस्याएं हल न होने पर भड़के पंचायत प्रतिनिधि

## भैंसियाछाना विकास खंड की बीडीसी बैठक में छाए रहे बिजली- पानी, शिक्षा, सड़क और स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दे

**आरोप**

- ग्रामीणों ने अधिकारियों पर लगाया उपेक्षा करने का आरोप
- ब्लॉक प्रमुख ने शीघ्र समस्याएं हल करने के निर्देश दिए

संवाददाता, अल्मोड़ा



भैंसियाछाना में आयोजित बीडीसी बैठक में मंचासीन पंचायत प्रतिनिधि। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिले के भैंसियाछाना विकास खंड में आयोजित क्षेत्र पंचायत की बैठक में पूर्व में उठाई गई समस्याओं का निस्तारण न होने पर पंचायत प्रतिनिधियों का पारा चढ़ गया। पंचायत प्रतिनिधियों ने जिला स्तर के अधिकारियों पर ग्रामीणों की उपेक्षा करने का आरोप लगाया। साथ ही शीघ्र समस्याओं का निस्तारण करने की मांग उठाई। बैठक के दौरान सदन में बिजली, पानी और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी समस्याएं छाई रही।

भैंसियाछाना में ब्लॉक प्रमुख खुशबू पांडे की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान अलग अलग क्षेत्रों आए जनप्रतिनिधियों ने अपनी समस्याएं सदन के समक्ष रखी। जनप्रतिनिधियों के आक्रोश को देखते हुए ब्लॉक प्रमुख ने सभी अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान विकास खंड के कलौन, नौगांव, सुपई, कुंजबरगल क्षेत्र में सालों बाद भी बिजली के जर्जर हो चुके पोलों को न बदलने, कांचुला, बबुरियानायल, बेलवालगांव और कनारीछीना में लो वोल्टेज की समस्या और नए ट्रासंफार्मरों को चालू करने, दशों क्षेत्र में जल जीवन योजना के तहत बनाई गई योजना से पेयजल का वितरण सही ढंग से करने, वन विभाग द्वारा दूसरे क्षेत्रों से पकड़े गए बंदरों को विकास खंड मुख्यालय के आसपास छोड़े जाने समेत शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, कृषि, मनरेगा, पशुपालन और राशन से जुड़ी समस्याएं पंचायत प्रतिनिधियों ने सदन में रखी। पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि बार बार इन बुनियादी समस्याओं को क्षेत्र पंचायत की बैठकों में रखने के बाद भी इन पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती है।

जिस कारण ग्रामीण क्षेत्रों के लोग अपने आप को ठगा हुआ महसूस करते हैं। पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि अगर यही हाल रहा तो भविष्य में वह इस तरह की बैठकों का बहिष्कार करने से भी गुरेज नहीं करेंगे। बैठक में प्रधान चंद्र सिंह, दीवान सिंह, महेश बोरा, हरीश सिंह, खंड विकास अधिकारी तारा चंद्र आर्य, डीडीओ कमलेश कुमार, एसडीएम जयवर्धन, सीएमओ डॉ. आरसी पंत आदि मौजूद रहे।

### अनुपस्थित अधिकारियों का सीडीओ ने किया जवाब तलब

**अल्मोड़ा :** विकास खंड भैंसियाछाना की क्षेत्र पंचायत की बैठक में जल संस्थान, वन विभाग व जल निगम के जिला स्तर के अधिकारियों के मौजूद न होने कारण पंचायत प्रतिनिधि भड़क गए। पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि अधिकारियों के बैठकों में उपस्थित न होने के कारण अधिकांश समस्याओं का समाधान हो ही नहीं पाता और वह लंबित पड़ी रहती हैं। अधिकारियों के गैर हाजिर होने के कारण हंगामा बढ़ा तो बैठक में मौजूद सीडीओ आकांक्षा कोंडे ने अनुपस्थित अधिकारियों का स्पष्टीकरण लिए जाने के निर्देश जारी कर दिए।

## अल्मोड़ा में एक करोड़ से बनेगा नक्षत्र भवन

**अल्मोड़ा :** सीमांत जिले पिथौरागढ़ के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डीडीहाट की सलाहकार समिति की बैठक जिलाधिकारी रीना जोशी की अध्यक्षता में जिला कार्यालय कक्ष में आयोजित की गई।

बैठक में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डीडीहाट पिथौरागढ़ के प्राचार्य भास्करानंद पांडे, मुख्य शिक्षा अधिकारी अशोक जुकारिया, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक हवालदार प्रसाद, जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक तरुण पंत, नियोजन प्रभारी ममता खोलिया द्वारा वार्षिक कार्य योजना 2024-25 को प्रस्तुत किया। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि डायट अल्मोड़ा में करीब एक करोड़ रुपये की लागत से नक्षत्र भवन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का निर्माण किया जाना है। डीएम ने डायट के माध्यम से दिए जाने वाले प्रशिक्षण के संबंध में सुझाव दिए। सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के समन्वयक राजेश कुमार पाठक द्वारा डायट डीडीहाट की सामाजिक विज्ञान व भूगोल लैब का वीडियो दिखाया। जिसको डीएम ने सराहा। बैठक में डायट के सभी शिक्षक रहे।

# फर्जी मोहर से ले लिया लीसा दोहन का ठेका

संवाददाता, अल्मोड़ा

**मुकदमा दर्ज**

- शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मुकदमा किया दर्ज
- जैंती भनोली तहसील में सरपंच की लगाई फर्जी मोहर

**अमृत विचार :** जिले के जैंती भनोली तहसील में सरपंच की फर्जी मोहर लगाकर वन विभाग से लीसा दोहन का ठेका फर्जी तरीके से लिए जाने का एक मामला सामने आया है। इस मामले में शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने संबंधित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

तहसील के जाखनौला बकस्वाड़ निवासी उमेश सिंह बिष्ट ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह वर्तमान में वन पंचायत जाखनौला समिति के सदस्य है। उनका कहना है कि इसी वन पंचायत के निवासी धरम सिंह नयाल वर्ष 2004 से सितंबर 2022 तक यहां सरपंच के पद पर रहे। जिसके बाद उनका कार्यकाल समाप्त हो गया था। शिकायत में कहा गया है कि दिसंबर 2022 में वन पंचायत द्वारा वन विभाग के सिविल सोयम वन प्रभाग को लीसा दोहन करने का प्रस्ताव दिया। उन्होंने आरोप लगाया है कि वन विभाग की ओर से इस मामले में की गई कार्रवाई के दौरान धरम सिंह ने अपने प्रस्ताव पर सरपंच की अपनी पुरानी फर्जी मोहर लगाकर हस्ताक्षर किए और वन विभाग को गुमराह कर ठेका अपने नाम करा लिया और लीसा दोहन भी कर लिया। जबकि उनका सरपंच का कार्यकाल सितंबर 2022 को ही समाप्त हो चुका था।

उमेश सिंह ने अपनी शिकायत में पुलिस से इस मामले की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है। थानाध्यक्ष दिनेश नाथ महंत ने बताया कि शिकायत के आधार पर संबंधित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की विवेचना की जा रही है।

## कांडा क्षेत्र में किशोर ने फांसी लगाकर जान दी

**बागेश्वर।** कांडा थाना अंतर्गत एक किशोर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। बांसतोली निवासी किशोर हर्षित कुमार उम्र 14 साल ने घर के पास ही फांसी लगा ली। परिजन उसे लेकर अस्पताल गए परंतु तब तक उसने दम तोड़ दिया था। आत्महत्या का कारण अज्ञात है।

## अखंड रामायण के साथ वार्षिक भंडारा संपन्न



सेलागढ़ी गोलू देवता मंदिर।

**बैरती ( अल्मोड़ा)।** क्षेत्र के सेलागढ़ी स्थित गोलू देवता मंदिर में अखंड रामायण पाठ के बाद वार्षिक भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र एवं आसपास के काफी संख्या में लोगों ने भागीदारी कर प्रसाद ग्रहण किया। सेलागढ़ी गोलू देवता मंदिर समिति एवं ग्रामीणों द्वारा हर साल 8 जून को यहां गोलू देवता पूजा एवं भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस बार अखंड रामायण पाठ के साथ यह आयोजन संपन्न हुआ। क्षेत्र एवं आसपास के काफी संख्या में लोगों ने इस आयोजन में भागीदारी की। मंदिर समिति ने सफल आयोजन के लिए सभी को साधुवाद दिया।

## नशा उन्मूलन के लिए खुद से शुरू करनी होगी पहल

**अल्मोड़ा :** नगर के विवेकानंद इंटर कालेज में शनिवार को नशा उन्मूलन और साइबर क्राइम जागरूकता के तहत एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में मुख्य अतिथि एसएसपी देवेंद्र पींचा ने स्कूली बच्चों के सवालों का जवाब देकर शंकाओं को दूर किया। एसएसपी ने कहा कि नशे का खात्मा हमें अपने परिवार से करना होगा तभी समाज को नशा नहीं करने के लिए प्रेरित किया जा सकेगा। उन्होंने बच्चों को नशे के दुष्परिणाम बताते हुए नशा बेचने वालों की शिकायत नजदीकी थाने अथवा पुलिस हेल्प लाइन नंबर 112 में करने की बात कही।

## साहसिक शिविर का आयोजन कल से

**रानीखेत :** सूर्या कमांड द्वारा 10 से 19 जून तक कुमाऊं रेजीमेंट के तत्वावधान में ग्रीष्मकालीन साहसिक शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें भारतीय सैनिकों व पूर्व सैनिकों के 160 बच्चे भाग लेंगे।

सेना से मिली जानकारी के अनुसार 10 से 19 जून तक कुमाऊं रेजीमेंट के तत्वावधान में भारतीय सैनिकों व पूर्व सैनिकों के बच्चों के लिए साहसिक शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का उद्देश्य बच्चों की कल्पना को उजागर करना, साहसिक भावना को बढ़ावा देना व सौहार्द का निर्माण करना है। शिविर का नेतृत्व केआरसी के ब्रिगेडियर संजय यादव विशिष्ट सेवा मेडल, कर्नल सुनील कटारिया कैंप निदेशक एवं कर्नल वीएस दानू कैंप प्रभारी द्वारा किया जाएगा। शिविर में एरोबिक्स, योग, खेलकूद, रॉक क्लाइंबिंग आदि गतिविधियां होंगी।

# नकली नोट मामले में शाखा प्रबंधक पर दर्ज हुआ मुकदमा

संवाददाता, टनकपुर

**कार्रवाई**

- एसबीआई की टनकपुर शाखा से भेजे गए नोटों में मिले 2000 रुपये के पांच नकली नोट

**अमृत विचार:** भारतीय स्टेट बैंक की टनकपुर शाखा से रिजर्व बैंक की कानपुर शाखा को भेजे नोटों में से पांच नोट नकली पाए गए। नकली नोट मिलने पर आरबीआई द्वारा एसबीआई की टनकपुर शाखा के प्रबंधक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

टनकपुर कोतवाली में शुक्रवार शाम साढ़े सात बजे मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस की जांच शुरू हो गई है। आरबीआई की ओर से कहा गया है कि टनकपुर से मिले 2000 रुपये के पांच नोट (नंबर ) जाली पाए गए। भारतीय मुद्रा के जाली नोटों का मुद्रण व परिचालन दंडनीय अपराध है। आरबीआई की जांच और विभागीय प्रक्रिया पूरी होने के बाद आरबीआई की ओर से कानपुर के अधिकारी आईपीएस गहलोत ने टनकपुर कोतवाली में तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर टनकपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। इधर एसएसआई बीएस बिष्ट ने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक की टनकपुर शाखा के प्रबंधक के खिलाफ टनकपुर कोतवाली में शुक्रवार रात भारतीय दंड संहिता की धारा 489 बी व 489 सी के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया है। बताया कि मामले की जांच एसआई ओम प्रकाश को सौंपी गई है।

# सूर्या क्लब ने जीता क्रिकेट मैच



दोनों टीमों के खिलाड़ियों के साथ मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

संवाददाता, बनबसा

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की नशा मुक्त उत्तराखंड अभियान की मुहिम के तहत जय श्रीराम दल द्वारा मिनी स्टेडियम चूना भट्टा में नाइट क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया।

प्रतियोगिता के पहले मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य पुष्कर कापड़ी और भाजपा जिला महामंत्री मुकेश कलखुड़िया ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य पुष्कर कापड़ी ने कहा कि युवाओं को अगर जीवन में किसी लक्ष्य को प्राप्त करना है तो नशे से दूर रहना होगा। प्रतियोगिता के पहले मैच में जतिन इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित आठ ओवर में 70 रन बनाए। जतिन इलेवन की ओर से सर्वाधिक 20 रन जतिन ने बनाए। वहीं सूर्या क्लब ने 6 ओवर में लक्ष्य हासिल कर मैच जीत लिया। प्रतियोगिता में एम्पायर की भूमिका जंग बहादुर व किशन कुंवर ने निभाई। स्कोरर राजेन्द्र धामी व नीरज भंडारी रहे। इस मौके पर थानाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह जगवाण, भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश भट्ट, राकेश चंद, प्रमोद गुप्ता, रुक्मणि उनियाल आदि सहित सैकड़ों खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# अल्मोड़ा में एसएसपी ने किए पुलिस अफसरों के तबादले

- सभी अधिकारियों को तत्काल कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश

संवाददाता, अल्मोड़ा



देवेंद्र पींचा।

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की गहमागहमी समाप्त होने के बाद एसएसपी अल्मोड़ा देवेंद्र पींचा ने जिले में पुलिस अधिकारियों के ताबड़तोड़ तबादले किए हैं।

एसएसपी ने सभी अधिकारियों को तत्काल नए कार्यस्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश भी जारी किए हैं। एसएसपी देवेंद्र पींचा ने प्रभारी चुनाव सैल त्रिलोक राम को प्रभारी डीसीआरबी पुलिस कार्यालय अल्मोड़ा, पुलिस लाइन से निरीक्षक नारायण सिंह को प्रभारी सम्मन सैल, थानाध्यक्ष देघाट राहुल राठी को लमगड़ा, थानाध्यक्ष लमगड़ा दिनेश नाथ महंत को देघाट, प्रभारी चौकी बेस कृष्ण कुमार को मजखाली, उप निरीक्षक रानीखेत सुनील सिंह बिष्ट को प्रभारी चौकी बेस, प्रभारी चौकी मजखाली देवेंद्र नेगी को कोतवाली अल्मोड़ा, प्रभारी चौकी मोरनौला संजय जोशी को प्रभारी चौकी भिकियासैंण, सल्ट थाने के उप निरीक्षक मनोज कुमार को प्रभारी चौकी मोरनौला, प्रभारी चौकी भिकियासैंण गंगा राम गोला को प्रभारी चौकी जैंती, पुलिस लाइन अल्मोड़ा के उपनिरीक्षक कमाल हसन को कोतवाली रानीखेत, पुलिस लाइन से उपनिरीक्षक भुवन जोशी को कोतवाली अल्मोड़ा, पुलिस लाइन के उप निरीक्षक भुवन चंद्र जोशी को कोतवाली अल्मोड़ा व पुलिस लाइन के ही उपनिरीक्षक भगवान गिरि गोस्वामी, हरविंदर कुमार, संतोष तिवारी व मोहन सिंह सोन को क्रमशः थाना जागेश्वर, देघाट, अल्मोड़ा व सल्ट भेजा गया है। चौकी प्रभारी जागेश्वर सुनील धानिक को पीआरओ, प्रभारी एएनटीएफ साइबर सैल अल्मोड़ा व पुलिस लाइन अल्मोड़ा की महिला उप निरीक्षक रिंकी को कोतवाली अल्मोड़ा भेजा गया है। कोतवाली रानीखेत की महिला उप निरीक्षक बरखा कन्याल को थाना सल्ट भेजा गया है।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए लोगों को किया जागरूक

**अल्मोड़ा:** सीबीसी अल्मोड़ा और दिल्ली की थर्ड स्पेश कलेक्टिव की ओर से हवालबाग के सिराड़ गांव में जागरूकता अभियान चलाया गया। राजकीय प्राथमिक विद्यालय सिराड़ के संयोजन में हुए इस कार्यक्रम में गांव में विचार गोष्ठी भी हुई।

ग्राम प्रधान प्रेमा सिराड़ी, एसएमसी अध्यक्ष संजय कुमार की मौजूदगी में हुए कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर लोक गायक भाष्कर भौर्याल ने जागरुक गीत प्रस्तुत किए। साथ ही ग्रामीणों से पर्यावरण संरक्षण, साफ सफाई और जलस्रोतों की सफाई व जंगलों को आग से बचाने की भी अपील की गई। दिल्ली से आई टीम ने बगैन नामक नाटक प्रस्तुत किया। इस मौके पर प्रधानाध्यापिका ममता पाठक, सीबीसी अल्मोड़ा भाष्कर भौर्याल, संजय कुमार, हेमा देवी, ममता देवी, जानकी देवी, अर्जुन सिंह रहे।

# चौखुटिया के गांवों में 3 दिन से बिजली नहीं

संवाददाता, अल्मोड़ा

**परेशानी**

- अंधड़ के दौरान बिजली का पोल झुक जाने से पैदा हुई दिक्कत

**अमृत विचार :** विकास खंड चौखुटिया में बीते दिनों आए अंधड़ के कारण एक बिजली को पोल मुड़कर झुक गया। जिस कारण इस पोल से होकर गुजर रही लाइनों से प्रभावित गांवों में अंधेरा छा गया। ग्रामीणों ने बिजली की आपूर्ति भंग होने की जानकारी विभाग के अधिकारियों को दी।

लेकिन अभी तक विभाग बिजली की आपूर्ति को सुचारू नहीं कर पाया है। जिस कारण अब यहां के ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बीते तीन चार दिनों पहले आए तेज अंधड़ के दौरान विकास खंड के गोदी के पास खड़ा बिजली एक पोल मुड़कर पूरी तरह नीचे की ओर झुक गया। जिससे लाइनें टूट गई और संबंधित गांवों में बिजली की आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई। पोल के झुकने के कारण लाइनों को हुए नुकसान और बिजली आपूर्ति न होने की शिकायत ग्रामीणों ने विभाग के अधिकारियों से की। ग्रामीणों ने बताया लाइन टूटने के कारण गोदी, अमस्यारी व गनियापानी गांवों और उसके अनेक तोकों में बिजली की आपूर्ति ठप हो गई और पूरी तरह अंधेरा छा गया है। लेकिन शनिवार दोपहर तक विभाग के अधिकारी बिजली की आपूर्ति सुचारू नहीं कर पाए हैं। जिस कारण क्षेत्र के लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इधर बिजली विभाग के एसडीओ राजेंद्र बेलवाल ने बताया कि उनके द्वारा मौके का निरीक्षण कर पोल बदलने की कार्रवाई शुरू करा दी गई है। उन्होंने बताया कि शनिवार की देर शाम तक सभी क्षेत्रों में बिजली की आपूर्ति सुचारू करा दी जाएगी।

# स्याल्दे के ग्रामीणों ने दी आंदोलन की धमकी

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** जिले के स्याल्दे तहसील के इकूखेत समेत कई गांवों में बिजली कटौती और लो वोल्टेज से ग्रामीण भड़क गए हैं। ग्रामीणों ने समस्या का समाधान नहीं होने पर 16 जून से उग्र आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दी है।

इस संबंध में ग्रामीणों ने तहसीलदार दीवान गिरी गोस्वामी के माध्यम से डीएम को ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा है कि चितौड़खाल, इकूखेत, लखौरा, सराईखेत क्षेत्र में लोग बिजली समस्या से जूझ रहे हैं। आए दिन विद्युत कटौती हो रही है।

कभी दिन में तो कभी कभी रात में बिजली गुल रहती है। बिजली गुल रहने से मंगरुखाल पंपिंग पेयजल योजनाओं में जलापूर्ति ठप है। जिससे लोगों को पानी नहीं मिल रहा है। ज्ञापन में उत्तराखंड जनकल्याण समिति अध्यक्ष सुनील टम्टा, व्यापार मंडल अध्यक्ष जोगा सिंह नेगी, आरती देवी, नरेंद्र कुमार, ललित भंडारी, गौतम ध्यानी आदि ने हस्ताक्षर किए हैं।

**आस्था**

बाराही धाम में कलश यात्रा और रथ यात्रा के साथ श्रीराम ज्ञान यज्ञ कथा का हुआ शुभारंभ

# भगवान श्रीराम की भक्ति में सराबोर हुआ मां बाराही धाम

संवाददाता, टनकपुर/देवीधुरा

**आयोजन**

- शुभारंभ मौके पर छोलिया नृतकों ने भी जमाया रंग
- सेतु आयोग के उपाध्यक्ष राजशेखर करा रहे आयोजन



बाराही धाम में कलश यात्रा निकालती महिलाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** देवीधुरा के मां बाराही धाम में शनिवार को विश्व कल्याण के लिए श्रीराम ज्ञान यज्ञ कथा शुरू हो गई। कथा के पहले दिन हनुमान मंदिर से मुख्य बाजार होते हुए बाराही मंदिर तक कलश यात्रा निकाली गई।

भव्य और दिव्य शोभायात्रा में मांगलिक परिधानों में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। सेतु आयोग के उपाध्यक्ष व दर्जा मंत्री राजशेखर जोशी द्वारा विश्व कल्याण एवं उत्तराखंड वासियों की सुख-शांति व समृद्धि की कामना के साथ की जा रही इस विशाल कथा का वाचन करने के लिए बनारस से पुराणों के मर्मज्ञ कथावाचक अतुल कृष्ण भारद्वाज के साथ चित्रकूट से संगीत मंडली व अन्य संत यहां आए हैं। जोशी एवं उनके अनुज मुख्य यजमान पंडित हेमचंद्र जोशी ने सपत्निक गणेश पूजन, कलश स्थापना, नवग्रह पूजन, पुण्याहवाचन आदि पूजा-अर्चना की। व्यास पूजन के साथ कथा का शुभारंभ हुआ। व्यास पीठ से प्रवचन करते हुए आचार्यश्री ने बाराही धाम की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि जहां सद्बुद्धि, सद्विचार एवं संस्कार होते हैंष भगवान ऐसे लोगों को ही ऐसे पुण्य कार्य करने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत भूमि में जब-जब धर्म की हानि और अधर्म बढ़ने लगा, तब-तब मनुष्य रूप में भगवान स्वयं प्रकट होते रहे हैं। जो व्यक्ति स्वयं में दिव्य गुणों को लेकर आता है, उसे हंस कहा जाता है। यदि यही व्यक्ति इन्हीं गुणों से दूसरों को प्रभावित करता है तो वह परमहंस बन जाता है। नरेंद्र स्वामी विवेकानंद बन गए तथा उनके गुरु रामकृष्ण देव परमहंस। उन्होंने श्री राम कथा सुनने के महत्व को बताते हुए कहा कि कथा के आयोजक राजशेखर जोशी में वह दिव्य गुण विराजमान है, जिससे वह इस दिव्य आयोजन के निमित्त मात्र बनकर लोक कल्याण का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं।

इस आयोजन में बाराही मंदिर कमेटी, चार खाम सात थोक के साथ ही क्षेत्रीय लोग पूरी श्रद्धा के साथ सहयोग कर रहे हैं। मंदिर कमेटी के संरक्षक लक्ष्मण सिंह लमगड़िया की देखरेख में सारी व्यवस्थाएं संचालित की जा रही हैं। बाराही कंस्ट्रक्शन की ओर से यहां भंडारा चलाया जा रहा है। श्री राम कथा के कारण बाराही धाम में खासी चहल-पहल है और पूरा वातावरण श्रीराम नाम के रस में डूबा हुआ है।

## ग्रामीणों ने प्रदर्शन की चेतावनी दी

**अल्मोड़ा :** बुनियादी सुविधाओं के लिए जूझ रहे चौखुटिया विकास खंड के ग्रामीणों ने प्रशासन की लापरवाही से आजिज आकर अब 10 जून को तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। गेवाड़ विकास समिति के बैनर तले आयोजित बैठक में ग्रामीणों ने यह निर्णय लिया है। बैठक के दौरान वक्ताओं ने कहा कि क्षेत्र के लोग बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क व संचार जैसी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा है कि वह प्रशासन की उपेक्षा से खिन्न हैं। अब उन्हें आंदोलन करने को विवश होना पड़ रहा है। बैठक में तय किया गया कि क्षेत्र की घोर उपेक्षा के विरोध में 10 जून को क्षेत्र के ग्रामीण समिति के नेतृत्व में तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन करेंगे। बैठक में गेवाड़ विकास समिति के अध्यक्ष गजेंद्र नेगी, हीरा सिंह बिष्ट, दिनेश मनराल, हेम कांडपाल, महेंद्र सिंह, आरडी नैनवाल, मोहन सिंह नेगी रहे।



पाटन पाटनी ग्राम पंचायत की प्रधान जानकी बोहरा को सम्मानित करते अधिकारी।

## स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए पाटन-पाटनी की ग्राम प्रधान जानकी बोहरा को किया सम्मानित

**टनकपुर :** उत्तराखंड सरकार की ओर से स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर लोहाघाट ब्लाक के पाटन–पाटनी ग्राम पंचायत को सम्मानित किया गया है। शुक्रवार को ग्राम पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन कर जिला पंचायत राज अधिकारी रामपाल सिंह ने ग्राम प्रधान जानकी बोहरा को सम्मानित किया। जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि ग्राम प्रधान जानकी बोहरा की पहल पर ग्राम पंचायत स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पाटन–पाटनी ग्राम पंचायत को पुरस्कृत करने की घोषणा की थी, जिसके तहत उन्हें सम्मानित किया गया है। उन्होंने बताया कि ग्राम प्रधान ने लोगों के साथ मिलकर गांव में कूड़े के निस्तारण के लिए अनूठी पहल की है। ग्राम प्रधान जानकी बोहरा ने स्वच्छता में सहयोग करने के लिए ग्राम पंचायत की जनता का आभार जताया। संचालन ग्राम पंचायत विकास अधिकारी विवेक वर्मा ने किया। इस दौरान प्रकाश बोहरा, मोहन चन्द्र, सुभाष कुमार, सोबन सिंह, मदन सिंह, रमेश सिंह, भीम सिंह, मोहन सिंह आदि मौजूद रहे।

# संशोधन के लिए नीट-यूजी ग्रेस मार्क्स की होगी जांच

## नीट परीक्षा विवाद: गठित की गई समिति एक सप्ताह के भीतर अपनी रिपोर्ट शिक्षा मंत्रालय को सौंपेगी

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) में अंक बढ़ाए जाने के आरोपों के बीच राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शनिवार को कहा कि शिक्षा मंत्रालय ने कृपांक (ग्रेस मार्क्स) वाले 1,500 से अधिक अभ्यर्थियों के परिणामों की समीक्षा के लिए चार सदस्यीय एक समिति गठित की है। एनटीए ने कहा कि समिति फिर से जांच करके अपनी रिपोर्ट और सिफारिशें पेश करेगी, जिससे नतीजों में संशोधन में किया जा सके।

एनटीए ने किसी भी अनियमितता का खंडन करते हुए कहा है कि एनसीईआरटी पाठ्य पुस्तकों में बदलाव तथा परीक्षा केंद्र में समय जाया होने के लिए दिए गए कृपांक




विद्यार्थियों के अधिक अंक आने की वजह हैं। इस मुद्दे ने राजनीतिक रंग भी ले लिया है। आम आदमी पार्टी (आप) ने कथित अनियमितताओं की उच्चतम न्यायालय की निगरानी में एसआईटी जांच की मांग की है। वहीं कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि पर्चा लीक, धांधली और भ्रष्टाचार कई परीक्षाओं का अभिन्न अंग बन गए हैं। पार्टी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर युवाओं को धोखा देने और उनके भविष्य से खेलने का भी आरोप लगाया है। कई वर्गों से पुनः परीक्षा कराने की मांग की जा रही है और आरोप लगाया गया है कि छह परीक्षा केंद्रों पर वक्त जाया होने की भरपाई के लिए दिए गए कृपांक के कारण अंक बढ़ गए हैं जिससे अन्य अभ्यर्थियों के अवसर प्रभावित हुए हैं। ये केंद्र मेघालय, हरियाणा के बहादुरगढ़, छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा और बालोद, गुजरात के सूरत और चंडीगढ़ में हैं। मेडिकल प्रवेश परीक्षा का परिणाम चार जून को घोषित किया गया था। परीक्षा में 67 अभ्यर्थियों ने पहला स्थान प्राप्त किया था, जिनमें से छह हरियाणा के एक ही केंद्र से थे। इस वर्ष परीक्षा के लिए रिकॉर्ड 24 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था।

एनटीए के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा-1,500 से ज्यादा अभ्यर्थियों के नतीजों की समीक्षा के लिए एक उच्चस्तरीय समिति गठित की गई है। यूपीएससी के पूर्व अध्यक्ष की अध्यक्षता वाली चार सदस्यीय समिति एक हफ्ते में अपनी सिफारिशें पेश करेगी और इन अभ्यर्थियों के नतीजों में संशोधन किया जा सकता है। उन्होंने कहा-कृपांक दिए जाने से परीक्षा के योग्यता मानदंड पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है और प्रभावित अभ्यर्थियों के परिणामों की समीक्षा से प्रवेश प्रक्रिया पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

### महाराष्ट्र सरकार ने नीट परीक्षा को रद करने की मांग की, राज्य के छात्रों के साथ अन्याय का आरोप

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने पिछले महीने हुई राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) को तत्काल रद करने की मांग करते हुए आरोप लगाया कि नतीजों में राज्य के छात्रों के साथ अन्याय हुआ है। देश के 571 शहरों के 4,750 केंद्रों पर पांच मई को नीट-यूजी की परीक्षा का आयोजन किया गया था और चार जून को इसका परिणाम जारी किया गया था, जिसके बाद अभ्यार्थियों ने परिणाम में धांधलेबाजी का आरोप लगाते हुए बताया कि 67 अभ्यर्थियों को शीर्ष रैंक के साथ 720/720 अंक मिले हैं, जिसमें हरियाणा के एक ही परीक्षा केंद्र के छह अभ्यार्थी शामिल हैं। महाराष्ट्र के चिकित्सा शिक्षा मंत्री हसन मुश्रीफ ने इस मुद्दे पर शुक्रवार को बात करते हुए कहा-शायद नीट की परीक्षाएं पैसे लेकर आयोजित की गई थीं। इसके परिणाम ऐसे हैं कि महाराष्ट्र के किसी भी छात्र को राज्य के सरकारी या निजी कॉलेज में एमबीबीएस पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश नहीं मिलेगा।

प्रधानमंत्री मोदी को दी बधाई...




गुरुकुल स्कूल ऑफ आर्ट के छात्र मुंबई में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह से पहले अपने हाथ से बनाई उनकी पेंटिंग के साथ पोज देते हुए। ● एजेंसी

## एक नजर

### दो आतंकियों की करोड़ों की संपत्तियां कुर्क

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पाकिस्तान से अपनी गतिविधियां संचालित कर रहे दो आतंकवादियों की करोड़ों रुपये की संपत्ति को कुर्क कर लिया है। अधिकारियों के मुताबिक, बारामूला के तिलगाम निवासी जलील अहमद राठेर और मोहम्मद अशरफ मीर आतंकवादियों के आकाओं के तौर पर पिछले कुछ समय से पाकिस्तान से गतिविधियां संचालित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि बारामूला में अतिरिक्त सत्र न्यायालय से कुर्की आदेश प्राप्त करने के बाद पुलिस ने आठ कनाल और चार मरला जमीन कुर्क की।

### पूर्वी दिल्ली में दो मंजिला इमारत में लगी आग

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के कृष्णा नगर इलाके में शनिवार दोपहर एक मकान में आग लग गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। एक अधिकारी के अनुसार पूर्वी आजाद नगर में आग लगने की सूचना दोपहर करीब साढ़े तीन बजे मिली थी। उन्होंने बताया कि दो मंजिला इमारत के प्रथम तल पर आग लग गई थी, जिस पर दमकल की तीन गाड़ियों की मदद से काबू पाया गया। अधिकारी ने बताया कि आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया गया।

# उग्रवादियों ने एक पुलिस चौकी और कई घरों में लगाई आग

**मणिपुर में फिर हिंसा**

- उग्रवादियों के खिलाफ सुरक्षा अभियान में सहायता के लिए एक कमांडो की टुकड़ी भेजी गई

इंफाल, एजेंसी

मणिपुर के जिरीबाम जिले में शनिवार को संदिग्ध उग्रवादियों ने एक पुलिस चौकी और कई घरों में आग लगा दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि उग्रवादियों ने शुक्रवार देर रात करीब 12:30 बजे बराक नदी के किनारे चोटोबेकरा इलाके में स्थित जिरी पुलिस चौकी को आग के हवाले कर दिया था। राज्य की राजधानी इंफाल से लगभग 220 किलोमीटर दूर स्थित जिले के मोधुपुर क्षेत्र के लामताई खुनौ में पहाड़ी क्षेत्र के संदिग्ध उग्रवादियों ने अंधेरे का फायदा उठाकर कई हमले किए।

जिरीबाम के जिलाधिकारी ने बताया कि जिरीबाम के बाहरी इलाके के कई घरों में आग लगा दी गई, हालांकि अभी सटीक संख्या की पुष्टि नहीं की जा सकती। पुलिस ने बताया कि उग्रवादियों के खिलाफ सुरक्षा अभियान में सहायता के लिए मणिपुर पुलिस की एक कमांडो टुकड़ी को शनिवार सुबह इंफाल से जिरीबाम भेजा गया। आंतरिक मणिपुर लोकसभा सीट से नवनिर्वाचित कांग्रेस सांसद अंगोमचा बिमोल अकोईजाम ने राज्य सरकार से जिरीबाम जिले के लोगों के जीवन और संपत्तियों की रक्षा करने का आग्रह किया है। अकोईजाम ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में संवाददाताओं से कहा-मैंने जिरीबाम के जिला अधिकारियों से बात की है। उन्होंने कहा कि वहां अतिरिक्त सुरक्षाकर्मी पहुंच गए हैं। शहर में रहने वाले लोगों को भी सुरक्षा दी जा रही है, लेकिन शहर के सीमाई क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सुरक्षा नहीं दी जा रही है।'' अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि जिरीबाम जिले में उग्रवादियों द्वारा कथित तौर पर एक व्यक्ति की हत्या किए जाने पर भड़की हिंसा के बाद यहां के लगभग 239 लोगों को उनके गांवों से निकाल कर जिरी शहर के खेल परिसर में स्थापित किए गए नए शिविरों में भेजा गया। इनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। जिरीबाम जिले में संदिग्ध उग्रवादियों द्वारा 59 वर्षीय एक व्यक्ति की हत्या किए जाने पर हुए विरोध-प्रदर्शन के बाद छह जून को जिला प्रशासन ने वहां अनिश्चित काल के लिए कर्फ्यू लगा दिया था।

# पोंजी फर्म का निदेशक धोखाधड़ी मामले में गिरफ्तार

**ओडिशा में 123 करोड़ की धोखाधड़ी का मामला**

भुवनेश्वर, एजेंसी

ओडिशा आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने निवेशकों से 123 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के आरोप में एक कंपनी के निदेशक तुषार भांजो को पश्चिम बंगाल के हरिदेवपुर पुलिस थाने के अंतर्गत उसके आवास से गिरफ्तार किया है।

ईओडब्ल्यू सूत्रों ने कहा आरोपियों ने ओडिशा, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, असम, त्रिपुरा, महाराष्ट्र और यहां तक कि बंगलादेश के लगभग 34,000 निवेशकों के साथ धोखाधड़ी की थी। आरोपी निदेशक भांजो को भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं तथा आयकर अधिनियम की धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया था। उन्हें पांच जून को एसीजेएम, अल्लीपुर, कोलकाता की कोर्ट में पेश किया गया और ट्रांजिट रिमांड के आधार पर भुवनेश्वर लाया गया और शनिवार को कटक में अदालत के समक्ष पेश किया गया। कंपनी हरित कृषि निधि लि., मेसर्स ट्रांसविजन ड्रीम मल्टी ट्रेड प्रा. लि. और उसके निदेशक तुषार भांजो के खिलाफ शिकायतकर्ता मनमोहन डोरा के आरोप पर मामला दर्ज किया गया था।


# दिल्ली में 14 लड़कियों सहित 21 बाल श्रमिकों को कराया गया मुक्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस, जिला अधिकारियों और स्वैच्छिक संगठन बचपन बचाओ आंदोलन (बीबीए) के समन्वय से राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की ओर से चलाए गए एक अभियान के तहत दिल्ली के विभिन्न हिस्सों से 14 लड़कियों सहित लगभग 21 बच्चों को छुड़वाया गया। राष्ट्रीय राजधानी में दो प्लेसमेंट एजेंसियों पर छापों की कार्रवाई में 14 लड़कियों सहित 21 बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराया गया। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि बीबीए की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए संयुक्त टीम ने दिल्ली के उत्तर-पश्चिम और पश्चिमी जिलों में 10 स्थानों पर छापेमारी की। बीबीए ने कहा-बच्चों को शिक्षा दिलाने का झांसा देकर तस्करी कर लाया गया था।

# एकतरफा कार्रवाई के विरोध में बीकेई ने निकाला रोष मार्च

**कंगना रनौत हवाई अड्डा प्रकरण**

- बीकेई ने निष्पक्ष जांच के लिए राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भी सौंपा



सिरसा, एजेंसी

पंजाब के मोहाली हवाई अड्डे पर हुए घटनाक्रम में महिला सीआईएसएफ कर्मचारी कुलविंदर कौर के खिलाफ की गई एकतरफा कार्रवाई के विरोध में शनिवार को भारतीय किसान एकता (बीकेई) ने सिरसा में जोरदार रोष मार्च निकाला गया। रोष मार्च यहां नेहरू पार्क से शुरू होकर जनता भवन रोड से होते हुए सुभाष चौक, शहीद भगत सिंह चौक, सुरखाब चौक पर आकर संपन्न हुआ।

बीकेई ने निष्पक्ष जांच के लिए राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा। बीकेई प्रदेशाध्यक्ष लखविंदर सिंह औलख ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की फितरत बन चुकी है कि वह किसानों और उनके परिवारों के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा नवनिर्वाचित सांसद कंगना रनौत का विवादों के साथ पुराना रिश्ता है। उन्होंने कहा कि सीआईएसएफ जवान कुलविंदर कौर पिछले 16 सालों से अपनी ड्यूटी ईमानदारी से निभा रही हैं। शहीद भगत सिंह एयरपोर्ट पर पिछले ढाई साल से उसकी पोस्टिंग है। इतने लंबे समय में एक भी शिकायत उसके खिलाफ नहीं है। फिर कंगना रनौत के साथ ही ऐसा क्यों हुआ, यह भी जानने का विषय है। अलौख ने कहा कि प्रशासन कुलविंदर कौर द्वारा मोहाली हवाई अड्डे पर कंगना रनौत को थप्पड़ मारने की सच्चाई को छिपाकर उसे गलत तरीके से पेश कर रहा है। सुश्री रनौत की शुरू से यह आदत रही है कि वह हमेशा भडक़ाऊ बयान देकर समाज में अराजकता फैलाती है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद भी देश को बांटने वाले और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले एक धर्म को दूसरे धर्म से लड़वाने वाले बयान देते रहते हैं।

### भाजपा सांसद कंगना रनौत के खिलाफ मामला दर्ज हो : मजीठिया

**चंडीगढ़।** शिरोमणि अकाली दल (शिअद) नेता बिक्रम सिंह मजीठिया ने शनिवार को मांग की कि फिल्म अभिनेत्री एवं भाजपा सांसद कंगना रनौत के खिलाफ एक सरकारी कर्मचारी के कार्य में बाधा डालने का मामला दर्ज होना चाहिए। श्री मजीठिया ने एक्स पर वीडियो संदेश जारी कर इस पर ऐतराज उठाया कि सीआईएएफ जवान कुलविंदर कौर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है और रनौत के खिलाफ नहीं। उन्होंने पंजाब की भगवंत सिंह मान सरकार पर भारतीय जनता पार्टी के दबाव में कार्यवाही करने का आरोप लगाया और मामले की उच्च न्यायालय की निगरानी में जांच करने की मांग की।

### सुरक्षाकर्मियों को कानून हाथ में नहीं लेना चाहिए : शबाना आजमी



**नई दिल्ली।** दिग्गज अभिनेत्री शबाना आजमी ने अभिनेत्री से नेता बनीं कंगना रनौत को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की एक महिला कॉन्स्टेबल द्वारा कथित तौर पर थप्पड़ मारे जाने की घटना पर शनिवार को कहा कि सुरक्षाकर्मियों को कानून अपने हाथ में नहीं लेना चाहिए। रनौत ने बृहस्पतिवार को एक वीडियो संदेश में कहा कि चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर सुरक्षा जांच के दौरान एक कॉन्स्टेबल ने उनके चेहरे पर थप्पड़ मारा और उनके साथ दुर्व्यवहार किया।

## कारोबार/कृषि

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**-तुलसी 2085, राज श्री 1400, फ़ॉर्चून कि. 1760, रविन्द्रा 1980, फॉर्चुन ली. 1620, जय जवान 1525, सचिन 1535, सूरज 1550, अवसर 1670, राग गोल्ड 1630, गृहणी 1520, क्लासिक (किलो) 1700, मोर 1670, चक्र टिन 1895, ब्लू 1640, आशीर्वाद मस्टर्ड 1910, स्वास्तिक 2055, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 20200, जीरा 36000, लाल मिर्च 20000-28500, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4500, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4550, खजाना 4550, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13300-14600, राजमा भूटान नया 12200, मलका काली 6850-7300 मलका दाल 7575-7900, मलका छांटी 7650, दाल उड़द बिलासपुर 10300-11200, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 8500, लाल हिंदुस्तान 8600, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 9300, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10600, मोटा हीरा 11900, अरहर गोला मोटा 15500, अरहर पटका मोटा 16400, अरहर कोरा मोटा 16800, अरहर पटका छोटा 15600-15900, अरहर कोरी छोटी 17600, **चीनी**- डालमियां 4190, पीलीभीत 4150, नवाबगंज (नई) 4140, बहेड़ी (नई) 4150 रुपये।

# भारत में अपनी कंपनियों के माध्यम से रोमांचक काम करने को उत्साहित : मस्क

## ईवी कंपनी टेस्ला के मालिक ने प्रधानमंत्री मोदी को चुनाव में जीत की बधाई देते हुए कहा

नई दिल्ली, एजेंसी

अरबपति एलन मस्क ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लोकसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई देते हुए कहा है कि वे अपनी कंपनियों के माध्यम भारत में रोमांचक कार्य किए जाने को लेकर उत्साहित हैं। मोदी 9 जून को प्रधानमंत्री पद की शपथ लेंगे। यह उनका प्रधानमंत्री के रूप में लगातार तीसरा कार्यकाल होगा। मस्क ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक चुनावों में जीत पर नरेन्द्र मोदी को बधाई! भारत में मेरी कंपनियों द्वारा किए जाने वाले रोमांचक काम को लेकर उत्साहित हूं।



इलेक्ट्रिक कार विनिर्माता टेस्ला और माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म एक्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ने इससे पहले अप्रैल में टेस्ला संबंधी भारी दायित्वों के कारण भारत की अपनी प्रस्तावित यात्रा स्थगित कर दी थी। मस्क 21 और 22 अप्रैल को भारत दौरे पर रहने वाले थे। इस दौरान उनका प्रधानमंत्री मोदी से भी मिलने का कार्यक्रम था। हालांकि, बाद में उन्होंने एक्स पर ही सूचित किया था कि वे इसी साल बाद में भारत दौरे पर आने के लिए उत्साहित हैं।

पिछले साल जून में मस्क ने मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान उनसे मुलाकात की थी। उन्होंने कहा था कि वह 2024 में भारत आने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया था कि टेस्ला जल्द ही भारतीय बाजार में प्रवेश करेगी।

### प्रधानमंत्री मोदी ने की मस्क की शुभकामनाओं की सराहना



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें जवाब में एक पोस्ट में कहा कि एलन मस्क, आपकी शुभकामनाओं की सराहना करता हूं। उन्होंने कहा कि प्रतिभाशाली भारतीय युवा, देश की जनसांख्यिकी, पूर्वानुमानित नीतियां और स्थिर लोकतांत्रिक राजनीति इसके सभी भागीदारों के लिए कारोबारी माहौल प्रदान करती रहेगी।

## सर्राफा

| कानपुर | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 90,700 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,000 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,400-54,600 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 73,050 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,900 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 89,000 |
| चांदी तैयार | 89,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 500 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 72,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,000 |
| चांदी पक्की | 885 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 73,000 |
| चांदी आभूषण | 91,700। |

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 970 फ्लैग 1085 डीएमओ 855 बोल्ड 1145, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 980 फ्लैग 1105 बोल्ड 1150 डीएमओ 860 रुपये।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**- दाल चना: 75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर: 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द: 110 से 130 रुपये मूंग धोआ: 104 - 106 रुपये मूंग छिलका: 95 से105 रुपये मूंग साबुत : 90से 105 रुपये चना देसी: 60से 70 रुपये चना कावली: 90 से 130 रुपये राजमा लाल: 130 से 140 रुपये राजमा चित्ता: 125 से 130 रुपये लोबिया लाल: 90से 110 रुपये लोबिया सफेद: 80 से 100 रुपये ।

# बजाज हाउसिंग फाइनेंस ने आईपीओ के लिए दाखिल किए दस्तावेज

**नई दिल्ली।** बजाज हाउसिंग फाइनेंस ने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के जरिए 7,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए पूंजी बाजार नियामक सेबी के पास आरंभिक दस्तावेज दाखिल किए हैं।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास दाखिल दस्तावेजों के अनुसार, प्रस्तावित आईपीओ में 4,000 करोड़ रुपये तक के नए इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे और मूल कंपनी बजाज फाइनेंस द्वारा 3,000 करोड़ रुपये के इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) शामिल है। शेयर बिक्री भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नियमों का पालन करने के लिए की जा रही है, जिसके अनुसार ऊपरी स्तर की गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियों (एनबीएफसी) को सितंबर, 2025 तक शेयर बाजारों में सूचीबद्ध होना आवश्यक है।

# दूसरी उड़ान के लिए यात्रियों को चेक-इन नहीं ले जाना पड़ेगा अपना सामान

- दिल्ली हवाई अड्डे पर यात्रियों का सामान टर्मिनल-1 से सीधे टर्मिनल-3 पर पहुंचाने का प्रस्ताव



नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 पर उतरकर टर्मिनल-3 से दूसरी उड़ान में सवार होने वाले यात्रियों को जल्द ही अपना चेक-इन सामान नहीं ले जाना पड़ेगा। हवाई अड्डे का परिचालन करने वाली कंपनी डायल यात्रियों के सामान को अंदर ही हस्तांतरित करने की योजना बना रही है।

मामले की जानकारी रखने वाले अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) को इस संबंध में नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) की मंजूरी का इंतजार है। प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद टर्मिनल-1 से टर्मिनल-3 के बीच यात्रियों के चेक-इन सामान को अंदर ही हस्तांतरित किया जा सकेगा। अधिकारियों ने कहा कि इसी तरह, अंतर्राष्ट्रीय उड़ान के यात्रियों के लिए टर्मिनल-3 से टर्मिनल-1 तक अंदर ही अंदर सामान के हस्तांतरण पर भी विचार किया जाएगा।

इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (आईजीआईए) पर अंतर्राष्ट्रीय उड़ानें टर्मिनल-3 से संचालित होती हैं। एक बार नई व्यवस्था लागू होने के बाद यात्रियों को टर्मिनल-3 से कनेक्टिंग फ्लाइट लेते समय अपना सामान साथ नहीं ले जाना होगा।

# पान मसाला और तंबाकू निर्माता कंपनियों को टैक्स चोरी में अब होगी मुश्किल

- जीएसटीएन ने तंबाकू निर्माताओं के लिए जारी किया नया फार्म

नई दिल्ली, एजेंसी

जीएसटी नेटवर्क (जीएसटीएन) ने कर चोरी रोकने के लिए पान मसाला और तंबाकू उत्पादों के निर्माताओं के लिए एक नया फार्म जारी किया है। इस फार्म के जरिए निर्माता कच्चे माल और तैयार माल का ब्यौरा कर अधिकारियों को देंगे। यह नया फॉर्म जीएसटी एसआरएम-2 है।

जीएसटीएन ने इससे पहले ऐसे निर्माताओं की मशीनों के पंजीकरण के लिए जीएसटी एसआरएम-1 फॉर्म जारी किया था। जीएसटीएन ने सात जून को अपने करदाताओं को सूचित किया, फॉर्म जीएसटी एसआरएम-2 नामक दूसरा फॉर्म भी पोर्टल पर उपलब्ध है। पान मसाला और तंबाकू उत्पादों के निर्माण में शामिल करदाता अब संबंधित महीने के लिए खरीदे गए और खपत किए गए कच्चे माल और तैयार माल का विवरण बता सकते हैं। मूर सिंघी के कार्यकारी निदेशक रजत मोहन ने कहा कि नए फॉर्म जीएसटी एसआरएम-2 में कच्चे माल और तैयार माल का विस्तृत मासिक विवरण देना होगा।

# ब्रिटेन में निवेश करने में महाराष्ट्र-कर्नाटक व दिल्ली शीर्ष पर

- सीआईआई और ब्रिटेन में भारतीय उच्चायोग द्वारा तैयार रिपोर्ट में किया गया खुलासा



नई दिल्ली, एजेंसी

ब्रिटेन में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) करने वाले भारत के शीर्ष तीन राज्य- महाराष्ट्र, उसके बाद कर्नाटक और दिल्ली हैं। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और ब्रिटेन में भारतीय उच्चायोग द्वारा तैयार की गई एक नई संयुक्त रिपोर्ट में यह बात कही गई है।

इस सप्ताह लंदन में पेश की गई रिपोर्ट से पता चला कि महाराष्ट्र में मुख्यालय वाली कंपनियों ने 2023 में ब्रिटेन में सबसे अधिक 20 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश किया। इसके बाद कर्नाटक (12 प्रतिशत) और दिल्ली (8.6 प्रतिशत) का स्थान है। शीर्ष 10 राज्यों में गुजरात (7.1 प्रतिशत), तमिलनाडु (6.7 प्रतिशत), तेलंगाना (6.5 प्रतिशत), उत्तर प्रदेश (5.9 प्रतिशत), हरियाणा (4.5 प्रतिशत), पश्चिम बंगाल (3.14 प्रतिशत) और केरल (3.05 प्रतिशत) शामिल हैं। यह भारत से ब्रिटेन में कुल एफडीआई का 78 प्रतिशत है। ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी ने लंदन में रिपोर्ट जारी करते हुए कहा-भारत-ब्रिटेन गलियारे की पुनर्कल्पना करने वाले हमारे कारोबार सुरक्षित और टिकाऊ भविष्य के लिए हमारे साझा दृष्टिकोण और आकांक्षाओं को साकार करेंगे। विश्लेषण में पाया गया कि कंपनियों और कर्मचारियों की संख्या के लिहाज से भारत से एफडीआई लाने वाला अग्रणी क्षेत्र आईटी और सॉफ्टवेयर है। अन्य निष्कर्षों में एक यह भी है कि पिछले वर्ष ब्रिटेन के छात्र वीजा में 5% की वृद्धि के साथ नए भारतीय छात्रों ने कुल मिलाकर ब्रिटेन के विश्वविद्यालयों में अनुमानित 4.3 अरब पाउंड का योगदान दिया है।

# भारत-पाकिस्तान के मुकाबले में पिच पर रहेगी नजर

न्यूयॉर्क, एजेंसी

आत्मविश्वास से ओतप्रोत और हालात के अनुकूल ढल चुकी भारतीय टीम नासाउ काउंटी की पेचीदा पिच पर टी-20 विश्व कप के बहुचर्चित मुकाबले में रविवार को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भिड़ेगी जिसका मनोबल पहले ही मैच में मिली अप्रत्याशित हार ने तोड़ दिया है। टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा भीड़ खींचने वाला मुकाबला 34000 दर्शक क्षमता वाले नासाउ काउंटी इंटरनेशनल स्टेडियम पर खेला जायेगा। इस मैदान की पिच लगातार चर्चा में बनी हुई है। इसकी भारी आलोचना के बाद आईसीसी ने आधिकारिक रूप से इसे स्वीकार किया। अब तक इस स्टेडियम पर हुए तीन मैचों की छह पारियों में दो बार ही टीमें सौ रन के पार पहुंच सकी है।

पूर्व क्रिकेटरों को तो यह भी लगता है कि कम स्कोर वाले मैचों से कैसे अमेरिकी बाजार में क्रिकेट का प्रचार प्रसार किया जायेगा। एडीलेड ओवल के मैदानकर्मी डेमियन हाउज के मार्गदर्शन में अप्रैल में यहां चार 'ड्रॉप इन' पिचें बिछाई गई जो अभी तक जम नहीं पाई हैं। पिच से मिल रहा असमान उछाल बल्लेबाजों की सुरक्षा पर सवालिया ऊंगली उठा रहा है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को आयरलैंड के खिलाफ मैच में कंधे में चोट लगी थी जिससे उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। रोहित ने मैच के बाद कहा था कि ईमानदारी से कहूं तो मुझे नहीं पता कि पिच से क्या अपेक्षा की जाये। हम हालात के अनुरूप तैयारी करेंगे। पाकिस्तान के खिलाफ मैच में हर खिलाड़ी को योगदान देना होगा। भारत के मैच के एक दिन बाद आईसीसी को पिच को लेकर तमाम आशंकाओं के निवारण के लिये बयान जारी करना पड़ा।



मैच का समय : रात आठ बजे

- नासाउ काउंटी इंटरनेशनल स्टेडियम की पिच की आलोचना के बाद आईसीसी ने इसे स्वीकारा

## क्यूरेटर भी न्यूयॉर्क की पिचों को लेकर भ्रमित हैं : रोहित शर्मा

**न्यूयॉर्क।** नासाउ काउंटी मैदान के पिच के अप्रत्याशित बर्ताव से हैरान भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने शनिवार को कहा कि उन्हें नहीं पता कि पाकिस्तान के खिलाफ टी20 विश्व कप मुकाबले में इससे क्या उम्मीद की जाए क्योंकि यहां की ड्रॉप-इन विकेट को लेकर क्यूरेटर भी भ्रमित हैं। ड्रॉप-इन पिचों को आयोजन स्थल से दूर तैयार करने के बाद मैदान में लगाया जाता है। न्यूयॉर्क में खेले गये मैचों में कम स्कोर बने हैं। इसमें आयरलैंड के खिलाफ भारत का पहला मैच भी शामिल है, जब आयरलैंड 100 से कम स्कोर पर आउट हो गया था। आईसीसी को भी पिच की खामियों को स्वीकार करते हुए एक बयान जारी करना पड़ा। रोहित ने पाकिस्तान के खिलाफ अहम मैच की पूर्व संध्या पर कहा कि न्यूयॉर्क हमारा घरेलू मैदान नहीं है। हमने यहां दो मैच खेले हैं लेकिन हमें इसकी प्रकृति के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है। यह अलग-अलग दिनों में अलग-अलग तरीके से व्यवहार करता है, इसलिए क्यूरेटर भी भ्रमित है। उन्होंने कहा कि आप कल्पना कर सकते हैं कि हमें किस तरह की सोच रखने की जरूरत है। हम नहीं जानते कि हम किस पिच पर पाकिस्तान के खिलाफ खेल रहे हैं, इसलिए जो भी बेहतर क्रिकेट खेलेगा वह मैच जीतेगा। रोहित ने कहा कि आउटफील्ड धीमी होने से चिंताएं और बढ़ गयी हैं। भारतीय कप्तान ने कहा कि आउटफील्ड धीमी है। कुछ शॉट्स को मैदान पर बहुत अधिक उछाल मिलता है, और कुछ मैदानी शॉट में गति नहीं रहती है। ऐसे में विकेटों के बीच दौड़ना महत्वपूर्ण है। हमें परिस्थितियों के अनुसार खेलने की जरूरत है। रोहित ने कहा कि बेहतर क्रिकेट खेलकर ऐसे बाहरी कारकों को बेअसर किया जा सकता है और टीम के उनके साथी अक्सर कठिन परिस्थितियों में भी अच्छा प्रदर्शन करते हैं।

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पांड्या, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।

**पाकिस्तान:** बाबर आजम (कप्तान), अबरार अहमद, आजम खान, फखर जमान, हारिस रऊफ, इफ्तिखार अहमद, इमाद वसीम, मोहम्मद अब्बास अफरीदी, मोहम्मद आमिर, मो. रिजवान, नसीम शाह, सैम अयूब, शादाब खान, शाहीन शाह अफरीदी, उस्मान खान।

# पाकिस्तान से मैच छीन सकते हैं कोहली और बुमराह: फवाद आलम

नई दिल्ली, एजेंसी

पाकिस्तान के ऑलराउंडर फवाद आलम ने कहा कि बाबर आजम की अगुवाई वाली टीम को अगर रविवार को होने वाले बहुप्रतीक्षित मैच में भारत को हराकर टी-20 विश्व कप में अपना अभियान पटरी पर लाना है तो उसे विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह जैसे स्टार खिलाड़ियों पर लगाम लगानी होगी। भारत ने जहां आयरलैंड के खिलाफ 8 विकेट से जीत दर्ज करके अपने अभियान की शुरुआत की वहीं पाकिस्तान को मेजबान अमेरिका से सुपर ओवर में हार का सामना करना पड़ा।

आलम ने कहा कि विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह अपने अनुभव और कौशल से भारत की तरफ से मैच में अपनी छाप छोड़ेंगे। वे बड़ी आसानी से पाकिस्तान से मैच छीन सकते हैं। उन्होंने कहा कि एक टीम के रूप में भारत बेहद संतुलित है और उनसे पार पाना वास्तव में बेहद मुश्किल होगा। पाकिस्तान की तरफ से 19 टेस्ट, 34 वन डे और 24 टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलने वाले आलम ने कहा कि मोहम्मद आमिर को भारत के खिलाफ मैच विजेता प्रदर्शन करना होगा जैसा कि उन्होंने 2017 में चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में किया था।



- एक टीम के रूप में भारत बेहद संतुलित उनसे पार पाना होगा काफी मुश्किल

## पाकिस्तान के खिलाफ भारत की स्थिति मजबूत : क्रिस गेल



**न्यूयॉर्क।** वेस्टइंडीज के महान क्रिकेटर क्रिस गेल ने पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले मैच में भारत को जीत का प्रबल दावेदार करार दिया। गेल ने रविवार को खेले जाने वाले मैच को लेकर आईसीसी से कहा कि पाकिस्तानी टीम का मनोबल गिरा हुआ है और उलटफेर वाली हार के बाद सीधे भारत जैसी मजबूत टीम के खिलाफ खेलना चुनौती है।

# बांग्लादेश ने श्रीलंका को 2 विकेट से हराया

### श्रीलंका ने 9 विकेट पर 124 रन का दिया लक्ष्य, बांग्लादेश ने 6 गेंद शेष रहते दर्ज की जीत

डैलस, एजेंसी

श्रीलंका को बौना साबित करते हुए बांग्लादेश ने शनिवार को टी-20 विश्वकप के रोमांचक मुकाबले में दो विकेट से हरा दिया। ग्रैंड प्रायरी स्टेडियम में श्रीलंका के पहले खेलते हुये 9 विकेट पर 124 रन बनाए, जिसके जवाब में बांग्लादेश ने 125 रनों का लक्ष्य छह गेंद शेष रहते 8 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया।

टी-20 विश्वकप के इतिहास में श्रीलंका के खिलाफ बांग्लादेश की यह पहली जीत है। ग्रुप डी के मुकाबले में श्रीलंका एक समय 4 विकेट पर 100 रन बना कर मजबूत स्कोर की तरफ बढ़ रहा था मगर रिशाद हुसैन (22 रन पर 3 विकेट) ने पारी के 15वें ओवर में दो गेंदों पर चरिथ असलंका (19) और कप्तान वानिंदु हसरंगा (0) का विकेट लिया। उन्होने अपने अगले ओवर में धनंजय डिसिल्वा (21) को चलता किया, जिसके बाद श्रीलंका की पारी का पतन तेजी से शुरु हो गया और उसके 5 खिलाड़ी स्कोर में महज 24 रन का ही इजाफा कर सके। रिशाद हुसैन के अलावा मुस्तफ़िज़ुर रहमान (17 रन पर 3 विकेट) ने श्रीलंका को रफ्तार पकड़ने का मौका नहीं दिया। तस्किन अहमद ने 2 विकेट लिए। पथुम निसंका (47) ने क छोर पकड़ कर बांग्लादेश के गेंदबाजों का इम्तिहान लिया। उन्होने 28 गेंदो में 7 चौके और 1 छक्का लगाया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बांग्लादेश एक समय 3 विकेट खोकर मात्र 28 रनों पर संघर्ष की स्थिति में थी मगर तौहीद ह्रदोय (40) और लिटन दास (36) ने श्रीलंकाई गेंदबाजों को धुना। तौहीद ने मात्र 20 गेंदो में 200 के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की और चार छक्के लगाए। वह हसरंगा की गेंद पर आउट हुए, वहीं, दास भी हसरंगा के 108वां शिकार बने, जिसके साथ ही हसरंगा ने टी-20 में लसिथ मलिंगा के सबसे ज्यादा विकेट लेने के रिकार्ड को तोड़ दिया है। पारी के 18वें ओवर में नुवान तुषारा में रिशाद हुसैन और तस्किन अहमद को दो गेंदो पर आउट कर मैच में रोमांच पैदा कर दिया था मगर जीत के लिए आखिरी दो ओवर में जरुरी 12 रनों को महमुदउल्लाह (16 नाबाद) ने 19वें ओवर में पाकर बांग्लादेश की जीत का मार्ग प्रशस्त कर दिया।





पहली पारी में श्रीलंकाई खिलाड़ी का विकेट लेने के बाद जश्न मनाते रिशाद हुसैन और बांग्लादेश को जीत दिलाने के बाद महमुदउल्लाह।

# अफगानिस्तान ने न्यूजीलैंड को 84 रन से हराकर किया बड़ा उलटफेर

जार्जटाउन, एजेंसी

कप्तान राशिद खान और फजलहक फारूकी की गेंदबाजी के बाद गुरबाज की बल्लेबाजी के दम पर अफगानिस्तान ने ग्रुप सी के मैच में न्यूजीलैंड को 84 रन से हराकर सुपर आठ चरण में प्रवेश का दावा पुख्ता कर दिया।

जीत के लिए 160 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड की टीम 15.2 ओवर में 75 रन पर आल आउट हो गई जो उसका चौथा न्यूनतम स्कोर है। फारूकी और राशिद दोनों ने 17-17 रन देकर 4-4 विकेट लिए। पहले बल्लेबाजी को आई अफगानिस्तान के गुरबाज और इब्राहिम जदरान में पहले विकेट के लिए 103 रन की साझेदारी पर 6 विकेट पर 159 रन बनाए। गुरबाज ने 56 गेंद में 5 चौकों और 5 छक्कों की मदद से 80 रन बनाए। वहीं इब्राहिम 44 रन बनाकर आउट हुए। अफगानिस्तान अब दो मैचों में 4 अंक लेकर शीर्ष पर है। वेस्टइंडीज और युगांडा उसके बाद हैं जबकि पापुआ न्यू गिनी और न्यूजीलैंड ने खाता नहीं खोला है। अफगानिस्तान का सामना अब पापुआ न्यू गिनी से और न्यूजीलैंड की टक्कर वेस्टइंडीज से होगी। गुरबाज और इब्राहिम ने युगांडा पर पहले मैच में मिली 125 रन से जीत में 154 रन की साझेदारी की थी। टी-20 विश्व कप में दो शतकीय साझेदारियां करने वाली यह तीसरी और पहली सलामी जोड़ी है। दोनों 15वें ओवर तक बल्लेबाजी करते रहे जब तक कि इब्राहिम आउट नहीं हुए। गुरबाज 20वें ओवर में पवेलियन लौटे। पिछले छह विश्व कप में सेमीफाइनल तक पहुंची न्यूजीलैंड टीम खिताब के प्रबल दावेदारों में से एक मानी जा रही है। 10 ओवर के बाद अफगानिस्तान का स्कोर बिना किसी नुकसान के 55 रन था। उसके बाद इब्राहिम और गुरबाज ने आक्रामक तेवर अख्तियार करके रन गति को आगे बढ़ाया और आखिरी दस ओवरों में 104 रन बने। न्यूजीलैंड के लिए सिर्फ दो ही बल्लेबाज ग्लेन फिलिप्स (18) और मैट हेनरी (12) दोहरे अंक तक पहुंच सके। फारूकी ने पहली ही गेंद पर फिन एलेन को रवाना किया और डेवोन कोंवे अगले ओवर में शॉर्ट एक्स्ट्रा कवर पर कैच देकर लौटे। डेरिल मिचेल उनका तीसरा शिकार बने। 5 ओवर के बाद न्यूजीलैंड का स्कोर 3 विकेट पर 30 रन था। राशिद ने कीवी कप्तान केन विलियमसन (9) को स्लिप में गुलबदन नायब के हाथों लपकवाया। मार्क चैपमैन (4) उनका अगला शिकार रहे और मिचेल ब्रासवेल को उन्होंने पगबाधा किया।



गुयाना के प्रोविडेंस में गुयाना नेशनल स्टेडियम में शनिवार को खेले गए आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप क्रिकेट मैच के दौरान न्यूजीलैंड के डेरिल मिशेल के आउट होने का जश्न मनाते अफगानिस्तान के खिलाड़ी।

## खेल डायरी

### अंशु ने बुडापेस्ट में जीता रजत



**बुडापेस्ट।** भारतीय महिला पहलवान अंशु मलिक फाइनल में चीनी की केक्सिन होंग से पार पाने में नाकाम रही और उन्हें बुडापेस्ट रैंकिंग सीरीज कुश्ती टूर्नामेंट के 57 किग्रा वर्ग में रजत पदक जीता। अंशु को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर 1-12 से हार झेलनी पड़ी। भारत की अंतिम पंघाल ने इससे पहले 53 किग्रा वर्ग में रजत जीता जबकि स्टार पहलवान विनेश फोगट 50 किग्रा वर्ग के क्वार्टर फाइनल में चीन की जियांग झू से 0-5 से हार गईं थीं। अंशु ने मोल्दोवा की अनास्तासिया निचिता के खिलाफ 6-5 से जीत हासिल कर सेमीफाइनल में जगह पक्की की। उन्होंने विश्व चैंपियन झांग क्यूई की चुनौती को 2-1 से पार करके एक और चीनी खिलाड़ी से खिताबी भिड़ंत सुनिश्चित की। ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले भारत के एकमात्र पुरुष पहलवान अमन सहरावत ने पहले दिन रजत जीता था।

### कुमुद सैनी ने स्वर्ण पर लगाया निशाना

**सुवोन।** भारतीय तीरंदाज कुमुद सैनी ने शनिवार को तीरंदाजी एशिया कप 2024 के तीसरे चरण में महिलाओं की कंपाउंड स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीत लिया। 17 वर्षीय कुमुद सैनी ने महिलाओं के कंपाउंड तीरंदाजी स्वर्ण फाइनल में दक्षिण कोरिया की पार्क येरिन को 143-140 से हराया। भारतीय तीरंदाज ने पहले ही राउंड में 28-26 की बढ़त ले ली। दूसरे राउंड में उन्होंने अपनी बढ़त 58-55 तक बढ़ा ली लेकिन तीसरे राउंड में वह 86-84 पर आ गईं। इसके बाद सैनी चौथे राउंड में चार अंकों की बढ़त बनाने में सफल रहीं और 114-111 से आगे हो गईं। इस शूटिंग प्रतियोगिता के अंतिम राउंड में उनका प्रदर्शन निर्णायक रहा और उन्होंने तीरंदाजी एशिया कप 2024 सुवोन में भारत के लिए पहला व्यक्तिगत पदक हासिल किया। शनिवार को सैनी की जीत के साथ ही भारतीय तीरंदाजों ने टूर्नामेंट में कुल पांच पदक अपने नाम कर लिए हैं। भारतीय महिला कंपाउंड और मिश्रित टीमों ने शुक्रवार को रजत पदक जीते जबकि पुरुष कंपाउंड और महिला रिकर्व टीमों ने कांस्य पदक जीते। कुमुद सैनी ने पहले क्वार्टर-फाइनल में सिंगापुर की लोह त्ज़े चीह कोंटेसा को 147-142 से हराया था और सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया की चो यूजू को 142-137 से हराकर महिलाओं की कंपाउंड स्पर्धा के स्वर्ण फाइनल में अपनी जगह पक्की की थी।

### अदिति एलपीजीए क्लासिक में संयुक्त 51वें स्थान पर

**गैलोवे (अमेरिका)।** भारत की अदिति अशोक एलपीजीए क्लासिक गोल्फ टूर्नामेंट में अपेक्षित शुरुआत नहीं कर पाई तथा पहले दौर में दो अंडर 69 का स्कोर बनाने के बाद वह संयुक्त 51वें स्थान पर हैं। अदिति का इस सत्र में प्रदर्शन औसत रहा है। उन्होंने पहले 10 होल में चार बर्डी बनाईं, लेकिन उसके बाद दो शॉट गंवा दिए। थाईलैंड की अर्पिचया युबोल ने 10 अंडर 61 का कार्ड खेलकर एकल बढ़त हासिल की। उनके पास एक समय 59 का भी कार्ड खेलने का मौका था। दक्षिण कोरिया की जेनी शिन और नारिन एन क्रमशः 63 और 64 का कार्ड खेल कर दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। सात खिलाड़ियों ने 6 अंडर 65 का कार्ड खेला और वे संयुक्त चौथे स्थान पर हैं।



# इगा स्वियातेक ने लगाई खिताबी हैट्रिक

पेरिस, एजेंसी

विश्व की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने शनिवार को फाइनल में जैस्मीन पाओलिनी को सीधे सेटों में हराकर फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में लगातार तीसरी बार महिला एकल का खिताब जीता। पोलैंड की स्वियातेक ने पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के फाइनल में जगह बनाने वाली पाओलिनी को 6-2, 6-1 से हराया।

स्वियातेक पहले सेट में 1-2 से पीछे चल रही थी, इसके बाद उन्होंने लगातार 10 गेम जीते। पाओलिनी ने दूसरे सेट के छठे गेम में अपनी सर्विस बचाई लेकिन स्वियातेक ने अपनी सर्विस पर आसानी से मैच अपने नाम किया। स्वियातेक ने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो मुझे यह स्थान बहुत पसंद है। मैं हर साल यहां आने की प्रतीक्षा करती हूं। स्वियातेक ने फ्रेंच ओपन में अपने विजय अभियान को 21 मैच तक पहुंचा दिया है। रोला गैरां में अब उनका रिकॉर्ड 35-2 हो गया है। जस्टिन हेनिन के बाद पोलैंड की स्वियातेक पहली ऐसी खिलाड़ी हैं जिन्होंने फ्रेंच ओपन में लगातार तीन खिताब जीते। स्वियातेक ने 2020 में भी फ्रेंच ओपन का खिताब जीता था। उन्होंने 2022 में अमेरिकी ओपन में भी जीत हासिल की थी। ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के फाइनल में उनका रिकॉर्ड 5-0 हो गया है। पाओलिनी ने कहा कि मैं आपको बधाई देती हूं इगा। मुझे लगता है कि आपके खिलाफ खेलना बड़ी चुनौती है। पाओलिनी के पास हालांकि महिला युगल का खिताब जीतने का मौका है, जिसमें उन्होंने सारा ईरानी के साथ जोड़ी बनाई है। रविवार को होने वाले फाइनल में उनका सामना अमेरिकी ओपन चैंपियन कोको गॉफ और कैटरीना सिनियाकोवा की जोड़ी से होगा।



फ्रांस के रोलैंड गैरोस स्टेडियम में फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला फाइनल में जीत हासिल हासिल करने के बाद ट्रॉफी के साथ पोलैंड की इगा स्विएटेक।

### कार्लोस अल्काराज का फाइनल में होगा अलेक्जेंडर ज्वेरेव से सामना

**पेरिस।** स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने चार घंटे नौ मिनट तक चले मैराथन सेमीफाइनल मुकाबले में इटली के यानिक सिनेर को हराकर फाइनल में जगह बना ली जहां उनका सामना अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा। अल्काराज ने पहली बार रोलां गैरो पर फाइनल में जगह बनाई। अब वह क्लेकोर्ट पर फ्रेंच ओपन फाइनल खेलेंगे। तीसरी वरीयता प्राप्त अल्काराज का सामना चौथी वरीयता प्राप्त जर्मनी के ज्वेरेव से होगा जिन्होंने नॉर्वे के कैस्पर रूड को सेमीफाइनल में मात दी है।

# भारतीय महिला हॉकी टीम जर्मनी से 2-4 से हारी

लंदन, एजेंसी

भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग में 6 हार का क्रम शनिवार को जर्मनी के खिलाफ 2-4 से मैच गंवाकर रोकने में विफल रही। भारतीय टीम दो गोल की बढ़त को बरकरार नहीं रख सकी, जिससे उसे सातवीं हार मिली।

सुनिलिता टोप्पो (नौवें मिनट) और दीपिका (15वें मिनट) ने शुरुआती क्वार्टर में गोल किए लेकिन जर्मनी की विक्टोरिया हस (23वें और 32वें मिनट) ने दो पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर स्कोर बराबर कर दिया। स्टिन कुर्ज (51वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला और 55वें मिनट में जूल ब्लूएल ने मैदान गोल दाग कर जर्मनी की जीत पक्की कर दी। भारत पिछले महीने एंटवर्प में बेल्जियम और अर्जेंटीना के खिलाफ सभी 4 मैच हार गया था। भारतीय टीम रविवार को इस दौरे का आखिरी मैच ब्रिटेन के खिलाफ खेलेगी।



- एफआईएच प्रो लीग में लगातार मिली सातवीं हार

# फीफा विश्व कप क्वालीफायर में युगांडा ने बोत्सवाना को हराया

कंपाला, एजेंसी

- मंडेला नेशनल स्टेडियम में मुहम्मद शाबान ने 74वें मिनट में गोल कर टीम को दिलाई जीत

मेजबान युगांडा ने शुक्रवार को फीफा विश्व कप 2026 क्वालीफायर के ग्रुप जी मैच में बोत्सवाना को 1-0 से हरा दिया। मंडेला नेशनल स्टेडियम में 30 हजार दर्शकों के बीच स्थानापन्न मुहम्मद शाबान ने मैच के 74वें मिनट में एकमात्र गोल कर अपनी टीम को रोमांचक जीत दिला दी।

शाबान ने एक अन्य स्थानापन्न डेनिस ओमेदी के क्रॉस का फायदा उठाते हुए गेंद को बोत्सवाना के गोल पोस्ट में पहुंचा दिया। इससे पहले पहले हाफ में स्ट्राइकर फहाद बायो और स्टीवन मुकवाला ने युगांडा क्रेन्स के लिए गोल करने के कुछ अच्छे मौके गंवाए। हाफ टाइम के बाद बोत्सवाना के लिए विंसेंट सेसियी थबांग का शॉट भी निशाने से चूक गया। बढ़त लेने के बाद, घरेलू टीम के शाबान, रोजर्स माटो और बोबोसी बयारुहंगा ने एक के बाद एक हमले कर बोत्सवाना को परेशान रखा, वहीं युगांडा के लिए पहली बार खेल रहे डिफेंडर एलियो कैपराडोसी दीवार की तरह डटे रहे। उन्हे मैन आफ द मैच के सम्मान से नवाजा गया। युगांडा क्रेन्स के कोच पॉल पुट ने कहा कि मुझे खुशी है कि टीम ने बहुत आत्मविश्वास के साथ खेला और मैच जीतने के लिए स्कोर किया। हमें सुधार करते रहने की जरूरत है ताकि हम एक टीम के रूप में बनाए गए स्कोरिंग अवसरों का फायदा उठा सकें।

**नॉर्वे शतरंज** | दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी ने अपनी ख्याति के अनुरूप किया प्रदर्शन

# कार्लसन ने जीता खिताब, प्रज्ञानानंदा से हारे नाकामुरा

स्टावेंजर (नॉर्वे), एजेंसी

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट के अंतिम दौर में अमेरिका के हिकारू नाकामुरा को हराकर अपने अभियान का सकारात्मक अंत किया और तीसरे स्थान पर रहे, जबकि दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन करके खिताब जीता।

कार्लसन ने 17.5 अंक लेकर अपने अभियान का अंत किया। विजेता बनने पर उन्हें लगभग 65000 डॉलर की इनामी राशि मिली। उन्होंने प्रत्येक दौर में जीत दर्ज की। इनमें क्लासिकल टाइम कंट्रोल और आर्मगेडन दोनों शामिल हैं। नाकामुरा ने अंतिम दौर में हारने के बावजूद 15.5 अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया जबकि प्रज्ञाननंदा 14.5 अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहे। प्रज्ञाननंदा के लिए यह राहत की बात रही कि उन्होंने इस टूर्नामेंट में विश्व के चोटी के तीन खिलाड़ियों को हराया। उन्होंने कार्लसन और फैबियानो कारूआना को क्लासिकल टाइम कंट्रोल में पराजित किया और अब नाकामुरा के खिलाफ उनकी जीत ने सुनिश्चित किया कि वे शीर्ष तीन खिलाड़ियों को हराने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। अलीरेजा फिरौजा (13.5 अंक) ने चौथा स्थान हासिल किया। उन्होंने चीन के मौजूदा विश्व चैंपियन डिंग लिरेन को हराया जो छठे और अंतिम स्थान पर रहे। कारूआना ने 10 अंक के साथ पांचवा स्थान हासिल किया।





- प्रज्ञाननंदा ने अपने अभियान का जीत से किया सकारात्मक अंत
- कार्लसन ने 17.5 अंक लेकर अपने अभियान को किया समाप्त

### महिला खिलाड़ियों ने भी अंक किए अर्जित

महिला वर्ग में चीन की वेनजुन जू ने हमवतन टिंगजी लेई को हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने क्लासिकल टाइम कंट्रोल के तहत तीन जीत से कुल 19 अंक हासिल किए। अन्ना मुजीचुक 16 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रही। उनके बाद लेई (14.5 अंक), भारत की आर वैशाली (12.5 अंक) और कोनेरू हम्पी (10 अंक) तथा पिया क्रैमलिंग (आठ अंक) का नंबर आता है। वैशाली को अंतिम दौर में क्रैमलिंग जबकि हम्पी को मुजीचुक से हार का सामना करना पड़ा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

# बायपोलर डिसऑर्डर से ग्रसित लोगों का मिजाज बदल सकता है शराब का सेवन : अध्ययन

## शोधः सामान्य मात्रा से अधिक शराब पीने से अवसादग्रस्त हो जाता व्यक्ति



**नई दिल्ली, एजेंसी।** शराब का सेवन बायपोलर डिसऑर्डर से ग्रसित लोगों के मिजाज को अस्थिर और कार्यस्थल पर उनकी क्षमता को प्रभावित कर सकता है। एक नये अध्ययन में यह पाया गया है। इस विकार से ग्रसित व्यक्ति के मिजाज, ऊर्जा और गतिविधि में असामान्य बदलाव देखने को मिलते हैं। साथ ही, उनमें कभी-कभी भ्रम की स्थिति भी पाई जाती है। शोधार्थियों ने अपने अध्ययन में इस विकार से ग्रसित वयस्कों की मनोदशा और काम करने के तौर तरीके पर शराब के सेवन के दीर्घकालिक प्रभाव को समझने की कोशिश की। इनमें अमेरिका के मिशिगन विश्वविद्यालय के शोधार्थी भी शामिल थे। ये निष्कर्ष द जर्नल ऑफ द अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन (जेएएमए) नेटवर्क ओपन में प्रकाशित हुए हैं। अध्ययन में, शोधार्थियों ने इस विकार से पीड़ित 584 वयस्कों को शामिल किया। शोध में शामिल लोगों की शराब की लत का आकलन अल्कोहल यूज डिसऑर्डर आईडेंटिफिकेशन टेस्ट के जरिए किया गया। इसके तहत, ऐसे लोगों की जांच के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा मंजूरी प्राप्त प्रश्नावली होती है जिन्हें शराब का सेवन करने से परेशानी होती है या नुकसान होता है। शोधार्थियों ने पाया कि सामान्य मात्रा से अधिक शराब पीने से व्यक्ति अवसादग्रस्त हो जाता है और मिजाज एवं भावनाओं में बदलाव आता है।

# शपथ ग्रहण में शामिल होना सम्मान की बात : मुइज्जू

माले, एजेंसी

- पदभार संभालने के बाद भारत की पहली आधिकारिक यात्रा होगी
- भारतीय उच्चायुक्त ने शिष्टाचार भेंट में सौंपा था आमंत्रण पत्र

मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होना उनके लिए सम्मान की बात होगा और इस ऐतिहासिक अवसर पर भारत की उनकी यात्रा से परिलक्षित होगा कि द्विपक्षीय संबंध सकारात्मक दिशा में बढ़ रहे हैं। नयी दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी के शपथग्रहण समारोह में शामिल होने का निमंत्रण स्वीकार करने के बाद मुइज्जू की यह टिप्पणी आई।



मुइज्जू के कार्यालय ने एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति मुइज्जू ने प्रधानमंत्री मोदी और भारत सरकार की मंत्रिपरिषद के शपथग्रहण समारोह में शामिल होने का निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। पिछले साल 17 नवंबर को पदभार संभालने के बाद यह चीन समर्थक राष्ट्रपति की भारत की पहली आधिकारिक यात्रा होगी। मुइज्जू के पूर्ववर्ती राष्ट्रपतियों ने पद संभालने के बाद सबसे पहले नयी दिल्ली की यात्रा की थी, लेकिन इसके विपरीत मुइज्जू ने सबसे पहले तुर्किये और चीन की राजकीय यात्रा की थी।

## उत्साहवर्धन



शनिवार को वेटिकन के पॉल VI हॉल में विभिन्न देशों के गायकों के सदस्यों के साथ दर्शकों के बीच पोप फ्रांसिस ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। • एजेंसी

## एक नजर

### यूक्रेन की पूर्व प्रधानमंत्री रूस की वांछितों में

**मॉस्को।** रूस ने यूक्रेन की पूर्व प्रधानमंत्री यूलिया तिमोशेंको का नाम अपनी वांछित सूची में शामिल किया है। सरकारी मीडिया ने गृह मंत्रालय से मिली सूचना के आधार पर यह जानकारी दी। रूसी समाचार एजेंसी तास ने कहा कि तिमोशेंको को अनिर्दिष्ट आपराधिक आरोपों में वांछित के रूप में सूचीबद्ध किया है। इस सूची में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और उनके पूर्ववर्ती पेट्रो पोरोशेंको तथा यूक्रेन और नाटो देशों के कई अधिकारी और सांसद शामिल हैं।

### एडीएफ विद्रोहियों ने की 50 नागरिकों की हत्या

**किंशासा।** पूर्वी डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआरसी) में हाल ही में एलाइड डेमोक्रेटिक फोर्सेज (एडीएफ) विद्रोहियों के कारण हुए घातक हमलों में कम से कम 50 नागरिकों की मौत हो गई। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने अधिकारियों के हवाले से शनिवार को दी। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, एडीएफ ने उत्तरी किवु प्रांत के बेनी क्षेत्र में पूरी रात दो हमले किए, जिसमें मंगलवार और शुक्रवार को कम से कम 50 नागरिक मारे गए।

### कराची में रासायनिक विस्फोट, एक की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिणी बंदरगाह शहर कराची में शनिवार को एक रासायनिक टैंकर में हुए विस्फोट में एक व्यक्ति की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। यह जानकारी पुलिस ने दी। स्थानीय पुलिस ने मीडिया से कहा कि यह विस्फोट तब हुआ जब खड़े टैंकर में कुछ वेल्डिंग का काम चल रहा था। विस्फोट के प्रभाव से आसपास के इमारतों की खिड़कियां टूट गईं और पास में खड़े एक अन्य टैंकर को भी आंशिक रूप से नुकसान पहुंचा है।

### डेनमार्क की प्रधानमंत्री फ्रेडरिक्सन पर हमला

**कोपेनहेगन (डेनमार्क)।** कोपेनहेगन में एक व्यक्ति ने डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन पर शुक्रवार को हमला कर दिया।



स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी। पुलिस ने पुष्टि की कि शुक्रवार को प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन के साथ एक घटना हुई है और एक 39 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। उसे शनिवार को सुनवाई पूर्व हिरासत के लिये कोपेनहेगन जिला अदालत में पेश किया जाएगा।

# इजराइल ने हमास के चंगुल से चार बंधकों को छुड़ाया

## सात अक्टूबर को किए गए हमले के दौरान कर लिया गया था अपहरण

यरूशलम, एजेंसी

- बंधकों को नुसीरात के मध्य में स्थित दो अलग-अलग स्थानों से बचाया गया
- 130 से अधिक बंधक अभी भी बचे हैं, जिनमें से लगभग एक चौथाई को मृत माना जा रहा

इजराइल ने शनिवार को कहा कि उसने हमास के चंगुल से चार बंधकों को छुड़ा लिया है, जिनका फलस्तीनी चरमपंथी संगठन हमास ने सात अक्टूबर को किए गए हमले के दौरान अपहरण कर लिया था। इसके साथ ही मध्य गाजा में भीषण लड़ाई में बच्चों सहित कम से कम 94 फलस्तीनी मारे गए। सेना ने कहा कि उसने नुसीरात में एक जटिल अभियान में नोआ अर्गामानी (25), अल्मोग मीर (21), एंड्री कोज़लोव (27) और श्लोमी जिव (40) को बचा लिया। इसने कहा कि बंधकों को नुसीरात के मध्य में स्थित दो अलग-अलग स्थानों से बचाया गया।

गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, मध्य गाजा में भारी लड़ाई हुई, जहां बंधकों को बचाया गया तथा शनिवार को हुए कई हमलों में बच्चों सहित कम से कम 94 लोग मारे गए। मध्य गाजा स्थित एक अस्पताल के अधिकारी खलील देगरान ने बताया कि गाजा में उस जगह पर भीषण लड़ाई जारी है, जहां से इजराइली सेना ने शनिवार सुबह चार बंधकों को रिहा कराया। उन्होंने कहा कि डेर अल बलाह स्थित अल-अक्सा अस्पताल में लगभग 100 फलस्तीनियों के शव लाए गए और 100 से अधिक घायल भी लाए गए।

इजराइल का कहना है कि 130 से अधिक बंधक अभी भी बचे हैं जिनमें से लगभग एक चौथाई को मृत माना जा रहा है। बंधकों की वापसी के मुद्दे पर इजराइल में लोगों में रोष गहराता जा रहा है। युद्ध शुरू होने के बाद से अभियान के दौरान जीवित बचाए गए कुल बंधकों की संख्या सात हो गई है।

नवंबर में एक सप्ताह के संघर्षविराम के दौरान बंधकों में से लगभग आधे लोगों को रिहा कर दिया गया था। इजराइली सेना ने कहा कि जिन चार बंधकों को छुड़ाया गया उन्हें हेलीकॉप्टर से चिकित्सीय जांच के लिए ले जाया गया और वे 246 दिन तक अपहर्ताओं के चंगुल में रहने के बाद अपने प्रियजनों से मिल पाए।




### नागरिकों के बंधक बनाए जाने के बाद शुरू हुआ था युद्ध

हमास ने सात अक्टूबर को दक्षिणी इजराइल पर अचानक हमला कर लगभग 1200 लोगों की हत्या कर दी थी और 250 लोगों का अपहरण कर लिया था। इसके बाद इजराइल-हमास के बीच युद्ध शुरू हो गया।

# पूर्व अंतरिक्ष यात्री एंडर्स की विमान दुर्घटना में मौत

**सिएटल, एजेंसी।** सेवानिवृत्त मेजर जनरल एवं अपोलो 8 के पूर्व अंतरिक्ष यात्री विलियम एंडर्स की शुक्रवार को एक विमान दुर्घटना में मौत हो गई। वह 90वर्ष के थे। एंडर्स विमान को अकेले उड़ा रहे थे और विमान वाशिंगटन के सैन जुआन द्वीप के पास पानी में गिर गया। उनके बेटे और वायुसेना में लेफ्टिनेंट कर्नल रहे ग्रेग एंडर्स ने एसोसिएटेड प्रेस से उनके निधन की पुष्टि की।



विलियम एंडर्स ने 1968 में प्रतिष्ठित अर्थराइज तस्वीर खींची थी। अर्थराइज पृथ्वी और चंद्रमा की सतह के एक हिस्से की तस्वीर है जो एंडर्स ने चंद्र की कक्षा से ली थी। उनके बेटे ग्रेग एंडर्स ने कहा, परिवार बहुत दुखी है। वह कुशल विमान चालक थे और हमें उनकी बहुत याद आएगी। विलियम एंडर्स ने कहा था कि यह फोटो (अर्थराइज) अंतरिक्ष कार्यक्रम में उनका सबसे महत्वपूर्ण योगदान है। एंडर्स द्वारा अंतरिक्ष से ली गई पृथ्वी की पहली रंगीन तस्वीर आधुनिक इतिहास की सबसे महत्वपूर्ण तस्वीरों में से एक है।

# चेरुकुरी रामोजी राव का निधन

हैदराबाद, एजेंसी

ईनाडु समूह के अध्यक्ष चेरुकुरी रामोजी राव का शनिवार तड़के यहां एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 88 वर्ष के थे। अस्पताल के सूत्रों ने बताया कि राव को सांस लेने में तकलीफ के चलते पांच जून को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सूत्रों ने बताया कि इलाज के दौरान शनिवार को तड़के 04.50 बजे उनका निधन हो गया। सूत्रों ने बताया कि उनके पार्थिव शरीर को रामोजी फिल्म सिटी स्थित उनके आवास पर ले जाया जाएगा, जहां परिवार, मित्र और प्रशंसक उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।



### कृषक परिवार में जन्मे थे रामोजी

आंध्र प्रदेश के कृष्णा जिले के पेदापरुपुडी में एक कृषक परिवार में जन्मे रामोजी के स्वामित्व वाली कंपनियों में मार्गदर्शी चिट फंड, ईनाडु अखबार, ईटीवी नेटवर्क शामिल हैं। राव के छोटे पुत्र चेरुकुरी सुमन की 07 सितंबर, 2012 को ल्यूकेमिया से मृत्यु हो गई थी। राव रामोजी समूह के प्रमुख थे, जो दुनिया की सबसे बड़ी फिल्म निर्माण केंद्र रामोजी फिल्म सिटी, ईनाडु अखबार, टीवी चैनलों के ईटीवी नेटवर्क और फिल्म निर्माण कंपनी उषा किरण मूवीज के मालिक थे। उनके अन्य व्यावसायिक उपक्रमों में मार्गदर्शी चिट फंड, डॉल्फिन ग्रुप ऑफ़ होटल्स, कलंजलि शॉपिंग मॉल, प्रिया अचार और मयूरी फिल्म डिस्ट्रीब्यूटर्स शामिल हैं। उन्होंने तेलुगु सिनेमा में अभिनय के लिए चार फिल्मफेयर पुरस्कार, पांच नंदी पुरस्कार और राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार प्राप्त किए थे। वर्ष 2016 में पत्रकारिता, साहित्य और शिक्षा में उनके योगदान को देखते हुए उन्हें भारत के दूसरे सबसे बड़े नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था।

### राजकीय सम्मान से अंतिम संस्कार आज

ईनाडु मीडिया समूह के अध्यक्ष एवं रामोजी फिल्म सिटी के संस्थापक रामोजी राव का अंतिम संस्कार रविवार को रामोजी फिल्म सिटी के पास राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने अधिकारियों को राव का अंतिम संस्कार राजकीय सम्मान के साथ करने का निर्देश दिया।

### द्रौपदी मुर्मू और मोदी ने जताया शोक

"उनके योगदान को लंबे समय तक याद रखा जाएगा। रामोजी राव के निधन से भारत ने मीडिया और मनोरंजन जगत के एक दिग्गज व्यक्ति को खो दिया। – **द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति**

"रामोजी राव के समृद्ध योगदान ने पत्रकारिता और फिल्म जगत में अमिट छाप छोड़ी है। अपने उल्लेखनीय प्रयासों के माध्यम से उन्होंने मीडिया और मनोरंजन जगत में नवाचार और उत्कृष्टता के नए मानक स्थापित किए। मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे उनसे बातचीत करने और उनके ज्ञान से लाभ उठाने के कई अवसर मिले। – **नरेंद्र मोदी**

### इन हस्तियों ने भी किया याद

कांग्रेस नेता राहुल गांधी, पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू, तेलुगु देशम पार्टी के प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एवं द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के अध्यक्ष एम के स्टालिन, केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन, झारखंड के राज्यपाल सी पी राधाकृष्णन, झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं तेलंगाना प्रदेश भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जी किशन रेड्डी, लोकसत्ता के संस्थापक एवं अध्यक्ष जयप्रकाश नारायण रजनीकांत, चिरंजीवी, अल्लू अर्जुन, राम चरण और जूनियर एनटीआर समेत सिनेमा जगत की कई हस्तियों ने याद किया।

# बराबरी के आधार पर भारत के साथ दोस्ती का आह्वान

लाहौर, एजेंसी

- पूर्व पाकिस्तानी सूचना मंत्री फवाद चौधरी बोले- यह उपयुक्त समय

ऐतिहासिक तीसरे कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह से एक दिन पहले पूर्व पाकिस्तानी सूचना मंत्री फवाद चौधरी ने शनिवार को कहा कि पुराने प्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान के बीच बराबरी के आधार पर दोस्ती के लिए यह बिल्कुल उपयुक्त समय है।



जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के कभी करीबी रहे चौधरी ने कहा, खान और पूर्व सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा भारत में दोस्त बनाने के पक्ष में थे। वर्ष 2023 में खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ को छोड़ चुके 48 वर्षीय चौधरी यहां नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पॉलिटिकल एजुकेशन द्वारा आयोजित भारतीय चुनाव एवं दक्षिण एशिया पर उसके प्रभाव विषयक संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारतीय पंजाब यहां से महज कुछ किलोमीटर दूर है लेकिन पाकिस्तानियों को वहां जाने के लिए दुबई से उड़ान लेनी होती है। उन्होंने कहा, दोनों देशों के बीच कोई वीजा नहीं होनी चाहिए। अब समय आ गया है कि दोनों चिर प्रतिद्वंद्वियों को बराबरी के आधार पर दोस्ती की चर्चा करने की जरूरत है।

# मोदी पूरे दक्षिण एशिया के लिए बेहतर

वाशिंगटन, एजेंसी

- पाकिस्तानी-अमेरिकी व्यवसायी साजिद तरार ने एक साक्षात्कार के दौरान की तारीफ
- कहा- मोदी पर इस्लाम विरोधी और पाकिस्तान विरोधी होने के आरोप राजनीति से प्रेरित

पाकिस्तानी मूल के एक अमेरिकी व्यवसायी ने दुनिया की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक प्रक्रिया के शांतिपूर्ण और सफल संचालन पर भारत के लोगों को बधाई दी और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सिर्फ भारत में ही नहीं बल्कि पूरे दक्षिण एशिया क्षेत्र में स्थिरता की गारंटी हैं।



पाकिस्तानी-अमेरिकी व्यवसायी साजिद तरार ने एक एजेंसी को दिए एक साक्षात्कार में कहा, मैंने हमेशा कहा है कि भविष्य में भारत की स्थिरता के लिए मोदी का नेतृत्व आवश्यक है जो कई दलों को आने और संविधान को अस्थिर करने से रोकेगा। मोदी का नेतृत्व भारत की स्थिरता और भारत के भविष्य की गारंटी है। उन्होंने कहा कि मोदी के तीसरी बार सत्ता में आने से पाकिस्तान के लोगों को उम्मीद है कि भारत के साथ उनके रिश्ते बेहतर होंगे। एक सवाल के जवाब में तरार ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि अभी तक उनकी ओर से कोई बधाई संदेश नहीं आना निराशाजनक है। उन्होंने कहा, मोदी न केवल भारत के लिए अच्छे हैं, बल्कि वह पाकिस्तान के लिए भी अच्छे हैं। उन पर इस्लाम और पाकिस्तान विरोधी होने के आरोप राजनीति से प्रेरित हैं।

### बुशरा बीबी ने सजा निलंबन के लिए याचिका दायर की

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान की पत्नी बुशरा बीबी ने शनिवार को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर फर्जी विवाह मामले में सजा निलंबित करने और बाद में उन्हें रिहा करने का अनुरोध किया है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को इद्दत मामले नाम से चर्चित एक मामले में दोषी ठहराया गया था। उन्होंने इद्दत काल में कथित रूप से शादी की थी।

# रूस के कब्जे वाले यूक्रेनी क्षेत्रों में हमलों में 27 की मौत

कीव, एजेंसी

- यूक्रेन में आंशिक कब्जे वाले खेरसोन क्षेत्र के छोटे शहर साडोव में हुआ हमला
- फ्रांस निर्मित बम गिराए और अमेरिका से मिली हिमारस मिसाइल दागी गई

रूस के आंशिक कब्जे वाले खेरसोन और लुहांस्क जैसे क्षेत्रों में यूक्रेन के हमले में कम से कम 27 लोगों की जान चली गयी। इन क्षेत्रों में रूस द्वारा नियुक्त किये गये अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उनके अनुसार, दोनों देशों की सेनाओं ने बीती रात एक दूसरे पर ड्रोन दागे। मास्को (रूस) समर्थित गवर्नर व्लादिमीर साल्डो ने बताया कि यूक्रेन में आंशिक कब्जे वाले खेरसोन क्षेत्र के छोटे शहर साडोव में शुक्रवार को यूक्रेन के हमले में 27 लोगों की मौत हो गयी, जबकि 15 घायल हो गये।

रूस की सरकारी समाचार एजेंसी तास के अनुसार, साल्डो ने कहा कि शहर पर यूक्रेनी सैन्य बलों ने पहले फ्रांस निर्मित बम गिराये और फिर अमेरिका से मिली हिमारस मिसाइल दागी। यूक्रेन में ही (रूस के) आंशिक कब्जे वाले लुहांस्क क्षेत्र में रूसी गवर्नर पासेचनिक ने शनिवार को बताया कि इस क्षेत्र की राजधानी लुहांस्क (लुहांस्क की राजधानी का नाम भी लुहांस्क है) में शुक्रवार को यूक्रेन के मिसाइल हमले के बाद मलबे से दो और शव निकाले गये और इस तरह मृतकों की संख्या बढ़कर पांच हो गयी।

# बॉलीवुड हलचल

## हॉरर कॉमेडी फिल्म में नजर आयेंगे संजय दत्त

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता संजय दत्त हॉरर कॉमेडी फिल्म में काम करते नजर आयेंगे। संजय दत्त अपनी अगली फिल्म द वर्जिन ट्री में न केवल अभिनय, बल्कि इसका सहनिर्माण भी कर रहे हैं। इस फिल्म में वह घोस्टबस्टर यानी भूत पकड़ने वाले बने हैं। फिल्म की घोषणा साल 2022 में ही हुई थी, लेकिन फिर इसे लेकर खास जानकारियां सामने नहीं आई थी। अब फिल्म के निर्माता दीपक मुकुट ने फिल्म के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि हॉरर कॉमेडी होने के साथ ही फिल्म म्यूजिकल भी है। आजकल हॉरर जॉनर काफी पसंद किया जा रहा है। कुछ वर्षों पहले मैंने ही संजय को एक म्यूजिक वीडियो के लिए अप्रोच किया था। उनके पास इस फिल्म कहानी थी। उन्होंने मुझे कहानी सुनाई और हम इससे जुड़ गए। हमने स्क्रिप्ट और कास्ट को फाइनल कर लिया। सिद्धांत सचदेव फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। दीपक मुकुट ने बताया संजय फिल्म में घोस्टबस्टर जरूर बने हैं, लेकिन उनके पास तरह-तरह के गैजेट्स यानी यंत्र होंगे, जिससे वह आत्माओं और भूत-प्रेत को ढूढेंगे और पकड़ेंगे। फिल्म की कहानी एक पेड़ के इर्द-गिर्द घूमेगी, जिसमें सुपरनेचुरल शक्तियां होंगी।

## बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी 49 वर्ष की हुईं



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी आज 49 वर्ष की हो गयी। 08 जून 1975 को कर्नाटक के मैंगलोर में जन्मी शिल्पा ने अपने करियर की शुरूआत वर्ष 1991 में महज 16 वर्ष की उम्र में लिम्का के विज्ञापन से की। शिल्पा ने बतौर अभिनेत्री अपने करियर की शुरूआत वर्ष 1993 में प्रदर्शित फिल्म बाजीगर से की। इस फिल्म में शिल्पा ने शाहरूख खान की प्रेयसी की भूमिका निभाई थी। शिल्पा ने अपने सिने करियर में उस दौर के सभी दिग्गज कलाकार अमिताभ बच्चन, अक्षय कुमार, सलमान खान और गोविंदा के साथ काम किया है। वर्ष 2009 में शिल्पा ने जानेमाने उद्योगपति राज कुंद्रा के साथ विवाह कर लिया।शिल्पा ने वर्ष 2014 प्रदर्शित फिल्म ढिसकियाऊ से बतौर निर्माता अपने करियर की शुरूआत की लेकिन यह फिल्म टिकट खिड़की पर कोई खास कमाल नहीं दिखा सकी।

## सन्नी देओल ने शेयर किया अपना शर्टलेस लुक

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के माचो हीरो सन्नी देओल ने सोशल मीडिया पर अपना शर्टलेस लुक शेयर किया है। सन्नी देओल इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म लाहौर 1947 को लेकर चर्चा में हैं। फिलहाल फैंस उनकी इस फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसी बीच सन्नी देओल ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उनका गजब का ट्रांसफॉर्मेशन देखने को मिल रहा है। सन्नी देओल शर्टलेस नजर आ रहे हैं और सनग्लासेज में उनका लुक काफी शानदार लग रहा है। सन्नी ने अपने इस लुक की कई झलकियां वीडियो में दिखाई है। इसमें उनका चेहरा भी काफी बदला हुआ दिख रहा है। सन्नी देओल ने अपने इस वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है, हिंदुस्तान जिंदाबाद था, जिंदाबाद है और जिंदाबाद रहेगा।

# हमारे गठबंधन की गति से यूरोप प्रभावितः राजदूत

**सोफिया (बुल्गारिया)।** बुल्गारिया में भारतीय राजदूत संजय राणा ने कहा है कि भारत में चुनाव के मतदान प्रतिशत और गठबंधन बनाने की गति ने बुल्गारिया जैसे यूरोपीय देशों को प्रभावित किया है। बुल्गारिया में इस सप्ताहांत में मतदान प्रक्रिया समाप्त हो रही है जिसमें मतदाता यूरोपीय संसद (एमईपी) के सदस्यों और अपनी नेशनल असेंबली (एमपी) के सदस्यों का चुनाव करेंगे।

रविवार को बुल्गारिया में होने वाले चुनावों से पहले एक साक्षात्कार में भारतीय राजदूत संजय राणा ने आशा व्यक्त की कि परिणाम से द्विपक्षीय सहयोग बढ़ेगा। कहा, कई यूरोपीय देशों की तरह बुल्गारिया भी चुनावों में कम मतदान की समस्या का सामना कर रहा है और वे सभी भारतीय चुनावों में अच्छी संख्या में हुए मतदान के लिए मुझे बधाई देते हैं।

# परिवार के रिसॉर्ट का अवैध हिस्सा ढहाया

सातारा, एजेंसी

### पुणे पोर्श हादसा

- महाबलेश्वर के मलकम पेठ क्षेत्र में परिवार के स्वामित्व वाले एमपीजी क्लब में हुई कार्रवाई

महाराष्ट्र के सातारा जिले में प्रशासन ने शनिवार को महाबलेश्वर में उस रिसॉर्ट में अवैध निर्माण को ढहा दिया, जिसका स्वामित्व पुणे पोर्श दुर्घटना में कथित रूप से शामिल किशोर के परिवार के पास है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिला अधिकारियों ने महाबलेश्वर के मलकम पेठ क्षेत्र में परिवार के स्वामित्व वाले एमपीजी क्लब में अनधिकृत निर्माण को बुलडोजर से गिरा दिया।

पुणे के कल्याणी नगर में 19 मई को एक पोर्श कार ने मोटरसाइकिल सवार दो सॉफ्टवेयर इंजीनियर को कथित रूप से टक्कर मार दी थी जिससे दोनों की मौत हो गयी थी। पुलिस ने दावा किया है कि यह किशोर नशे की हालत में कार चला रहा था। यह दुर्घटना तब सुर्खियों में आई, जब किशोर को बचाने के लिए काफी प्रयास किए गए। फलस्वरूप उसके पिता और दादा सहित कई लोगों को गिरफ्तार किया गया था। प्रशासन की बुलडोजर कार्रवाई ऐसे समय में हुई है जब कुछ दिन पहले ही मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सातारा के जिलाधिकारी जितेंद्र डूडी को आदेश दिया था कि अगर रिसॉर्ट अवैध पाया जाता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए। अधिकारी ने बताया कि प्रशासन ने पिछले सप्ताह इस रिसॉर्ट को सील कर दिया था।

# कनाडा में हिंसा का प्रोत्साहन अस्वीकार्यः मंत्री

**ओटावा।** वैंकूवर में खालिस्तानी समर्थकों द्वारा इंदिरा गांधी की हत्या को दर्शाने वाले पोस्टर कथित रूप से चिपकाये जाने के बाद एक मंत्री ने कहा है कि कनाडा में हिंसा को प्रोत्साहन दिया जाना कभी स्वीकार नहीं किया जा सकता है। भारतीय मूल के एक कनाडाई सांसद ने भी इस मुद्दे पर यह कहते हुए चिंता जतायी की कि ऐसा कर खालिस्तानी समर्थक हिंदू कनाडाइयों के मन में हिंसा का डर पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं।

जन सुरक्षा, लोकतांत्रिक संगठन और अंतर-सरकारी विषयक मंत्री डोमनिक ए लेब्लांक ने एक्स पर पोस्ट किया, इस सप्ताह वैंकूवर में भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या को दर्शाने वाले पोस्टर चिपकाये जाने की खबर आयी है। उन्होंने कहा, कनाडा में हिंसा को प्रोत्साहन कभी स्वीकार्य नहीं है।